

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 252 | सोमवार, 26 अक्टूबर 2026 | आश्विन माह, शुक्ल, पूर्णिमा, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया



जमीन से 100 फीट नीचे बनेगा स्टेशन, समुद्र के अंदर 7 KM लंबी सुरंग से दौड़ेगी भारत की पहली बुलेट ट्रेन

जागरण मोर्चा

मुंबई। भारत में हाई स्पीड रेल सेवा शुरू करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। देश की पहली बुलेट ट्रेन मुंबई और अहमदाबाद के बीच चलाई जानी है। पीटीआई न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस परियोजना के तहत रेलवे ट्रैक, पुल, सुरंग और स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने परियोजना की प्रगति से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए बताया कि 508 किलोमीटर लंबे हाई स्पीड रेल कॉरिडोर पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य 2027 की आखिरी तिमाही में पहली ट्रेन सेवा शुरू करना है।

मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (BKC) में बुलेट ट्रेन का एक खास भूमिगत स्टेशन बनाया जा रहा है। इसकी खुदाई जमीन से लगभग 32 मीटर यानी करीब 100 फीट नीचे की जा रही है। इतनी गहराई में स्टेशन का निर्माण इस परियोजना की सबसे खास इंजीनियरिंग उपलब्धियों में से एक माना जा रहा है। योजना के मुताबिक, स्टेशन में प्लेटफॉर्म, यात्रियों के लिए कॉन्कोर्स और अन्य जरूरी सेवाओं के लिए अलग-अलग स्तर बनाए जाएंगे। यहां छह प्लेटफॉर्म प्रस्तावित हैं और प्रत्येक की लंबाई 400 मीटर से अधिक होगी। मुंबई के व्यस्त कारोबारी इलाके में इस स्टेशन का निर्माण हाई स्पीड रेल नेटवर्क को शहर से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

इस परियोजना का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा महाराष्ट्र में बन रही रेल सुरंग है। लगभग 21 किलोमीटर लंबे सुरंग खंड में से करीब 7 किलोमीटर हिस्सा ठाणे क्रीक के नीचे बनाया जा रहा है। इसके पूरा होने पर बुलेट ट्रेन समुद्र के नीचे बनी सुरंग से होकर गुजरेगी। रेल मंत्री की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार, सुरंग निर्माण के लिए भारी-भरकम टनल बोरिंग मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये मशीनें जमीन और चट्टानों के भीतर खुदाई करके सुरंग तैयार करती हैं। समुद्र के नीचे रेल सुरंग का निर्माण परियोजना के सबसे चुनौतीपूर्ण कार्यों में शामिल है। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर को अधिकतम 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलाने के हिसाब से तैयार किया जा रहा है। इससे दोनों प्रमुख शहरों के बीच यात्रा का समय कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है। जबकि, वास्तविक यात्रा समय ट्रेन के परिचालन कार्यक्रम, स्टॉपेज और सेवा शुरू होने के बाद तय व्यवस्था पर निर्भर करेगा। फिलहाल परियोजना के अलग-अलग हिस्सों में ट्रैक, स्टेशन, सुरंग और अन्य रेल सुविधाओं का निर्माण जारी है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर कुल 12 प्रमुख स्टेशन प्रस्तावित हैं। इनमें मुंबई का बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। यह कॉरिडोर महाराष्ट्र और गुजरात के प्रमुख शहरों को जोड़ेगा तथा केंद्रशासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव के क्षेत्र से भी होकर गुजरेगा। परियोजना के पूरा होने पर यात्रियों को इन शहरों के बीच तेज रेल कनेक्टिविटी का विकल्प मिलने की उम्मीद है।

एक नजर



दिवाली से पहले धड़ाम हुआ सोना-चांदी

नई दिल्ली। धनतेरस और दिवाली से पहले आभूषण खरीदारों और निवेशकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। घरेलू सर्राफा बाजार और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) दोनों पर सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। महज चार दिनों के भीतर चांदी करीब 16 हजार रुपये प्रति किलोग्राम से ज्यादा टूट गई, वहीं सोने की कीमतों में भी भारी नरमी देखने को मिली है। एसोसिएशन (IBJA) के आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू बाजार में 16 अक्टूबर को चांदी 2,10,918 प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी, जो बीते शुक्रवार को गिरकर 1,94,415 प्रति किलोग्राम पर आ गई। यानी सिर्फ चार दिनों में इसमें 16,503 प्रति किलो की भारी गिरावट दर्ज हुई।

ED का नारको-हवाला नेटवर्क पर एक्शन, 1400 से ज्यादा अकाउंट फ्रीज

नई दिल्ली। ED ने मिजोरम और मणिपुर में सक्रिय कथित सीमा-पार नार्को-हवाला नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 1,424 बैंक खातों को फ्रीज कर 17.82 करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं। इस कार्रवाई के बाद मामले में अब तक जब्त कुल संपत्तियों का मूल्य 26 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। PMLA के तहत 23 अक्टूबर को ED के आइजोल और इंफाल सब-जोनल कार्यालयों ने मिजोरम के आइजोल, चम्फाई और लॉगत्लाई तथा मणिपुर के चुराचांदपुर में एक साथ छापेमारी की। यह अभियान नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और मिजोरम पुलिस के सहयोग से चलाया गया। ड्रग्स तस्करी और हवाला नेटवर्क का खुलासा: जांच में ऐसे नेटवर्क की जानकारी सामने आई है, जिस पर म्यांमार से हेरोइन, ब्राउन शुगर और मेथामफेटामाइन टैबलेट की तस्करी करने तथा उससे होने वाली कमाई को पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न बैंक खातों और मनी ट्रांसफर चैनलों के जरिए खपाने का आरोप है।

टैरिफ माफी के बावजूद अमेरिका और भारत संबंध में अनबन बरकरार

जागरण मोर्चा



वॉशिंगटन/नई दिल्ली: डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ रिश्ते में आए तनाव को थोड़ा कम करते हुए रूसी तेल खरीदने के लिए 100 फीसदी लगाने वाले बिल को अमल में लाने से फिलहाल मना कर दिया है। 'लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' के तहत उन देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाना था जो रूसी तेल खरीदते हैं। इसकी जद में सबसे ज्यादा भारत का आना था और अगर ऐसा होता तो दोनों देशों के संबंध रसातल में चले जाते। हालांकि ट्रंप ने भारत को राहत जरूर दी लेकिन ऐसा नहीं है कि इससे दोनों देशों के संबंध पटरी पर लौट आए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों और नीतियों में लगातार अनिश्चितता बनी हुई है। वो अनाप-शनाप बयानबाजी करते हैं। टैरिफ, इंटरनेशनल ट्रेड एग्रीमेंट्स और टैक्स को लेकर उनके बदलते रुख की वजह से भारत के लिए लंबे वक्त के लिए आर्थिक और व्यापारिक प्लानिंग करना मुश्किल हो रहा है हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है लेकिन भारतीय अधिकारियों के मन में ट्रंप को लेकर अविश्वास गहरा गया है।अमेरिका का पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व के साथ लगातार संवाद रखना और उसे क्षेत्रीय मध्यस्थ के रूप में देखना भारत के लिए चिंता का विषय है। इसके अलावा मई 2025 के भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि उन्होंने 250% टैरिफ की धमकी देकर युद्ध रुकवाया था दोनों देशों के बीच बड़े तनाव और असहजता की वजह है। ट्रंप सौ बार से ज्यादा मध्यस्थता की बात कर चुके हैं। जबकि भारत ने हमेशा से साफ किया है कि सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला दोनों सेनाओं की आपसी बातचीत से हुआ था जिसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं थी। भले ही वाइट हाउस ने रूस और ईरान से जुड़े प्रतिबंधात्मक कानूनों के तहत अतिरिक्त शुल्कों पर फौरी छूट दे दी है लेकिन ट्रंप प्रशासन और अमेरिकी अधिकारियों की तरफ से भारत की स्वतंत्र व्यापार नीतियों, रूस से तेल की खरीद और क्षेत्रीय मामलों पर खुलेआम बयानबाजी करने पर भारत की कड़ी आपत्ति रही है।

भारत के लिए इंडो-पैसिफिक रणनीति तैयार करने में परेशानी

अमेरिका के साथ इन मतभेदों के चलते रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत करने के प्रयासों में मुश्किलें आ गई है। हालांकि दोनों देशों के बीच कई साझा हित हैं लेकिन व्यापार, रूस और पाकिस्तान से जुड़े मुद्दों पर असहमति उनके संबंधों की लगातार परीक्षा ले रही है। सूत्रों के मुताबिक टैरिफ में छूट मिलने से तनाव बढ़ने के एक संभावित कारण से तो तुरंत राहत मिल गई है लेकिन यह अभी भी साफ नहीं है कि भविष्य की बातचीत में वाशिंगटन आर्थिक दबाव का इस्तेमाल कैसे करेगा।

'वोट चोरी हम चुपचाप नहीं सहेंगे', राहुल गांधी की 1 नवंबर को दिल्ली में महारैली

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली: कांग्रेस की प्रस्तावित महारैली को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली 'वोट बचाओ-देश बचाओ जन मार्च और महारैली' में शामिल होने के लिए छात्रों, युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और व्यापारियों से अपील की है। वहीं, त्योहारों के दौरान कारोबार प्रभावित होने की आशंका जताते हुए दिल्ली के व्यापारियों और 1984 के सिख-विरोधी दंगों के पीड़ितों ने रैली पर आपत्ति जताई है।

राहुल गांधी ने रविवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ियों और प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने लिखा, "हमारा वोट चुराया जा रहा है और ये हम किसी हाल में चुपचाप नहीं सहेंगे। मतदाता सूचियों से नाम काटे गए। नियम-कानून तोड़े गए। और सवाल पूछने वालों पर लाठियां चलीं। अब जवाब देश देगा।

कांग्रेस सांसद ने अपनी पोस्ट में 1 नवंबर के कार्यक्रम का ऐलान करते हुए इसे 'वोट बचाओ-देश बचाओ जन मार्च और महारैली' बताया। उन्होंने छात्रों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, नौजवानों और व्यापारियों समेत लोकतंत्र की चिंता करने वाले सभी लोगों से दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया। वोट बचाओ - देश बचाओ जन मार्च और महारैली। छात्र, किसान, मजदूर, महिलाएं, नौजवान और व्यापारी, जिस-जिस को लोकतंत्र की फिक्र है, वो जरूर आए। वोट आपका है। लड़ाई भी आपकी है।

राहुल गांधी ने रैली के प्रचार को लेकर भाजपा और उसके सहयोगियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने 'एक्स' पर तंज कसते हुए लिखा, "भाजपा और उसके साथियों का दिल से धन्यवाद, जो इस कार्यक्रम का इतना जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं और इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं।

बस अगले 7 दिन भी यही जोश और लगन बनाए रखिए। राहुल गांधी की रैली ऐसे समय प्रस्तावित है, जब दिल्ली के व्यापारी त्योहारों के मद्देनजर इसे टालने की मांग कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि नवंबर के पहले सप्ताह में धनतेरस और दीपावली की खरीदारी शुरू हो जाएगी। इस दौरान त्योहारों से जुड़े कारोबार का अनुमानित आकार करीब 25 हजार करोड़ रुपये बताया गया है।

'पीएम मोदी कहीं नहीं जाएंगे' सुन बिगड़े मल्लिकार्जुन खरगे के बोल

जागरण मोर्चा



पटना: बिहार की राजधानी पटना में बिहार केसरी डॉ श्री कृष्ण सिंह की 139वीं जयंती समारोह के दौरान उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब मंच से संबोधित कर रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के भाषण के बीच अचानक हंगामा शुरू हो गया। कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में बात कहे जाने पर भड़के खरगे ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। इसके अलावा खरगे ने केंद्र सरकार, भाजपा और आरएसएस के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कई राज्यों के चुनाव परिणामों पर गंभीर सवाल उठाए और इस लड़ाई को आजादी की दूसरी लड़ाई करार दिया। संबोधन के दौरान जब एक व्यक्ति ने कहा कि 'पीएम मोदी कहीं नहीं जाएंगे', तो इस पर आक्रोशित होकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाषा की मर्यादा तोड़ते हुए अमर्यादित टिप्पणी की। उनके इस बयान के बाद कार्यक्रम स्थल पर हड़कंप मच गया और सियासी पारा अचानक चढ़ गया। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उस शख्स को पकड़ लिया जिसने खरगे के भाषण के दौरान डिस्टर्ब किया था। खरगे ने आरोप लगाया कि बंगाल, हरियाणा, बिहार और महाराष्ट्र में 'वोट चोरी' करके सरकारें बनाई गई हैं और ऐसे लोगों को जेल भेजा जाएगा।

'सरकार आने पर होगा हिसाब', कांग्रेस की 200 सीटों वाली मांग के पोस्टर पर अखिलेश यादव को दिखी भाजपा की साजिश

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तारीखों की घोषणा से पहले पोस्टर वार शुरू हो चुका है। राजधानी लखनऊ की सड़कों के किनारे लगे कांग्रेस के 200 पार सीटों के दावे वाले पोस्टरों को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भाजपा की साजिश बता रहे हैं। अखिलेश यादव ने पोस्टरों के बहाने न केवल भाजपा पर निशाना साधा है, बल्कि नगर निकाय अधिकारियों को भी चेतावनी दी है कि उनकी सरकार आने पर वे इन अधिकारियों से पक्का हिसाब करेंगे।

अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''गठबंधन' से भाजपा के पेट में हुआ दर्द, 'नकली पोस्टर' लगा रही, इतना गई डर। उप्र के म्युनिसिपल उच्चाधिकारियों को निलंबित कर देना चाहिए क्योंकि कुछ लोग बिना पैसा जमा किए सरेआम पोस्टर लगवा रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। या तो इसका आधार भ्रष्टाचार है या शासन का दबाव। इन अज्ञात पोस्टरों को जब चोरी-छिपे लगाया जाता है तो स्थानीय राजस्व की हानि भी होती है, क्योंकि ऐसे पोस्टर बिना शुल्क के लगाए जाते हैं। अगर शुल्क का आधिकारिक भुगतान किया गया होता तो उसकी रसीद भी काटनी पड़ती। ऐसे में साजिशकर्ता का नाम सामने आ जाता और वह पकड़ा जाता। राजस्व की इस हानि की भरपाई संबंधित अधिकारियों से करवानी चाहिए और उनके खिलाफ जांच बैठाकर उन्हें निलंबित भी कर देना चाहिए।

देवा मेला शरीफः जहाँ रब और राम एक हैं, यही है असली हिंदुस्तान

जागरण मोर्चा



बाराबंकी। निया जहाँ दीवारों से बंट रही है, वहीं लखनऊ से सटा बाराबंकी का देवा शरीफ सदियों से एक ऐसी डोर से बंधा है जिसे कोई नफ़रत तोड़ नहीं सकी। सूफियाना परंपरा, आपसी मोहब्बत और गंगा-जमुनी तहज़ीब का अलमबरदार 'देवा मेला' एक बार फिर सजने जा रहा है। 27 अक्टूबर से शुरू होकर 5 नवंबर तक चलने वाला यह 10 दिवसीय मेला सिर्फ़ मनोरंजन या ख़रीददारी का ठिकाना नहीं है, बल्कि यह उस साझी विरासत का जश्न है जो बताती है कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है।

देवा मेले की नींव महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता हज़रत सैयद कुर्बान अली शाह (दादा मियाँ) की याद में मनाए जाने वाले उर्स से पड़ी थी। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से शुरू हुई यह परंपरा आज एक विशाल सांस्कृतिक आयोजन का रूप ले चुकी है। साल 1925 में मेले के प्रबंधन की कमान जिला प्रशासन के हाथ में आई, जिसके बाद से जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता वाली 12 सदस्यीय कमेटी इस ऐतिहासिक आयोजन की व्यवस्था संभालती है। हाजी वारिस अली शाह का सीधा और तीखा संदेश था—"जो रब है, वही राम है।" यह सिर्फ़ कहने की बात नहीं थी, बल्कि यहाँ के जर्रे-जर्रे में दिखती है। इतिहास गवाह है कि दरगाह के संगमरमर के खूबसूरत फर्श का निर्माण उनके हिंदू मित्र ठाकुर पंचम सिंह ने करवाया था।

केन्या में भीषण सड़क हादसाः बस-ट्रक की टक्कर में 22 की मौत

जागरण मोर्चा



मकुएनी (केन्या)। केन्या के एक मुख्य राजमार्ग पर बस और ट्रक की टक्कर में 22 लोगों की मौत हो गई। इसी राजमार्ग पर तीन हफ्ते पहले भी एक भीषण हादसा हुआ था, जिसमें 17 लोगों की जान गई थी। आखिर इस सड़क पर बार-बार हादसे क्यों हो रहे हैं?

केन्या के एक मुख्य राजमार्ग पर रविवार को एक बस की ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई। हादसा उसी राजमार्ग पर हुई एक अन्य दुर्घटना के तीन हफ्ते बाद हुआ है। उस दुर्घटना में 17 लोगों की मौत हो गई थी। यह राजमार्ग केन्या की राजधानी नैरोबी को तटीय शहर मोम्बासा से जोड़ता है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह हुए इस हादसे में कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। उनका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय बस में सवार यात्री एक अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे। माकुएनी काउंटी के आयुक्त अब्दुल्लाही खलीफ ने आशंका जताई कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। केन्या में सड़क दुर्घटनाओं के पीछे पहले भी तेज रफ्तार और सड़कों की खराब स्थिति को जिम्मेदार बताया गया है। केन्या के राष्ट्रीय परिवहन और सुरक्षा प्राधिकरण ने बताया कि राजमार्ग का वह हिस्सा, जहां यह हादसा हुआ, दुर्घटनाओं के लिहाज से एक चिह्नित 'ब्लैक स्पॉट' यानी बेहद दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र है।

प्रदूषण अक्टूबर में दिल्ली की हवा इस बार अब तक सबसे अच्छी मापी गई जबकि मुंबई में हवा बेहद खराब हो रही है

दिल्ली से ज्यादा मुंबई की हवा खराब, राजधानी से दोगुना एक्यूआई

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। अक्टूबर के महीने के आखिरी हफ्ते में मौसम तेजी से बदल रहा है। जिससे मुंबई, दिल्ली समेत बड़े शहरों में हवा की गुणवत्ता खराब होने लगी है। लेकिन इस बार एक बड़ा परिवर्तन दिख रहा है। अक्टूबर के महीने में दिल्ली की हवा इस बार अब तक सबसे अच्छी मापी गई है। जबकि इसके उलट मुंबई में हवा बेहद खराब हो रही है। मुंबई का AQI फिलहाल 322 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। जबकि दिल्ली में फिलहाल AQI अभी 167 पर चल रहा है। जो अक्टूबर में हवा का स्तर सबसे बेहतर रहा है। सड़क की धूल, ट्रैफिक और निर्माण कार्यों से होने वाले प्रदूषण के कारण मुंबई की हवा और खराब हो गई है, जिससे शहर में स्मॉग छाया हुआ है।

मुंबई में बिगड़ रही हवा: केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर के इस सप्ताहांत में मुंबई का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 322 तक पहुंच गया है। इसमें सड़क की धूल, वाहनों से निकलने वाला धुआं, औद्योगिक गतिविधियां और निर्माण कार्य सभी का योगदान है। हालांकि प्रशासन ने नए उपायों की घोषणा की है, लेकिन इन उपायों की निगरानी उन्हें लागू करने के तरीकों और शहर की हवा को प्रदूषित करने वाले मुख्य स्रोतों को लेकर अभी भी कई सवाल बने हुए हैं। मुंबई समुद्र के किनारे बसा हुआ है, जिसे लंबे समय से प्रदूषण को दूर करने के लिए एक फायदे के रूप में देखा जाता रहा है। लेकिन अब जब शहर के आसमान पर धुंध छा गई है और अलग-अलग इलाकों में हवा की गुणवत्ता के आंकड़ों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, तो यह साफ है कि शहर के सामने खड़ी समस्या सिर्फ निर्माण कार्यों में आई तेजी तक सीमित नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक 24 अक्टूबर को मुंबई का AQI 322 तक पहुंच गया था, जो बहुत खराब की श्रेणी में आता है। जबकि इसी दिन दिल्ली का AQI 176 दर्ज किया गया था। दोनों शहरों के बीच का यह अंतर काफी चौंकाने वाला था, लेकिन सिर्फ एक दिन के आंकड़ों से यह तय नहीं किया जा सकता कि लंबे समय में किस शहर की हवा ज्यादा खराब है। मुंबई में हाल ही में बढ़ा प्रदूषण असल में वाहनों से निकलने वाले धुएं, मौसम की स्थितियों और प्रदूषण नियंत्रण में मौजूद कमियों के मिले-जुले असर को दिखाता है।

पीएम मोदी के पिता पर टिप्पणी विवादः भाजपा नेताओं पर भड़के पवन खेड़ा

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि बिहार में भाषण के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता ने अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने उत्तराखंड की एक कथित घटना का जिक्र करते हुए भाजपा और संघ पर भी निशाना साधा। खेड़ा ने दावा किया कि यह सब मोदी और शाह के इशारे पर हो रहा है। आखिर बिहार में खरगे के साथ क्या हुआ और कांग्रेस ने इसे इतना गंभीर मुद्दा क्यों बनाया?

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लेकर बिहार में कथित तौर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला अब राजनीतिक विवाद बन गया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इस घटना को लेकर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि खरगे के साथ बार-बार अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। खेड़ा ने दावा किया कि ऐसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश यह सब देख रहा है और जनता इसे माफ नहीं करेगी। नोएडा में पवन खेड़ा ने कहा कि संघ और भाजपा से जुड़े लोगों की ओर से खरगे के प्रति कथित तौर पर अपमानजनक व्यवहार किए जाने की यह दूसरी घटना है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



बरेली देहात 2
लखनऊ, सोमवार, 26 अक्टूबर 2026

पंघैली नदी किनारे आतिशबाजी के बीच धू-धू कर जला रावण का विशाल पुतला

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। नगर के विशाल दशहरा मेला में रावण वध की लीला के साथ विजय और उत्साह का माहौल छा गया। श्री बाल मुकुंद जी महाराज वृंदावन की प्रसिद्ध रामलीला के कलाकारों ने भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का सजीव मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद रामलीला मैदान से सटकर बह रही पंघैली नदी के किनारे रावण के विशाल पुतले का भव्य दहन किया गया। आतिशबाजी की चमक और जय श्रीराम के जयघोष से मेला परिसर गूंज उठा। रामलीला मंचन में लंकापति रावण के अहंकार, अत्याचार और भगवान श्रीराम के साथ हुए निर्णायक





युद्ध का प्रभावशाली चित्रण किया गया। पौराणिक प्रसंग के अनुसार, विभीषण से रावण की नाभि में अमृत होने का रहस्य जानने के बाद प्रभु श्रीराम ने अचूक बाण चलाकर उसका वध किया। रावण के धराशायी होते ही बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीकात्मक दृश्य साकार हो उठा। इसके बाद पंघैली नदी के किनारे रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। पुतले के आग की लपटों में घिरते ही आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा। इस दौरान पूरा मेला क्षेत्र जय श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा। रावण दहन ने लोगों को संदेश दिया कि अहंकार, अन्याय और अधर्म का अंत निश्चित है तथा अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। इस दौरान मेला कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट शिशुपाल सिंह गंगवार, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष तरुण मेहरोत्रा, उप मंत्री राजेंद्र प्रसाद कटियार व संजोग गुप्ता, मेला इंचार्ज शैलेंद्र शर्मा एडवोकेट, मदन मोहन दीक्षित, मेला निरीक्षित चंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रदीप सूरी, ऑडिटर दिलीप गुप्ता, अखिलेश शर्मा अक्कू, कानूनी सलाहकार सुरेन्द्र कुमार, सक्सेना शैलेश चंद्र शर्मा, मेला डायरेक्टर सुरेंद्र गौड़ , रामधुन गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश रस्तोगी और मेल व्यवस्थापक राम अवतार वाला, अमर सिंह राठौर आदि उपस्थित रहे।

नारद मोह लीला का मंचन, दर्शक आनंदित

फतेहगंज पूर्वी। रामलीला मेले में रविवार को नारद मोह और मोहिनी स्वयंवर की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान पंडाल में दर्शकों की भीड़ जुटी रही। नारद मोह प्रसंग में नारद मुनि के मोह और भगवान विष्णु की माया का चित्रण किया गया। वहीं, मोहिनी प्रसंग में भगवान विष्णु के मोहिनी रूप की लीला प्रस्तुत की गई। अयोध्या से आई रामलीला मंचन कमेटी के देवेश अवस्थी ने बताया कि सोमवार को रावण जन्म की लीला का मंचन होगा। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए कस्बा चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पुलिस ने भीड़ नियंत्रण, शांति व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया। आयोजन में मेला कमेटी अध्यक्ष पवनराज मिश्रा के साथ अजय गुप्ता, प्रदीप मिश्रा और हरीश गुप्ता का सहयोग रहा।

संक्षेप समाचार

संवाद धम्म यात्रा के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन

बहेड़ी। क्षेत्र के गाँव मिंतरपुर में संवाद धम्म यात्रा को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महात्मा बुद्ध तथा संविधान निर्माता डा भीमराव आंबेडकर के सामाजिक योगदान तथा शिक्षा के महत्व को लेकर विस्तार से रौशनी डाली गई। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पहुंचे पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नसीम अहमद ने लोगों से कहा कि महात्मा गौतम बुद्ध ने पूरी मानवता को अहिंसा, शांति, करूणा तथा सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलते का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज के लिए पथ प्रदर्शक का काम करते हैं। बाबा भीमराव अम्बेडकर के योगदान पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के दलितों, वंचितों, शोषित, गरीब, पिछड़े तथा अल्पसंख्यकों और उपेक्षित वर्ग के लिए उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने तथा आरक्षण के जरिये उन्हें आगे बढ़ाने के अवसर पैदा करने में बाबा साहेब ने बड़ी भूमिका निभाई। इसी से कमजोर और वंचित वर्ग के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी तय करने का रास्ता खुला। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए नसीम अहमद ने कहा कि शिक्षा ही वह ताकत है जिसके बल पर समाज अपनी दिशा और दशा दोनों ही बदल सकता है। उन्होंने सभी वर्ग के लोगों से अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए जागरूक बनकर अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाने की वकालत की। कहा कि, शिक्षित समाज ही अपने अधिकार समझ कर आपने हक के लिए मजबूती से आवाज बुलंद कर सकता है। नसीम अहमद ने आरोप लगाते हुए कहा कि, देश तथा प्रदेश की सत्ता तथा महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर अभी वंचित वर्ग की भागीदारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं दिखाई देती है।



नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का शिक्षकों ने किया स्वागत

शेरगढ़। ब्लॉक संसाधन केंद्र डेलपुर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शेरगढ़ की ओर से नवागत खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम सक्सेना का बुके देकर तथा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान नवागत खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम सक्सेना ने शिक्षकों से ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था को लेकर बात की तथा विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों के समय से क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश आर्य,ब्लॉक मंत्री गिरवर सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्रपाल गंगवार,कोषाध्यक्ष महेंद्र गुप्ता,नीरज गंगवार अमर सिंह,योगेश चंद्र,मोर सिंह,विजय गंगवार,राहुल सांकृत्यायन,हरीश गंगवार,गजेंद्र राठौर,रजनीश गंगवार, विपिन कुमार आदि समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

सांसद छत्रपाल के प्रयास से मार्ग होंगे पक्के

शेरगढ़ (बरेली)। क्षेत्रवासियों के लिए अच्छी खबर है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो क्षेत्र के कई सड़क मार्गों पर चलने की ग्रामीणों की मंजिल आसान हो जाएगी। मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत इन मार्गों को पक्का किए जाने की स्वीकृति मिल गई है। शेरगढ़ क्षेत्र में ग्राम मोहिउद्दीनपुर नगरिया नहर पर चौराहे से ब्योंधा तक सड़क निर्माण,ग्राम बसुधरन मार्ग से नगरिया खुर्द तक संपर्क मार्ग निर्माण,नगरिया कलां से नहर के रास्ते रजपुरा तक सड़क निर्माण तथा ग्राम गनू नगला से कमालपुर तक सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने बताया कि उनके प्रयासों से बरेली लोकसभा क्षेत्र के कई अन्य मार्गों को भी पक्का करने की स्वीकृति मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गई है। इन सड़कों के निर्माण पर करीब 13 करोड़ से अधिक धनराशि खर्च की जाएगी। भाजपा नेता दिनेश शर्मा और मास्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों और क्षेत्र वासियों के सुहाने सफर का सपना पूरा हो सकेगा। क्षेत्र वासियों ने सड़कों के निर्माण कार्य की स्वीकृति होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

चरित्र पर लांछन लगाकर पत्नी के साथ बर्बरता

फरीदपुर (बरेली)। थाना क्षेत्र के ही एक गांव की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया कि उसका पति इरशाद अत्यधिक शराब पीने का आदी है। आरोप है कि शनिवार की रात करीब 8 बजे इरशाद हमेशा की तरह शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा। उसने आते ही पीड़िता के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर उसे बेरहमी से पीटा। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति न सिर्फ उसके चरित्र पर गलत लांछन लगाता है, बल्कि उसके पिता और भाई को लेकर भी झूठे और गंदे आरोप गढ़ता है। जब पीड़िता इन बेबुनियाद इल्जामों का विरोध करती है, तो आरोपी आपा खो बैठता है और उसके साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट करता है। पीड़िता ने अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि उसके चार छोटे-छोटे मासूम बच्चे हैं। आरोपी पति लगातार उसे बच्चों समेत घर से बाहर निकाल देने व जान से मारने की धमकियां भी देता है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

नवाबगंज में आप की बूथ प्रभारी बैठक, संगठन मजबूती और किसानों की समस्याओं पर मंथन

▶ इंजीनियर मोहम्मद हैदर का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, सुनीता गंगवार ने गन्ना भुगतान और धान खरीद का मुद्दा उठाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। नवाबगंज विधानसभा में आम आदमी पार्टी की संभावित प्रत्याशी एडवोकेट सुनीता गंगवार के नेतृत्व में बूथ प्रभारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में रोहिलखंड प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर मोहम्मद हैदर के पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने और आगामी विधानसभा



चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए इंजीनियर मोहम्मद हैदर ने चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और लोकतंत्र में जनता के विश्वास को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने वोट चोरी के आरोपों का उल्लेख करते हुए इस मुद्दे पर उठ रही आवाजों की चर्चा की।वहीं, एडवोकेट सुनीता गंगवार ने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों का भुगतान लंबे समय से बकाया है, जबकि धान खरीद में भी किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाद की उपलब्धता को लेकर भी समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने, बकाया भुगतान कराने और आवश्यक कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराने की जरूरत पर जोर दिया। सुनीता गंगवार ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनने और उन्हें संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाने का आह्वान किया। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने जनसमस्याओं को लेकर सक्रिय रहने और संगठन विस्तार में जुटने का संकल्प लिया।

दहेज में बुलेट न मिलने पर विवाहिता को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

फरीदपुर (बरेली)। थाना क्षेत्र के ग्राम खल्लपुर निवासी कीमती देवी ने ससुराल वालों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार, उसका विवाह 25 अप्रैल 2024 को सुभाषनगर थाना क्षेत्र के करगैना गौंटिया निवासी विष्णु साहू के साथ हुआ था। विवाह में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, घरेलू सामान और आभूषण दिए थे। आरोप है कि ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे और बुलेट मोटरसाइकिल व एक लाख रुपये की मांग कर उसे प्रताड़ित करते थे।

पीड़िता ने तहरीर में बताया कि 22 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे पति विष्णु साहू, ससुर बिहारी लाल, ननद राखी देवी और सास बेलन देवी ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोपियों ने मांग पूरी किए बिना घर में प्रवेश नहीं देने की धमकी दी। सूचना पर पहुंचे पीड़िता के पिता ने डायल 112 पर पुलिस बुलाकर मदद मांगी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसके लौटने के बाद आरोपियों ने फिर मारपीट कर उसे बाहर निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भरोसा तोड़ दोस्त ने हड़पी गाड़ी, मांगने पर धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। नवाबगंज थाना क्षेत्र के चुनुआ गांव निवासी मुरारीलाल की कार वापस न करने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने पुलिस से सुनवाई न होने पर न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

मुरारीलाल के अनुसार, शाहजहांपुर निवासी इमरान और आरिफ अहमद ने जरूरी काम बताकर चार-पांच दिन के लिए कार मांगी थी। भरोसा करके उन्होंने 12 मई 2026 को अपनी ग्रैंड आई-10 कार इमरान को दे दी। आरोप है कि तय समय बीतने के बाद भी कार वापस नहीं की गई। 18 मई को संपर्क करने पर 25 मई तक कार लौटाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पीड़ित के मुताबिक, 15 जून को बताया गया कि कार आरिफ अहमद ले गया है। संपर्क करने पर आरिफ ने कार फाइनेंस कंपनी द्वारा उठाए जाने की बात कही, जबकि कंपनी ने इससे इनकार किया। कार मांगने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पीड़ित ने 4 जुलाई को थाने और 14 जुलाई को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली। अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रक्तदान शिविर में 30 ने किया महादान

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। रविवार को श्री एच. एन. द्विवेदी इंटर कॉलेज, हाफिजगंज में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मानव सेवा और सामाजिक सरोकार के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर आशुतोष गंगवार, अमित गंगवार, मुनीश मिश्रा, समेत स्थानीय युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर में 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जीवन रक्षा का संकल्प दोहराया। शिविर का उद्घाटन करने के दौरान डॉक्टर एके गंगवार ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और किसी जरूरतमंद को समय पर रक्त उपलब्ध कराना सबसे बड़ा



मानवीय कर्तव्य है। चिकित्सा टीम की देखरेख में स्वास्थ्य मानकों की जांच के उपरांत सुरक्षित तरीके से रक्तदान प्रक्रिया पूरी कराई गई। रक्तदान शिविर में नरेश, वैभव, ज्ञानेंद्र पाल सिंह, डॉक्टर नदीम हसन, दिव्यांश जौहरी, हनीफ बाबू, सतीश कुमार, अनीस अहमद, प्रधान मोहम्मद कलीम आजाद , मो. शाकिर, मोहित, मयंक बंसल, धीरज जिंदल, विवेक सिंह, एसआई पायल रानी, आरिफ हुसैन, मेहराब हुसैन, कांस्टेबल विमल उपाध्याय, टीकम सिंह, जहीरुद्दीन, इम्तियाज अहमद, यूनुस अली, सुधांशु शर्मा, कांस्टेबल प्रशांत कुमार, अभिषेक द्विवेदी, संदीप सिंह, शीतल राजपूत, गुरप्रीत सिंह और मयंक गुप्ता ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक ऊषा द्विवेदी ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की गई।

123 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

फतेहगंज पूर्वी। पुलिस ने रविवार को ग्राम पड़ेरा में जिंद बाबा आश्रम के पास बेहरा जाने वाले चौराहे से सैफी उर्फ सैफुद्दीन को गिरफ्तार किया। उसके पास से 123 ग्राम स्मैक, मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अन्नू उर्फ मेराज से स्मैक खरीदकर ट्रक चालकों और राहगीरों को बेचने की बात कबूल की। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी पवन सिंह ने बताया कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार में लिप्त अन्य लोगों को चिह्नित कर उनकी तलाश की जा रही है।

शिक्षिका से अवैध संबंध, दहेज के लिए पत्नी को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। विवाहिता से ससुराल पक्ष के लोगों ने कि दहेज में कार की मांग पूरी न होने मारपीट प्रताड़ित कर, जबरन घर से निकालने और जेठ द्वारा दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है पीड़िता ने इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी बरेली को शिकायती पत्र सौंपकर अपनी रिपोर्ट दर्ज कराने और न्याय की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के गांव करुआ साहबगंज कि पीड़िता फरजाना का विवाह 15 जून 2020 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार अफजल पुत्र असगर हुसैन निवासी जल्लापुर, थाना भोजीपुरा के साथ हुआ था शादी में पीड़िता के माता-पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था

▶ न्याय की गुहार लेकर एसएसपी दफ्तर पहुंची पीड़िता

आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे वे लगातार पीड़िता से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के स्थान पर वैगनआर कार की मांग कर रहे थे और इसके लिए उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे पीड़िता का आरोप है कि उसका पति अफजल दूसरे समुदाय की एक महिला शिक्षिका के साथ नाजायज और अवैध संबंधों में लिप्त हो गया जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो ससुराल वालों ने उसके वेतन और संपत्ति के लालच में आकर पीड़िता के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं इतना ही नहीं, पीड़िता ने अपने जेठ पर अत्यंत गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 15 सितंबर 2026 की रात करीब 11:00 बजे, जब वह अपने कमरे में अकेली थी, तो जेठ ने कमरे में घुसकर उसके साथ जबरन बलात्कार किया और किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी पीड़िता ने जब इस बात की शिकायत अपने पति और सास-ससुर से की, तो उन्होंने न्याय करने के बजाय उसे ही जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया इसके बाद अगले दिन पीड़िता के पति ने उसे गंदी-गंदी गालियां दीं, मारपीट कर हुए फटे पुराने कपड़ों में घर से बाहर निकाल दिया पीड़िता ने एसएसपी के यहां पहुंच कर शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

ठेके पर दी गई कृषि भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

फरीदपुर (बरेली)। ठेके पर दी गई कृषि भूमि को अपनी बताकर कब्जा करने और जमीन खरीदने पहुंचे लोगों को गोली मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई थी।

थाना क्षेत्र के ग्राम रजनापुर निवासी महिपाल ने तहरीर में बताया कि ग्राम पर्वता हीरपुर में उनकी साढ़े 15 बीघा कृषि भूमि है। उन्होंने यह जमीन मूल रूप से शामली और वर्तमान में रजनापुर निवासी जगदीश यादव उर्फ टीटी, उसके भाई हरनाम यादव और रवि यादव को खेती करने के लिए ठेके पर दी थी। आरोप है कि पैसों की जरूरत होने पर महिपाल ने जमीन बेचने का प्रयास किया तो जगदीश यादव खरीदारों को जमीन अपनी बताते हुए धमकाने लगा। उसने कथित तौर पर कहा कि जमीन खरीदने पर गोली चल जाएगी।

पीड़ित के पास धमकी की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी होने का दावा किया गया है। महिपाल का आरोप है कि जमीन खाली करने को कहने पर आरोपियों ने कब्जा नहीं छोड़ा। उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता जताते हुए जमीन कब्जामुक्त कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



युवक ने फंदा लगाकर दी जान प्रेमिका पर प्रताड़ित करने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के नेकपुर हाथीखाना में 24 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने युवक की प्रेमिका पर प्रताड़ित करने और धमकाने का आरोप लगाया है। परिवार का कहना है कि प्रेम संबंध में धोखा मिलने से अभय सक्सेना उर्फ बिंटू काफी समय से परेशान था। घटना के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की बहन श्रद्धा के मुताबिक, अभय का नेकपुर स्थित 84 घंटा के पास रहने वाली एक युवती से करीब चार साल से प्रेम संबंध था। दोनों शादी करना चाहते थे। आरोप है कि पिछले करीब तीन महीने से युवती की नजदीकियां सोनू नाम के युवक से बढ़ने लगी थीं। इस बात को लेकर अभय परेशान रहने लगा था। परिजनों का दावा है कि युवती फोन पर उससे बात करती थी और

▶ चार साल से प्रेम संबंध होने की बात, दूसरी युवक से नजदीकी बढ़ने के बाद तनाव में था अभय, परिजनों ने कार्रवाई की मांग की

धमकियां भी देती थी। परिवार वालों के अनुसार, शनिवार शाम युवती ने अभय से शादी करने से इनकार करते हुए सोनू से शादी करने की बात कही। आरोप है कि युवती ने उसे मर जाने तक के लिए कहा था। परिजनों का कहना है कि अभय युवती पर काफी रुपये खर्च कर चुका था और रिश्ते में आए बदलाव से मानसिक तनाव में था। बताया गया कि घटना के समय अभय घर में अकेला था। उसकी मां बड़ा बाजार स्थित कपड़े की दुकान पर काम करने गई हुई थी। इसी दौरान अभय ने घर के अंदर लकड़ी की कड़ी से चादर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जानकारी मिलने पर परिजन घर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना के बाद परिवार ने युवती के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि धमकियों और प्रताड़ना के कारण अभय ने यह कदम उठाया। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कॉलेज से लौट रही छात्रा से छेड़छाड़ विरोध पर पिता को भी धमकाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। उबिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में कॉलेज से घर लौट रही 18 वर्षीय छात्रा से छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक कई महीनों से छात्रा का पीछा कर दोस्ती का दबाव बना रहा था। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी देता था। पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छात्रा के पिता ने तहरीर में बताया कि रामनगर गौटिया निवासी अमन उनकी बेटी का कॉलेज आते-जाते समय पीछा करता था। शनिवार दोपहर करीब 2:44 बजे उसने रास्ते में रोककर छात्रा से छेड़छाड़ की। छात्रा वहां से निकलकर पास के पार्क पहुंची तो आरोपी पीछा करते हुए वहां भी पहुंच गया। घबराकर छात्रा ने फोन कर पिता को सूचना दी। आरोप है कि पिता के कॉलेज पहुंचने पर अमन ने अपने भाई अजय और दो अन्य साथियों को बुला लिया। इसके बाद आरोपियों ने छात्रा और उसके पिता से गालीगलौज कर धमकी दी। पीड़ित पक्ष ने डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने अमन, अजय और दो अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जांच उपनिरीक्षक अंकुर को सौंपी गई है। सीओ हाईवे देवेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप समाचार



अग्रसेन जयंती पर नगर में निकाली शोभायात्रा

फतेहगंज पूर्वी। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर रविवार को नगर में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें अग्रवाल समाज के लोगों ने सहभागिता की। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं, नगर में विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन कर लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा में अग्रवाल सभा अध्यक्ष रवीन अग्रवाल, विश्व रंजन अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, राजीव अग्रवाल सभासद, विश्व मोहन अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल पूर्व चेयरमैन , कुलदीप अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सजल अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल आकाश अग्रवाल सहित अन्य अग्रवाल बंधु शामिल रहे। महाराजा अग्रसेन को अग्रवाल समाज का अग्रकुल प्रवर्तक माना जाता है। उनकी जयंती समाज में समानता, आपसी सहयोग और जनकल्याण के आदर्शों को याद करने के लिए मनाई जाती है। शोभा यात्रा में व्यवस्था बनाए रखने को चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण सिंह मय फोर्स मौजूद रहे।



एडवोकेट प्रीमियर लीग में नवाबगंज की N.A.C.C. टीम दिखाएगी दमखम, मिली ड्रेस किट

नवाबगंज। बरेली में आयोजित होने वाली एडवोकेट प्रीमियर लीग (A.P.L.) में नवाबगंज की टीम एनएसीसी (नवाबगंज एडवोकेट क्रिकेट क्लब) हिस्सा लेकर अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए बार भवन नवाबगंज में ड्रेस किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों को ड्रेस किट वितरित कर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन नवाबगंज के अध्यक्ष एडवोकेट शिशुपाल सिंह गंगवार, सचिव पुष्पपाल गंगवार, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, संरक्षक सुधाकर लाल वार और एडवोकेट उस्मान अली ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीम प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर नवाबगंज का नाम रोशन करेगी। खिलाड़ियों को ड्रेस किट उपलब्ध कराने में युवा टैलेंट समितिके अध्यक्ष अली शेर अंसारी तथा लीगल साथी ग्रुप के एडवोकेट फैज हुसैन जैदी और एडवोकेट मो. जकी ने विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर एडवोकेट आदित्य पांडे, विनोद मिश्रा, जुनेद, सुल्तान अली, अभय, अमित, मुदित, उमाकांत और गोबिंद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। टीम की भागीदारी से अधिवक्ताओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।



बकाया 165 करोड़ अदा करे सरकार: क्षेत्र विधायक

बहेड़ी। केसर शुगर मिल पर क्षेत्रीय किसानों के बकाया चल रहे 165 करोड़ के गन्ना भुगतान का मामला रविवार को क्षेत्रीय विधायक अताउर्रहमान द्वारा उठाया गया। स्थानीय सपा कार्यालय पर बुलाई गई प्रेस वार्ता ये विधायक ने सरकार पर किसानों की अनदेखी करने का आरोप मढ़ते हुए कहा कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों के हित में सरकार द्वारा मिल को 165 करोड़ का कर्ज दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा मिल बंद हो जाने की स्थिति में क्षेत्र के किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रेस वार्ता में विधायक ने कहा कि 31 अक्टूबर को गन्ना भुगतान के साथ साथ किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। समस्या का निदान न होने की सूरत में सपा किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी। सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि किसानों के हितों की चिंता करने का दावा करने वाली सरकार किसानों के भुगतान तथा मिल चलवाने के लिए ठोस पहल करे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आज रहेगा सार्वजनिक अवकाश

बरेली। उत्तर प्रदेश सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 26 अक्टूबर, सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। शासन की ओर से रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को इस संबंध में विज्ञप्ति जारी की गई। प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, इससे पहले 17 नवंबर 2025 को जारी अवकाश सूची में 26 अक्टूबर 2026 को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर निर्बंधित अवकाश घोषित किया गया था। शासन स्तर पर विचार-विमर्श के बाद अब इस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया गया है। विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि यह अवकाश निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 के तहत घोषित अवकाश नहीं होगा। इसके साथ ही 17 नवंबर 2025 को जारी पूर्व विज्ञप्ति में आवश्यक संशोधन माना जाएगा, जबकि उसके शेष प्रावधान पहले की तरह लागू रहेंगे। शासन के इस निर्णय के बाद सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

13वें दिन भी बंद रहा बिलपुर रेलवे फाटक

जागरण मोर्चा कार्यालय

फतेहगंज पूर्वी। नगर से दातागंज-बदायूं जाने वाले मार्ग पर स्थित बिलपुर रेलवे फाटक रविवार को लगातार तेरहवें दिन भी बंद रहा। रेलवे लाइन की मरम्मत का कार्य पूरा नहीं होने से राहगीरों की परेशानी बढ़ती जा रही है। पीडब्ल्यूआई रजा मोहम्मद ने बताया कि 27 अक्टूबर तक कार्य पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद फाटक खुलने की संभावना है।

रेलवे फाटक 13 अक्टूबर से बंद है। इसके चलते वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्तों से आवागमन करना पड़ रहा है। इससे लोगों का अतिरिक्त समय और ईंधन खर्च हो रहा है। रोजाना कामकाज के लिए आने-जाने वाले लोगों, किसानों और अन्य राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। फाटक के दूसरी ओर स्थित दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होने से व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।कस्बे में शनिवार को रामलीला मेले का उद्घाटन हो चुका है। ऐसे में फाटक बंद रहने से मेले में आने-जाने वाले लोगों और दुकान लगाने वाले व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दीपावली नजदीक होने के कारण बाजार में भीड़ बढ़ने की संभावना है। इससे आवागमन की समस्या और गंभीर हो सकती है। स्थानीय लोगों को अब 27 अक्टूबर तक मरम्मत कार्य पूरा होने और रेलवे फाटक खुलने का इंतजार है।

मंदिर में चप्पल का विरोध करने पर युवक की पिटाई

फरीदपुर (बरेली)। थाना क्षेत्र के पचौमी गांव में मंदिर में चप्पल पहनकर घूमने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने मां और उसके दो बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी मोरपाल पुत्र जसवंत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 अक्टूबर की शाम करीब 7:30 बजे वह खेत से घर लौटते समय मंदिर के पास रुका था। वहां पूजा हो रही थी। आरोप है कि सन्नू, हरद्वारी पुत्र बसंत और बसंत की पत्नी चप्पल पहनकर घूम रहे थे। मोरपाल ने उन्हें चप्पल उतारकर मंदिर में आने को कहा तो वे नाराज हो गए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और डंडों से पीटकर उसे घायल कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कराया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बद्रीनाथ रवाना हुए सात मंडल अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। भाजपा की ओर से विशेष मतदाता जोड़ो अभियान के तहत नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए संगठनात्मक सक्रियता पर जोर दिया जा रहा था। इसी बीच शनिवार को अभियान के अंतिम दिन महानगर इकाई के सात मंडल अध्यक्षों के बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर रवाना होने की जानकारी सामने आई। एक साथ सात पदाधिकारियों के शहर से बाहर जाने की चर्चा के बाद संगठन के भीतर अभियान को लेकर उनकी भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश नेतृत्व की ओर से संगठन के पदाधिकारियों व प्रभारियों को विशेष मतदाता जोड़ो अभियान में पूरी ताकत से जुटने के निर्देश दिए गए थे। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ना था। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इसी अभियान के अंतिम दिन महानगर के सात मंडल अध्यक्ष बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर रवाना हो गए। यात्रा पर जाने वालों में बांके बिहारी मंडल अध्यक्ष मोहित अरोड़ा, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जयदीप चौधरी, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष कन्हैया राजपूत, सीबीगंज मंडल अध्यक्ष अजय कुमार मौर्य, हरमिलाप मंडल अध्यक्ष राजीव कश्यप, साईं नाथ मंडल अध्यक्ष बृजेश प्रताप सिंह और मढ़ीनाथ मंडल अध्यक्ष सुधीर भटनागर के नाम बताए जा रहे हैं। प्रदेश नेतृत्व की ओर से अभियान को लेकर दिए गए निर्देशों के बीच सात मंडल अध्यक्षों के एक साथ यात्रा पर जाने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या यात्रा का कार्यक्रम पहले से तय था? क्या महानगर संगठन को इसकी जानकारी थी? अभियान के अंतिम दिन इन पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों का निर्वहन किस तरह हुआ? फिलहाल इन सवालों पर संगठन की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। मामले में महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन नहीं उठने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल सका। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मंडल अध्यक्षों की यात्रा पहले से निर्धारित थी या अभियान के दौरान ही कार्यक्रम बनाया गया था।मतदाता जोड़ो अभियान के अंतिम दिन सात मंडल अध्यक्षों की गैरमौजूदगी का मामला सामने आने के बाद अब महानगर इकाई के आधिकारिक स्पष्टीकरण का इंतजार है। संगठन की ओर से इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया सामने आने पर ही स्पष्ट हो सकेगा कि यात्रा की पूर्व जानकारी थी या नहीं और अभियान के दौरान इन पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों को लेकर क्या व्यवस्था की गई थी।

दस्तावेज लेखकों की स्मारिका का विमोचन

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक एसोसिएशन की स्मारिका का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने स्मारिका की सराहना करते हुए इसे दस्तावेज लेखकों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों का उपयोगी संकलन बताया। इस दौरान दस्तावेज लेखकों को कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई।

स्मारिका का विमोचन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विशिष्ट अतिथि अनिल एडवोकेट, संरक्षक संजय गुप्ता और प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता वेद प्रकाश सक्सेना ने की, जबकि संचालन राकेश कातिब ने किया। मंत्री ने कहा कि स्मारिका में कम शब्दों में महत्वपूर्ण जानकारियां समाहित की गई हैं। यह संबंधित लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी। प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना ने दस्तावेज लेखकों की समस्याएं उठाते हुए कैशलेस इलाज की सुविधा देने की मांग रखी। संरक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि स्मारिका में दस्तावेज लेखन से संबंधित सामग्री के साथ प्रदेशभर के दस्तावेज लेखकों के मोबाइल नंबर भी शामिल किए गए हैं। इससे आपसी संपर्क और समन्वय बढ़ेगा। सदर बरेली के अध्यक्ष अमर सिंह ने इसे दस्तावेज लेखकों के हित में महत्वपूर्ण पहल बताया। समारोह में उपाध्यक्ष अभिषेक पाण्डे, ऑडिटर संजय कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, ओम प्रकाश वर्मा, धर्मपाल सिंह, राजेश सक्सेना, तेजपाल पटेल समेत विभिन्न जिलों से आए दस्तावेज लेखक मौजूद रहे।

पासवर्ड मांगने पर पंचायत सहायक से मारपीट

नवाबगंज। थाना नवाबगंज क्षेत्र के अटंगा योगी गांव स्थित पंचायत सचिवालय में वाई-फाई का पासवर्ड मांगने को लेकर पंचायत सहायक से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी विशाल कुमार पंचायत सहायक के पद पर तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 अक्टूबर की शाम करीब 6:25 बजे गांव का इतेश कुमार पंचायत सचिवालय पहुंचा और वाई-फाई का पासवर्ड मांगने लगा। विशाल ने नेटवर्क नहीं चलने की बात कही तो आरोप है कि इतेश गाली-गलौज करने लगा और उनके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो मजदूर झुलसे

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। भोजीपुरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह निर्माणाधीन मकान की छत पर लेंटर डालने के लिए सरिया बांध रहे दो मजदूर हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, भोजीपुरा क्षेत्र के ईंटपुर निवासी अजयवीर (पुत्र राकेश) रविवार सुबह करीब 9:30 बजे अपने साथी बन्ने के साथ पास के एक गांव में मकान की छत पर सरिया बांध रहा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन से सरिया छू गया। इससे उसमें करंट उतर आया और दोनों मजदूर उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। अचानक हुए हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। निर्माण कार्य के दौरान बिजली लाइन के संपर्क में आने से हुए इस हादसे ने सुरक्षा उपायों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाईटेंशन लाइनों के आसपास काम करते समय विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। सरिया जैसी धातु की वस्तु बिजली के तारों के संपर्क में आने पर जानलेवा साबित हो सकती है।



प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बहेड़ी। नगर के मोहल्ला लोधीपुर शक्ति केंद्र पर रविवार को तमाम भाजपाई पर इकट्ठा हुए और प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को पूरी एकाग्रता के सुना। पूरा उद्बोधन सुनने के बाद नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा विधानसभा चुनाव में अब बहुत ज्यादा समय नहीं बचा है। पार्टी से जुड़े सभी लोगों को देश प्रदेश तथा समाज के लिए प्रधानमंत्री द्वारा अब तक किए गए कार्यों को आम जन तक पहुंचाने का काम प्राथमिकता के तौर पर करना है। इसके साथ ही विपक्षी दलों के उन लोगों के चेहरे भी जनता के सामने उजागर कर रहे हैं जो सत्ता प आने के लालच में देश विरोधी तत्वों से हाथ मिलाकर देश में कुचक्र रचने की साजिश करते नजर आ रहे हैं। कार्यक्रम में राहुल गुप्ता के साथ दिनेश राठौर, सभासद तरूण कालरा, स्वाति कुमार,, निशीथ कुमार, सचिन प्रजापति, शक्ति गुप्ता, अंशुल मित्तल, मोहित बाल्मीकि, तथा छत्रपाल सिंह समेत कई अन्य लोग शामिल रहे।

बरेली में होगी यूपी बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। उत्तर प्रदेश फिटनेस फेडरेशन के तत्वावधान में 20 दिसंबर 2026 को ओपन मिस्टर यूपी एवं मिस्टर बरेली बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इज्जतनगर स्थित रेलवे मैत्री भवन में होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 300 से अधिक खिलाड़ियों के हिस्सा लेने का अनुमान है। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उत्तर प्रदेश फिटनेस फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष नदीम खान ने बताया कि प्रतियोगिता में बॉडी बिल्डिंग, मेन्स फिजिक्स, नेचुरल, डेनिम जींस मॉडल और मास्टर कैटेगरी में मुकाबले होंगे। विभिन्न श्रेणियों के प्रतिभागी अपनी शारीरिक फिटनेस, मांसपेशियों के विकास और मंच पर प्रदर्शन के आधार पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पाटिल शामिल होंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाणपत्र और उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों का उद्देश्य बॉडी बिल्डिंग और फिटनेस के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच उपलब्ध कराना है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में मनमोहन सिंह तनेजा, अरमान खान, रोहित तिवारी, अमित चौहान, फौजी चरन सिंह यादव, सुमित बाला, आलम सिद्दीकी, मोईन उद्दीन, सोनू कश्यप, अनुराग शर्मा, शादाब हुसैन, चुनमुन कुमार यादव, छोटू कुरैशी और अलीना खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

बंदर के कूदने से ढही कच्ची दीवार, मलबे में दबकर बुजुर्ग की मौत

बदायूं। हजरतपुर थाना क्षेत्र के आजमपुर बिसौरिया गांव में शनिवार रात दर्दनाक हादसे में 58 वर्षीय पप्पू उर्फ राजपाल की मौत हो गई। वह अपने घेर में सफाई कर रहे थे, तभी उनके ऊपर बंदर के कूदने से पास की कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। मलबे में दबकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें मलबे से बाहर निकाला और दातागंज के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पप्पू उर्फ राजपाल अविवाहित थे और अपने छोटे भाई के साथ खेती-किसानी कर जीवनयापन करते थे।

शरद पूर्णिमा पर गंगा घाट पर उमड़े श्रद्धालु, लगाई आस्था की डुबकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

कछला। शरद पूर्णिमा के अवसर पर कछला स्थित गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिली। रविवार सुबह से ही गंगा स्नान का सिलसिला शुरू हो गया। दूर-दराज के क्षेत्रों से बस, ट्रेन और निजी वाहनों के माध्यम से श्रद्धालु घाट पर पहुंचे। गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और विधि-विधान से मां गंगा का पूजन किया। इस दौरान गंगा आरती कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की गई।

सुबह होते ही घाट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। स्नान के बाद लोगों ने गंगा तट पर पूजा-अर्चना की और धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। कई श्रद्धालुओं ने परिवार के साथ गंगा स्नान कर दान-पुण्य भी किया। घाट पर दिन चढ़ने के साथ ही श्रद्धालुओं की गतिविधियां बनी रहीं। अपराह्न तक गंगा स्नान का सिलसिला जारी रहा। शरद पूर्णिमा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने इस अवसर को धार्मिक आस्था और पुण्य अर्जित करने से जोड़ते हुए गंगा स्नान किया। घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं में महिलाओं, पुरुषों और बुजुर्गों की भी भागीदारी रही। परिवार के साथ पहुंचे लोगों ने स्नान के बाद गंगा तट पर कुछ समय बिताया और पूजा-पाठ किया। शरद पूर्णिमा पर गंगा स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक उत्साह घाट पर नजर आया। सुबह से अपराह्न तक चले स्नान और पूजन के क्रम के बीच श्रद्धालु मां गंगा का स्मरण करते हुए अपने घरों को लौटते रहे।





शरद पूर्णिमा के अवसर पर कछला गंगा किनारे लगी श्रद्धालुओं की भीड़। -जागरण मोर्चा

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर किसान की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



बदायूं। थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सग्वा में शनिवार शाम खेत में काम करते समय हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से 27 वर्षीय किसान लालटे की मौत हो गई। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसके पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं। जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी लालटे पुत्र हरिश्चंद्र शनिवार शाम करीब सात बजे अपने खेत में बाजरे की बालियां निकाल रहे थे। इसी दौरान लोहे की परात लेकर उठते समय वह खेत के ऊपर से गुजर रही नीचे लटकी हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गए। करंट लगने से वह मौके पर ही गिर पड़े। खेत में मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल इस्लामनगर अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने चन्दौसी रेफर कर दिया। हालांकि, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। लालटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी पिंकी और तीन मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के मुताबिक, खेत के ऊपर से गुजर रही नीचे लटकी बिजली लाइन हादसे की वजह बनी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आरक्षियों की दमखम मैराथन दौड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। पुलिस स्मृति दिवस एवं राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन बदायूं में मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. ह्रदेश कठेरिया के पर्यवेक्षण में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी नगर सुमेध मिलिंद जाधव ने हरी झंडी दिखाकर किया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिसकर्मियों में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, शारीरिक फिटनेस और टीम भावना को बढ़ावा देने के साथ राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देना रहा। मैराथन के माध्यम से देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा करते हुए कर्तव्यपालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों के त्याग और समर्पण को भी याद किया गया। प्रतियोगिता में आरटीसी प्रशिक्षु आरक्षी शोएब (चेस्ट नंबर 19) और हारिश (चेस्ट नंबर 33) ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, प्रशिक्षु आरक्षी हरिओम कुमार (चेस्ट नंबर 51) दूसरे और शिवम (चेस्ट नंबर 99) तीसरे स्थान पर रहे। प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक क्षमता और खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, प्रभारी निरीक्षक आरटीसी राजेंद्र सिंह पुंडीर, उपनिरीक्षक यातायात रामसेवक राठौर, उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस दीनानाथ मौर्य समेत पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।




मैराथन दौड़ का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते सीओ सिटी। -जागरण मोर्चा

डॉ. रामिन्दर आईएमए अध्यक्ष निर्वाचित, डॉ. राजेश कुमार वर्मा सचिव

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए), शाखा बदायूं की वर्ष 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। शनिवार, 24 अक्टूबर को शहर के फोर लीफ होटल में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एमपी गुप्ता और वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. इत्तेहाद आलम को चुनाव अधिकारी बनाया गया। उनकी देखरेख में चिकित्सकों की सहमति से नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. रामिन्दर सिंह को अध्यक्ष और जिला चिकित्सालय में कार्यरत फिजिशियन डॉ. राजेश कुमार वर्मा को सचिव चुना गया। बैठक में राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार शाक्य को कोषाध्यक्ष, देव किरण हॉस्पिटल के डॉ. वागीश वार्ष्णेय को उपाध्यक्ष, सरला क्लिनिक के डॉ. देवांश यादव को संयुक्त सचिव तथा नरेंद्र-गायत्री हॉस्पिटल, बिल्सी की डॉ. चारु वार्ष्णेय को सांस्कृतिक सचिव मनोनीत किया गया। नई कार्यकारिणी के गठन पर उपस्थित चिकित्सकों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान वर्ष 2025-26 की निवर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को उनके सफल कार्यकाल के लिए सम्मानित किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. अरुण यादव, सचिव डॉ. अजीत पाल, कोषाध्यक्ष डॉ. कुमार वासु, संयुक्त सचिव डॉ. प्रसून वार्ष्णेय और सांस्कृतिक सचिव डॉ. राजेश कुमार वर्मा को डॉ. सुरेश चंद्र नौगरिया, डॉ. इत्तेहाद आलम, डॉ. एके वर्मा, डॉ. डीवी शाक्य और डॉ. शलभ वैश्य सहित अन्य चिकित्सकों ने माला, शॉल और उपहार देकर सम्मानित किया। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी आईएमए बदायूं को और अधिक ऊर्जा एवं मजबूती प्रदान करेगी। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रामिन्दर सिंह ने चिकित्सकों से आपसी सहयोग के साथ समाज के सभी वर्गों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने और पूरी सूझबूझ के साथ चिकित्सकीय दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। नवनियुक्त सचिव डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि उनके कार्यकाल में बदायूं के सभी पात्र चिकित्सकों को भारतीय चिकित्सा संघ से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही चिकित्सकों, आम जनता और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने पर जोर रहेगा, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के मान-सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। बैठक में डॉ. एसएन गोविल, डॉ. शलभ वैश्य, डॉ. रियाज अहमद, डॉ. अनमोल राज गुप्ता, डॉ. अमन आजाद, डॉ. श्रीकृष्ण यादव, डॉ. नितेश पति तिवारी, डॉ. नूरुल हसन, डॉ. आकांक्षा यादव, डॉ. अनिरुद्ध सिंह, डॉ. गजेंद्र सिंह वर्मा, डॉ. एमएस खान, डॉ. मुकुल शाक्य, डॉ. कृष्णा जौहरी, डॉ. नितीश रस्तोगी, डॉ. हर्षद यादव और डॉ. पूनम शाक्य सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक मौजूद रहे।



नव नियुक्त पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

कुंवरगांव बिजलीघर की क्षमता हुई दोगुनी

▶ विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने किया शुभारंभ, लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद

जागरण मोर्चा कार्यालय

कुंवरगांव। क्षेत्र की बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए कुंवरगांव स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर पावर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता 5 एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए कर दी गई है। रविवार को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने हवन-पूजन के बाद फीता काटकर नए ट्रांसफॉर्मर का शुभारंभ किया। विद्युत विभाग के अनुसार, इस कार्य पर करीब एक करोड़ 35 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, करीब आठ महीने पहले नगर पंचायत चेयरमैन पति अरविंद रावत ने सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के साथ लखनऊ में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर बिजलीघर की क्षमता बढ़ाने की मांग उठाई थी। इसके बाद बिजलीघर में ट्रांसफॉर्मर की क्षमता दोगुनी करने की प्रक्रिया पूरी की गई। शुभारंभ के दौरान विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति में सुधार होने की उम्मीद है। इससे लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। साथ ही बढ़ती बिजली की मांग के अनुरूप आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक का फूल-मालाओं से स्वागत किया। उपखंड अधिकारी अमित कुमार और अवर अभियंता मियां कुरैशी ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन यशवीर गौतम ने किया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष नितिन शर्मा, अवनीश शंखधार, अजय सक्सेना, राम शर्मा, लवी शर्मा, विकास तिवारी और गुड्डू गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



बिजली घर पर फीता काटकर नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते सदर विधायक। -जागरण मोर्चा

पिता-पुत्र समेत तीन लोगों से मारपीट

बदायूं। कादरचौक थाना क्षेत्र के कटिन्ना गांव में लोहाठेर सीमा पर लाद डालने के विवाद में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ओमकार की तहरीर पर पुलिस ने 24 अक्टूबर को चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ओमकार के मुताबिक, 21 अक्टूबर की शाम करीब तीन बजे वह अपने बेटे गुड्डू के साथ लोहाठेर सीमा पर लाद डालने के लिए खड़े थे। इसी दौरान नरेश, विपिन, स्मैले और अर्जुन लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पिता-पुत्र को पीट दिया। बीच-बचाव करने पहुंचीं ओमकार की पत्नी के साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। हमले में ओमकार के हाथ और गुड्डू के सिर में चोटें आईं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिव धनुष टूटते गूंजा जय श्रीराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। आदर्श रामलीला कमेटी दिसौलीगंज के रंगमंच पर रामायण के प्रसंगों का शानदार मंचन किया गया। कलाकारों ने अभिनय के माध्यम से विश्वामित्र आगमन, अहिल्या उद्धार, ताड़का वध और सीता स्वयंवर जैसे प्रसंगों को जीवंत कर दिया। धनुष भंग के दृश्य और परशुराम-लक्ष्मण संवाद पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। रामलीला में दिखाया गया कि महर्षि विश्वामित्र यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ से श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ भेजने का आग्रह करते हैं। पुत्रों को भेजने में संकोच कर रहे राजा दशरथ महर्षि वशिष्ठ के समझाने पर सहमत हो जाते हैं। इसके बाद श्रीराम मार्ग में अहिल्या का उद्धार करते हैं और मारीच व सुबाहु का वध कर यज्ञ की रक्षा करते हैं।इसके बाद जनकपुर में सीता स्वयंवर का दृश्य प्रस्तुत किया गया। राजा जनक की प्रतिज्ञा के अनुसार आयोजित स्वयंवर में कई राजा शिव धनुष उठाने में असफल रहते हैं। अंत में श्रीराम धनुष भंग कर देते हैं। सीता के श्रीराम को जयमाला पहनाते ही पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठता है। इसके बाद परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए संवाद ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। राजा दशरथ के रूप में दीनदयाल भारती, महर्षि वशिष्ठ के रूप में धनपाल फौजी, श्रीराम के रूप में अरविंद तिवारी, लक्ष्मण के रूप में अनुज कुमार और विश्वामित्र के रूप में पप्पू शर्मा ने अभिनय किया। वहीं, संजीव कुमार ने रावण और ब्रह्मपाल सिंह ने बाणासुर की भूमिका निभाई। सभी कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों की सराहना हासिल की।



रामलीला का मंचन करते कलाकार। -जागरण मोर्चा

बिजली चोरी पर विभाग का शिकंजा, 43 कनेक्शन काटे

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। नगर में बिजली चोरी और बकाया बिलों की वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने रविवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। एसडीओ विकास राजपूत के नेतृत्व में हुई कार्रवाई से बिजली चोरी करने वाले और बकायेदार उपभोक्ताओं में खलबली मच गई। अभियान के दौरान विद्युत विभाग की टीम ने कुल 85 कनेक्शनों की जांच की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन और बिजली चोरी पाए जाने पर 43 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। वहीं, विभागीय टीम ने मौके पर ही साढ़े तीन लाख रुपये के राजस्व की वसूली भी की। एसडीओ विकास राजपूत ने उपभोक्ताओं को चेतावनी दी कि बिजली बिलों का भुगतान समय पर करें और अवैध कटिया डालकर बिजली का उपयोग न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान चलाकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जेई दिनेश कुमार सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



कनेक्शन काटते बिजली कर्मचारी।

दशहरा महोत्सव श्री प्राचीन रामलीला के 179वें वार्षिक दशहरा महोत्सव का भव्य शुभारंभ, नारद मोह की लीला का मंचन

राम के आदर्शों को जीवन में उतारें, तभी सार्थक होगा रामलीला का संदेश : सोहनपाल सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। नगर के बदायूं रोड स्थित श्री प्राचीन रामलीला मैदान में 179वें वार्षिक दशहरा महोत्सव का भव्य शुभारंभ धूमधाम से हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि तहसीलदार सोहनपाल सिंह ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रामलीला का संदेश तभी सार्थक होगा, जब लोग भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने मन में उतारकर सत्य, त्याग, मर्यादा और सदाचार के मार्ग पर चलेंगे।

तहसीलदार ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन कर्तव्यनिष्ठा, धैर्य और त्याग की प्रेरणा देता है। रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को नैतिक मूल्यों और संस्कारों से जोड़ने का सशक्त मंच है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से परिचित कराते हैं। कार्यक्रम में बिसौली के प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि अबरार अहमद तथा भाजपा किसान मोर्चा के ब्रज क्षेत्रीय अध्यक्ष पूर्णेश मिश्रा मौजूद रहे। अतिथियों ने रामलीला महोत्सव को भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बताते हुए आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में आपसी सौहार्द, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करते हैं। उद्घाटन के बाद मेला रंगमंच पर ग्राम हत्सा के ड्रामेटिक क्लब के कलाकारों ने नारद मोह की लीला का मंचन किया। कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय और संवादों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला देखने के लिए श्रद्धालुओं और क्षेत्रीय लोगों में उत्साह नजर आया। पूरे रामलीला मैदान में धार्मिक एवं सांस्कृतिक उल्लास का माहौल रहा। महोत्सव के आयोजन में मेला संयोजक रामसुमिरन लाल मिश्रा, गोपी बल्लभ मिश्रा, मेला अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष जगतपाल मिश्रा, सुभाष राजौरिया, नरेश शंखधार, अजय मिश्रा, मुकेश मिश्रा, रामबाबू प्रधान, अरुण शर्मा, पप्पू शर्मा, मीडिया प्रभारी अखिलेश मिश्रा, शशिकांत मिश्रा, विनायक मिश्रा और नवनीत पाठक सहित कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



रामलीला का उद्घाटन करते बिसौली तहसीलदार सोहनलाल व मौजूद कमेटी के पदाधिकारी।

आज धूमधाम से निकलेगी भगवान श्रीराम की भव्य बारात

बिसौली। नगर के बदायूं रोड स्थित श्री प्राचीन रामलीला मैदान में चल रहे 179वें वार्षिक दशहरा महोत्सव के अंतर्गत आज भगवान श्रीराम की भव्य बारात धूमधाम से निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर रामलीला कमेटी ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बारात धार्मिक उल्लास और हर्षोल्लास के बीच निकाली जाएगी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी। श्री प्राचीन रामलीला कमेटी के मीडिया प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने श्रद्धालुओं से बारात में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com
बदायूं
5
लखनऊ, सोमवार, 26 अक्टूबर 2026

एक नजर


चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

बदायूं। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, मधुबन कॉलोनी निवासी आशीष पुत्र किशन चंद्र सिंह ने अपने मित्र वैभव कुमार पुत्र चंद्रप्रकाश गुप्ता निवासी ब्रह्मपुर के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि ग्राम कंडेला, थाना मूसाझाग निवासी प्रशांत पाल पुत्र नन्हेपाल उनकी बुलेट मोटरसाइकिल चोरी कर ले जा रहा था। इसी दौरान उसे पकड़ लिया गया और मोटरसाइकिल सहित पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी प्रशांत पाल के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 386/26, धारा 303(2) और 317(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

मेला आपसी भाईचारे का अनमोल प्रतीकः डॉ. शैलेश पाठक

धनूपुरा में विशाल रामलीला का शुभारंभ, भारतीय संस्कृति और परंपराओं के महत्व पर दिया जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय


धनुपरा गांव में रामलीला मंच पर मौजूद भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक और ग्रामीण। –जागरण मोर्चा


फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ करते भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक।

धनूपुरा। ग्राम धनूपुरा में आयोजित विशाल रामलीला का वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में डॉ. शैलेश पाठक ने मेले और रामलीला के सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मेले आपसी भाईचारे, मेलजोल और सामाजिक एकता के अनमोल प्रतीक होते हैं। उन्होंने कहा कि मेले भारतीय संस्कृति और परंपराओं का अभिन्न अंग हैं। ऐसे आयोजन लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने के साथ ही समाज में प्रेम, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले मेले केवल मनोरंजन का साधन नहीं होते, बल्कि इनके माध्यम से सामाजिक समरसता और सामूहिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिलता है। डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि रामलीला जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को अपनी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। रामलीला के मंचन के माध्यम से इन आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। साथ ही नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति और धार्मिक मूल्यों को करीब से समझ पाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में सभी वर्गों के लोग उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं, जिससे आपसी तालमेल और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। धार्मिक कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने के साथ ही समाज को नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने रामलीला के आयोजन की सराहना की और इसे ग्रामीण क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विदेश श्रीवास्तव, मेला कमेटी अध्यक्ष राजीव शर्मा, निर्देश, दिवाकर, हरिओम, राजेंद्र शर्मा, कवि रामरूप शंखधार, मुनीश शर्मा, सुमित अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

चेकिंग में अवैध तमंचे सहित युवक गिरफ्तार

कुंवरगांव। कुंवरगांव थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, 24 अक्टूबर को बागरपुर तिराहे के पास चेकिंग के दौरान हरनाथपुर की ओर से आ रहे एक युवक को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 12 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जुगे पाल (26) पुत्र रामौतार निवासी गांव गरुइया, थाना कुंवरगांव के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 157/26 दर्ज कर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र आर्य, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार और कांस्टेबल राजेश कुमार व अजय कुमार शामिल रहे।

स्वास्थ्य मेले में मिले 10 बुखार रोगी

- ग्राम वगरैन और नौली हरनाथपुर में उमड़े ग्रामीण, जांच के बाद मिलीं मुफ्त दवाएं
- डॉ. विपिन वर्मा के निर्देशन में लगी चिकित्सकीय टीम, 10 मरीज बुखार पीड़ित मिले

जागरण मोर्चा कार्यालय



कैंप में मरीज को दवा देते डॉक्टर। –जागरण मोर्चा

वजीरगंज। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर की ओर से ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम वगरैन और नौली हरनाथपुर में मुख्यमंत्री जनआरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। दोनों गांवों में कुल 63 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मुफ्त दवाएं दी गईं। वगरैन गांव में लगे स्वास्थ्य मेले में 31 मरीज पहुंचे। जांच के दौरान 10 मरीज बुखार से पीड़ित पाए गए। अन्य मरीजों ने भी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर चिकित्सकों से परामर्श लिया। चिकित्सकीय टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। इसी क्रम में नौली हरनाथपुर गांव में आयोजित स्वास्थ्य मेले में 32 मरीजों का परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के अनुसार उपचार और दवाएं उपलब्ध कराईं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्रामीणों को गांव में ही जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन मेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. अशरफ, डॉ. संजय यादव, एलटी नितिन, वार्ड बॉय सुबोध और दीपक सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

सहसवान से युवती हुई लापता, युवक पर आरोप

बदायूं। सहसवान थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती के पिता ने मोहल्ले के ही एक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

पिता के मुताबिक, 24 अक्टूबर की सुबह करीब चार बजे परिवार के सभी लोग घर में सो रहे थे। जागने पर उनकी बेटी चारपाई से गायब मिली। परिजनों ने उसकी तलाश की तो मोहल्ले का आरोपी युवक भी अपने घर से गायब मिला। इस पर पिता ने आशंका जताई कि युवक उनकी बेटी को अपने साथ ले गया है। उन्होंने पुलिस से युवती की तलाश कराने और मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

बैंड-बाजों और झांकियों के साथ निकली राम बारात

- आदर्श रामलीला कमेटी के आयोजन में उमड़े श्रद्धालु, कस्बे में जगह-जगह हुआ स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय


झांकियों के साथ निकलती राम बारात।




–जागरण मोर्चा

उघैती। कस्बा उघैती में शनिवार को आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से भव्य राम बारात निकाली गई। राम बारात में उमड़ी भीड़ ने पूरे कस्बे का माहौल भक्तिमय बना दिया। बैंड-बाजों के साथ निकली आकर्षक झांकियों को देखने के लिए जगह-जगह लोग जुटे। कस्बावासियों ने फूल बरसाकर बारात का स्वागत किया।

रामलीला का मंचन संपन्न होने के बाद शनिवार दोपहर करीब 12 बजे से राम बारात की तैयारियां शुरू की गईं। झांकियों को सजाने के बाद आदर्श रामलीला स्थल से यात्रा रवाना हुई। बारात बुद्ध नगरिया मोहल्ला और होली चौक से होते हुए कस्बे के विभिन्न इलाकों में पहुंची।

यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे। पूरे रास्ते धार्मिक उल्लास का माहौल बना रहा और लोगों ने उत्साह के साथ राम बारात का स्वागत किया। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी मुस्तैद रही। थाना प्रभारी पुलिस स्टाफ और महिला कांस्टेबलों के साथ मौजूद रहे। राम बारात में मनोज पालीवाल, प्रेमपाल, मुनीम जी, दिनेश झा, हरपाल झा, उमेश चित्तौड़िया, रामनिवास चित्तौड़िया, प्रांजल पालीवाल, चंद्रपाल गुप्ता समेत कस्बे के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

अग्रसेन जयंती पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन


वरिष्ठजनों का सम्मान करते अग्रवाल सभा के सदस्य। –जागरण मोर्चा


कार्यक्रम में प्रस्तुति देती महिलाए। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। नगर की श्री रामकृष्ण दास अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, सीमा अग्रवाल और समाज के लोगों ने शिव मंदिर में गणेश पूजन के साथ किया। इस दौरान अतिथियों ने अग्रोदय पत्रिका का अनावरण भी किया। समारोह में मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा चंदौसी के अध्यक्ष ओमप्रकाश, अग्रवाल सेवा समिति उझानी के अध्यक्ष बृजेंद्र कुमार गोयल और अग्रवाल सभा बदायूं के अध्यक्ष विपिन कुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर तथा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन के जीवन, आदर्शों, समाजवाद की भावना और उनके द्वारा स्थापित व्यापारिक एवं सामाजिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज को सशक्त, संगठित और समृद्ध बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में बच्चों और बुजुर्गों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। भक्ति गीतों, देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों, लघु नाटिकाओं और पारंपरिक नृत्यों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों संगीता गोयल, सुषमा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल और आनंद कुमार अग्रवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राशि गर्ग और सोहेल अग्रवाल ने किया। आयोजन में समाज के गणमान्य लोगों, महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मारपीट में युवक घायल, दो पर मुकदमा दर्ज

अलापुर। कस्बे के वार्ड-01 स्थित सागर मोहल्ला निवासी सोहित के साथ 23 अक्टूबर की रात मारपीट की गई। आरोप है कि आयुष और लवशिवम ने लाठी-डंडों व बेल्ट से हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने मारपीट के दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद सोहित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

आंवला-बदायूं मार्ग हादसे में चार घायल

- दुगरैय्या के पास हुआ हादसा, छोटा हाथी का चालक वाहन छोड़कर भागा

जागरण मोर्चा कार्यालय


हादसे के बाद लगी भीड़। –जागरण मोर्चा

कुंवरगांव। आंवला-बदायूं मार्ग पर दुगरैय्या गांव के पास रविवार दोपहर टेंपो और छोटा हाथी वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं, छोटा हाथी वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्ष जानकारी के मुताबिक, रविवार करीब दो बजे छोटा हाथी बदायूं से कुंवरगांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान कुंवरगांव से बदायूं जा रहे टेंपो से दुगरैय्या गांव के पास उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो चालक समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान संजीव कुमार निवासी सिगोई, थाना कुंवरगांव, नफीस पुत्र वसीर अहमद, आसिफ पुत्र शराफत निवासी आंवला, जिला बरेली और रेखा पत्नी नेत्रपाल निवासी कासगंज के रूप में हुई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर डायल 112 और थाना कुंवरगांव पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। फरार चालक की तलाश और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

नाले पर अवैध दीवार के खिलाफ 17वें दिन धरना

जागरण मोर्चा कार्यालय


धरने पर बैठे किसान यूनियन के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के बैनर तले मालवीय आवास गृह पर चल रहा किसानों का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 17वें दिन भी जारी रहा। किसान दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। संगठन का आरोप है कि अधिकारियों को कई बार शिकायत और ज्ञापन देने के बावजूद अब तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

भाकियू (चढ़ूनी) के जिलाध्यक्ष एवं धरने की अध्यक्षता कर रहे सतीश साहू ने बताया कि पहला मामला शहर में बीएसएनएल कार्यालय के पीछे का है। आरोप है कि डॉ. शारिक जनाब की कोठी के पास नाले पर करीब 100 फीट लंबी दीवार खड़ी कर दी गई है। इससे बस्ती के लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों ने अवैध निर्माण हटाकर रास्ता बहाल कराने की मांग की है। दूसरा मामला बदायूं तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुटला दौलत के मजरा जैनुइया काछ से संबंधित है। संगठन मंत्री रशीद अब्बासी के मुताबिक, प्रेमवती और भगवान दास ने रामदुलार व अन्य लोगों से जमीन का सौदा तय किया था। आरोप है कि तय शर्तों के अनुसार संबंधित पक्ष के नाम बैनामा कराने के बजाय जमीन गजराज के नाम दर्ज करा दी गई। किसानों ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि दोनों मामलों में लगातार शिकायतें करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से किसानों में रोष है। 17 दिन बीतने के बाद भी नाले पर बनी दीवार हटाने और जमीन विवाद में न्याय दिलाने की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।

किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक नाले से अवैध दीवार हटाकर आवागमन बहाल नहीं किया जाता और जमीन धोखाधड़ी के आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। मांगों का समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी गई। धरने में दिलशाद अब्बासी, रशीद, शरीफ, जुबेर, बिशु दास, भगवान दास, हाफिज, प्रेमवती और सलीम सहित कई कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत से परिवार में मचा कोहराम, स्वास्थ्य विभाग पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय


शिवानी का फाइल फोटो।

- पांच साल पहले हुई थी शादी, बच्चे के जन्म से पहले ही उजड़ गई खुशियां, चिकित्सा अधीक्षक बोले- शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

बदायूं। बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव नागर झूना निवासी एक महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में बच्चे के जन्म की खुशियां मनाने की तैयारी थी, वहां मातम छा गया। घटना के बाद एक बार फिर निजी अस्पतालों में प्रसव के दौरान महिलाओं और नवजातों की सुरक्षा तथा स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव नागर झूना निवासी धर्मवीर की पत्नी शिवानी को प्रसव पीड़ा होने पर बिल्सी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में करीब 12 घंटे तक उपचार किया गया। इसके बाद चिकित्सकों ने शिवानी की हालत नाजुक बताते हुए उसे दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन उसे लेकर दूसरे निजी अस्पताल पहुंचे, जहां शिवानी ने मृत बच्चे को जन्म दिया। कुछ ही समय बाद महिला की भी मौत हो गई। शिवानी और उसके नवजात की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बताया जाता है कि धर्मवीर और शिवानी की शादी करीब पांच साल पहले हुई थी और यह उनका पहला बच्चा था। दंपती के परिवार में बच्चे के आगमन को लेकर खुशियां आने वाली थीं, लेकिन इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। जिले में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत की घटनाएं स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और निजी अस्पतालों की जवाबदेही को लेकर चिंता बढ़ाती हैं। ऐसे मामलों में समय पर जांच, उपचार में लापरवाही की पड़ताल और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है। हालांकि, इस मामले में अभी चिकित्सकीय लापरवाही की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बिल्सी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके गुप्ता ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। शिकायत पत्र मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल यह है कि घटना की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए स्वास्थ्य विभाग कब कदम उठाता है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

बीमारी के चलते चौकीदार की मौत, कोहराम

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र निवासी महेंद्र पुत्र रामदास का रविवार सुबह लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, महेंद्र चौकीदार के पद पर तैनात थे। वह काफी समय से बीमारी से जूझ रहे थे। रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। महेंद्र के परिवार में चार बेटियां और दो बेटे हैं। उनकी छह संतानों में से एक बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि अन्य बच्चों के पालन-पोषण और भविष्य की जिम्मेदारी परिवार के सामने है। महेंद्र के निधन से परिजन गहरे सदमे में हैं। परिवार के सदस्यों और परिचितों में शोक का माहौल है।

विनय अग्रवाल की पहल से 101 कन्याएं खुशहाल

खिरनी बाग में हुआ भव्य सामूहिक विवाह समारोह, समारोह में आठ निकाह भी हुए संपन्न, सर्वधर्म सद्भाव की दिखी अनूठी मिसाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। समाज सेवा के क्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों की मदद और बेटियों के सम्मान को प्राथमिकता देते हुए विनय अग्रवाल की पहल पर रविवार को ऐतिहासिक खिन्नी बाग मैदान में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 101 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया। वहीं, आठ निकाह भी कराए गए। इस पहल ने सामाजिक एकता, भाईचारे और सर्वधर्म सद्भाव का प्रेरणादायक संदेश दिया।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेटियों की शादी की जिम्मेदारी अक्सर बड़ी चिंता बन जाती है। ऐसे में विनय अग्रवाल की इस पहल ने अनेक परिवारों को राहत देने के साथ ही नवदंपतियों के जीवन की नई शुरुआत को यादगार बनाने का प्रयास किया। समारोह में विवाह की रस्में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुईं और नवदंपतियों को सुखद वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद दिया गया।





बेटियों के सम्मान और आत्मनिर्भर शुरुआत पर जोर

विवाह समारोह का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना और बेटियों के विवाह को सम्मानजनक ढंग से संपन्न कराना रहा। विनय अग्रवाल और आयोजन समिति की ओर से नवदंपतियों को गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए आवश्यक घरेलू सामान बेड फ्रिज, वस्त्र और उपहार भेंट किए गए। इससे नवविवाहित जोड़ों को नई जिंदगी शुरू करने में सहयोग मिला।

8 निकाह ने दिया सामाजिक सौहार्द का संदेश

इस आयोजन की खास बात यह रही कि हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह के साथ आठ निकाह भी संपन्न कराए गए। विभिन्न धार्मिक परंपराओं के लोगों की भागीदारी ने कार्यक्रम को सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बना दिया। खिरनी बाग मैदान में आयोजित समारोह ने यह संदेश दिया कि समाज सेवा का उद्देश्य धर्म और समुदाय की सीमाओं से ऊपर उठकर जरूरतमंदों की मदद करना है।

विनय अग्रवाल की पहल की सराहना

समारोह में पहुंचे गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, परिजनों और अन्य लोगों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। आयोजन को जरूरतमंद परिवारों के लिए सहयोग की महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा गया। विनय अग्रवाल के प्रयासों से आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह ने बेटियों के सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारी और आपसी भाईचारे को नई मजबूती देने का संदेश दिया। ऐसे आयोजन समाज को यह प्रेरणा देते हैं कि सामूहिक प्रयासों और सेवा भावना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की बड़ी जिम्मेदारियों को साझा किया जा सकता है और अनेक घरों में खुशियां लाई जा सकती हैं।

मंदिर के दान पत्र से हजारों रुपए की चोरी

खुदागंज। बीती रात अज्ञात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर दान पत्र में रखें रुपए चोरी कर लिए सुबह पुजारी ने सामान बिखरा देख तो चोरी के बारे में जानकारी हुई उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग खुदागंज कुचई घाट के निकट महादेवन मंदिर पर लंबे समय से देवरास गांव के पुजारी सुरजीत गिरी पूजा अर्चना व मंदिर की देखरेख का कार्य करते हैं सुबह जब वह आए तो दान पत्र ब कमरे का ताला टूटा देखा तो उन्हें चोरी के बारे में ज्ञात हुआ उन्होंने बताया कि पिछले कई महीने से दान के पैसे दान पत्र में रखे थे जो गायब थे वही कमरे के भी ताले टूटे थे जिसका सामान भी चोरों ने बिखेर दिया था उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

गन्ना मूल्य निर्धारण समिति की बैठक में किसान हितों की आवाज उठाएंगे कौशल मिश्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। गंगानगर निवासी प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा को राज्य परामर्शित गन्ना मूल्य निर्धारण संस्तुति समिति के सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया है। आगामी 29 अक्टूबर को सायंकाल 4 बजे लोक भवन में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के साथ होने वाली बैठक में गन्ना पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना मूल्य निर्धारण को लेकर चर्चा की जाएगी। कौशल मिश्रा स्वयं गन्ने की उन्नत खेती करते हैं और खेती-किसानी की व्यावहारिक समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं। ऐसे में बैठक में उनकी भागीदारी को गन्ना किसानों की समस्याओं, लागत और अपेक्षाओं को शासन के समक्ष रखने का अवसर माना जा रहा है। कौशल मिश्रा ने कहा कि वह स्वयं किसान हैं और किसानों के हितों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेंगे। गन्ने की खेती में बढ़ती लागत, खाद, बीज, सिंचाई, कीटनाशक और मजदूरी पर होने वाले खर्च को ध्यान में रखते हुए किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना चाहिए। उन्होंने किसानों से अपील की कि गन्ना मूल्य निर्धारण को लेकर उनके पास कोई सुझाव, समस्या या महत्वपूर्ण बिंदु हों, तो वे उन्हें अवश्य भेजें, ताकि बैठक में किसानों की वास्तविक जरूरतों और अपेक्षाओं को प्रभावी ढंग से रखा जा सके।

▶ 29 अक्टूबर को लोक भवन में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगी बैठक, गन्ना पेराई सत्र 2026-27 के मूल्य निर्धारण पर होगी चर्चा

कौशल मिश्रा ने कहा कि गन्ना मूल्य का निर्धारण किसानों की आर्थिक स्थिति और खेती की लागत को ध्यान में रखकर होना चाहिए। किसानों के सुझावों के आधार पर उनके हितों से जुड़े मुद्दों को शासन के समक्ष उठाने का प्रयास किया जाएगा। गन्ना किसानों को अब आगामी पेराई सत्र 2026-27 के लिए मूल्य निर्धारण से काफी उम्मीदें हैं। ऐसे में बैठक में किसानों की समस्याओं और उचित गन्ना मूल्य से जुड़े सुझावों पर चर्चा महत्वपूर्ण रहेगी।

"मन के बात" कार्यक्रम में शामिल हुई क्षेत्रीय विधायक, बांटे कैलेंडर

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। रविवार को नगर के खंड विकास कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम के 139वें संस्करण को सुना और उनके विचारों से प्रेरणा और मार्गदर्शन हासिल किया। साथ ही साथ 38 मिलक-शाहबाद के कार्यकर्ताओं ने विधायक राजबाला सिंह को पटका और शाल ओढ़ाकर स्वागत किया।



कार्यक्रम को सुनती क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह।

विधायक ने भी समस्त कार्यकर्ताओं को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें नववर्ष के कैलेंडर वितरित किए। विधायक ने कहा कि कोई भी कार्यकर्ता अपने आप को कमजोर ना समझे। क्षेत्र की किसी भी प्रकार की समस्या को उन्हें अवगत कराये। वह उन्हें आश्वासन देती है कि शीघ्र उन समस्याओं को दूर कराया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता दिलीप सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर,अनुभव शर्मा, नरेंद्र सिंह,अर्पित वशिष्ट, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, मोनी पांडे,अमित चंद्रवंशी,महेश चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम ठाकुर आदि रहे।

पुवायां मंडी में धान खरीद की धीमी रफ्तार से किसान परेशान, औने-पौने दाम पर फसल बेचने को मजबूर

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। मंडी समिति पुवायां में संचालित धान खरीद केंद्रों पर किसानों को अपनी उपजधान बेचने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि खरीद केंद्रों पर समय से धान की तौल नहीं होने के कारण उन्हें कई दिनों तक मंडी में इंतजार करना पड़ रहा है।

ऐसे में मजबूर होकर किसानों को अपनी मेहनत की कमाई औने-पौने दाम पर बेचनी पड़ रही है। मंडी में धान लेकर पहुंचे किसान हेतराम ने बताया कि वह 12 अक्टूबर को अपना धान लेकर मंडी आया था, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उसके धान की तौल नहीं हो सकी।



इससे उसे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में धान की तौल के इंतजार में किसानों का समय और पैसा दोनों खर्च हो रहे हैं। किसानों को उम्मीद थी कि सरकारी खरीद केंद्रों पर उनकी उपज की उचित कीमत मिलेगी, लेकिन तौल में देरी के चलते उनकी मुश्किलें बढ़ रही हैं। वहीं, मंडी के विपणन निरीक्षक त्रिपरेश तिवारी ने बताया कि मंडी में अब तक लगभग 700 कुंतल धान की तौल हो चुकी है। अब सवाल यह है कि जब सरकारी खरीद केंद्र किसानों की उपज खरीदने के लिए संचालित किए जा रहे हैं, तो किसानों को समय से तौल की सुविधा क्यों नहीं मिल पा रही है? किसानों को राहत देने के लिए धान खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने और लंबित तौल जल्द कराने की जरूरत है।

हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां का 53वां उर्स 4 नवंबर से शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। नगर के प्रसिद्ध बुजुर्ग हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां का 53वां उर्स शरीफ आगामी 4 नवंबर से प्रारंभ होगा। उर्स के दौरान तीन दिनों तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने दी। उन्होंने बताया कि उर्स शरीफ के पहले दिन 4 नवंबर की रात ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न स्थानों से आए शायर अपनी शायरी पेश करेंगे।



5 नवंबर को चादर गश्त और जलसा-ए-ईद मिलादुन्नबी: उर्स के दूसरे दिन 5 नवंबर को सुबह 10 बजे से चादर गश्त निकाली जाएगी। रात 8 बजे से जलसा-ए-ईद मिलादुन्नबी का आयोजन होगा। इसके बाद कव्वाली का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

6 नवंबर को कुल शरीफ और कव्वाली: उर्स के अंतिम दिन 6 नवंबर को सुबह 10:30 बजे कुल शरीफ होगा। इसके बाद कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। वहीं, रात 8 बजे से विशेष कव्वाली कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें नामचीन कव्वाल अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

उलेमा, शायर और कव्वाल होंगे शामिल: जलसे में कारी फुरकान रजा नूरी बीसलपुर, शायर मोहम्मद रजा बरकाती बरेली, रेहान रजा मरकजी बरेली, ताज रजा बरेली, मौलाना इरशाद हुसैन बरेली और मोहम्मद रजा फैजी को आमंत्रित किया गया है। वहीं, कव्वाली के कार्यक्रम में वसीम वारसी, शमीम वारसी और मुरादाबाद के वसीम चिश्ती अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने सभी अकीदतमंदों और नगरवासियों से उर्स शरीफ में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिरकत करने की अपील की है।

सड़क हादसे में एक ज़ख्मी, किया रेफर

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के नवाबपुरा गांव निवासी दिनेश सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दिनेश सड़क पर गिरकर लहुलूहान हो गए। हादसे को देख मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। राहगीरों की मदद से घायल दिनेश को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में भर्ती कराया गया। सीएचसी में तैनात चिकित्सकों ने तुरंत उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया। हालांकि, दिनेश की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन, 800 मीटर में आलम और 400 मीटर में अरविंद ने मारी बाजी



दौड़ प्रतियोगिता में बाज़ी मारने वाले युवक को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। रविवार को तहसील क्षेत्र के चौकोनी गांव में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सपा नेता रामबहादुर सागर और पूर्व जिला पंचायत सदस्य धीरेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रतियोगिता में पहुंचे सपा नेता रामबहादुर और राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रतियोगिता की 800 मीटर दौड़ में आलम ने प्रथम, अनुज ने द्वितीय और चौकोनी के अमित यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, 400 मीटर दौड़ में अरविंद प्रथम, भोला द्वितीय और मोनू तृतीय स्थान पर रहे। जिपं नन्हे यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस दौरान रमेश यादव, ओमवीर यादव, दीपक यादव, विशेष यादव, पुष्पेंद्र यादव, कोच शेर अली, कोच बंटी यादव,अमित यादव, रोहित सागर आदि रहे।

राज्यसभा सांसद मिथिलेश बोले- यूपी में बढ़ा इन्वेस्टमेंट

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। भाजपा के राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार रविवार दोपहर 2 बजे शाहजहांपुर पहुंचे और एक होटल में कार्यक्रम में शामिल हुए। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद से प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है, जिससे उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ा है। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर अब नगर निगम और विकास प्राधिकरण है। यहां बड़ी कंपनियां आ रही हैं, जिनका स्वागत है। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री सुरेश खन्ना के नेतृत्व में शाहजहांपुर में सीमेंट फैक्ट्रियां और कई एथेनॉल प्लांट लगे



युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद: सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टार्टअप, युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज एक प्राइवेट कंपनी का कपड़े धोने का पाउडर लॉन्च किया गया है, इस पहल से शाहजहांपुर के युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इस लॉन्चिंग कार्यक्रम में कंपनी के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। महापौर अर्चना वर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव भी इस मौके पर शामिल हुईं।

80 हजार रुपये की भैंस चोरी, युवक पर शक

पुवायां, शाहजहांपुर। कोतवाली क्षेत्र के कंजा गांव में घर के बाहर बंधी 80 हजार रुपये कीमत की भैंस चोरी हो गई। भैंस मालिक राकेश कुमार ने पूरेना गांव निवासी विनोद पर चोरी का शक जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। राकेश के मुताबिक, विनोद अक्सर उसकी भैंस खरीदने की बात कहता था। मना करने पर उसने भैंस खोलकर ले जाने की धमकी दी थी, जिसे राकेश ने मजाक समझा। 16 अक्टूबर की रात करीब 11:30 बजे भैंस चोरी हो गई। राकेश का कहना है कि घटना के बाद से विनोद गांव नहीं आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी आरके रावत ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

राष्ट्रवादी कवि डॉ. प्रदीप 'वैरागी' को 'काव्यशिल्पी सम्मान'

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां। कोरोना संकट की घड़ी में अपनी रचनाओं के माध्यम से जन-जागरण अभियान चलाकर कीर्तिमान स्थापित कर शिक्षा, साहित्य, समाजसेवा, पर्यावरण एवं जीव-दया के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान देने वाले क्षेत्र के गांव धारा निवासी लाल जीत एवं केतकी के छोटे बेटे सुप्रसिद्ध शिक्षक, कवि एवं साहित्यकार डॉ. प्रदीप 'वैरागी' को अखिल भारतीय काव्यधारा रामपुर (उत्तर प्रदेश) द्वारा 'काव्यधारा काव्यशिल्पी सम्मान-2026' से अलंकृत किया गया। रविवार को यूपी प्रेस क्लब, लखनऊ में आयोजित होने वाले भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के अवसर पर संस्था के संस्थापक ,राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र कमल आनंद , विश्वविख्यात साहित्यकार डॉ अशोक गुलशन बहराइची, अष्ठाना महेश मधुर, गदरपुर के वरिष्ठ कवि सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी ,, संजय श्रीवास्तव आदि संयुक्त रूप से द्वारा यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया।



बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं डॉ. वैरागी: पेशे से शिक्षक डॉ. प्रदीप 'वैरागी' अपनी उत्कृष्ट शिक्षण शैली के साथ-साथ समाज को नई दिशा देने में सदैव अग्रणी रहे हैं। एक प्रखर राष्ट्रवादी कवि और साहित्यकार के रूप में उनकी रचनाएं मा नवीय संवेदनाओं, राष्ट्र प्रेम और नैतिक मूल्यों को गहराई से अभिव्यक्ति देती हैं। साहि त्य सृजन के साथ-साथ वह एक समर्पित समाजसेवी, पर्यावरण प्रेमी तथा मानव गौ एवं पशु-पक्षी प्रेमी भी हैं। उनके द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्ष ण, बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा तथा समाज कल्याण के कार्यों की क्षेत्र एवं प्रदेश भर में सर्वत्र प्रशंसा होती है।

साहित्य और समाजसेवा का अद्भुत संगम: संस्थाध्यक्ष जितेन्द्र कमल आनन्द ने बताया कि डॉ. वैरागी को यह सम्मान उनके द्वारा शिक्षा, साहित्य और समाज सुधार के क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान हेतु प्रदान किया गया । इसके अतिरिक्त जनपद की कवयित्री डॉ सरिता बाजपेयी साक्षी , विनीता चौरसिया और नीलम सिंह सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 40 साहित्यकारों को भी अखिल भारतीय काव्यधारा (उत्तर प्रदेश) द्वारा 'काव्यधारा काव्यशिल्पी सम्मान-2026' से अलंकृत किया गया।

इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र कमल आनंद , मुख्य अतिथि कृपा शंकर श्रीवास्तव,विश्वविख्यात साहित्यकार डॉ अशोक गुलशन बहराइची, अति विशिष्ट अतिथि अष्ठाना महेश मधुर, उत्तराखंड के वरिष्ठ कवि सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी ,, राजवीर राज, वरिष्ठ कवयित्री रश्मि लहर, डॉ शिव भजन कमलेश, सुमित सिंह,संजय श्रीवास्तव, कुलदीप शर्मा, नमिता सचान सुन्दर, सुष्मिता सिंह काव्यमय सहित देश भर के ख्यातिलब्ध साहित्यकार, एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

घर में सोते समय महिला को सांप ने डसा

चंदौसी। थाना क्षेत्र के पावर हाउस कॉलोनी में रविवार सुबह घर पर सो रही एक महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तुरंत चंदौसी सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। हाउस कॉलोनी निवासी गुलनाज 35 वर्ष पत्नी जावेद रविवार सुबह करीब 5:00 बजे अपने घर पर तख्त पर सो रही थीं। इसी दौरान किसी सांप ने उनके सीधे पैर में काट लिया। कुछ ही देर में पैर में तेज दर्द होने पर उनकी आंख खुली और उन्होंने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने आनन-फानन में गुलनाज को चंदौसी सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने तुरंत महिला को भर्ती कर उसका इलाज शुरू कर दिया है। डॉक्टरों के मुताबिक समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण फिलहाल महिला की स्थिति खतरे से बाहर है और उसका उपचार जारी है।

अक्रूर संदेश पत्रिका के जनगणना विशेषांक का विमोचन

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। वार्ष्णेय जनकल्याण संगठन समिति की ओर से रविवार को रामबाग धाम स्थित बारहसैनी सेवा सदन में वार्षिक समारोह एवं 'अक्रूर संदेश' पत्रिका के जनगणना विशेषांक का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समाज के सैकड़ों बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित के साथ रजनीश कुमार वार्ष्णेय ने किया। अध्यक्षता सुरेश चन्द्र वार्ष्णेय ने की, जबकि संचालन अंकित वार्ष्णेय एवं मंगेश वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से किया। संगठन के अध्यक्ष दिव्यांशु नारायण ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए बताया कि 'अक्रूर संदेश' पत्रिका के इस विशेष विशेषांक में नगर के समस्त वार्ष्णेय समाज के परिवारों का विस्तृत विवरण संकलित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस संकलन का मुख्य उद्देश्य समाज के परिवारों की जानकारी को सुरक्षित रखना, आपसी परिचय बढ़ाना तथा सामाजिक एकता व समन्वय को मजबूत करना है। वक्ताओं ने इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज की विरासत को सहेजने की एक ऐतिहासिक पहल बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और अतिथियों द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय रामबाग धाम के प्रधान मौसम गुप्ता ने शिरकत की। पत्रिका का औपचारिक विमोचन सुभाष चन्द्र भोलानाथ के कर-कमलों द्वारा किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव वार्ष्णेय, भुवनेश चौधरी, किशन कुमार, राहुल गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया। इस सफल आयोजन में महामंत्री प्रियंक चौधरी, कोषाध्यक्ष प्रतिक वार्ष्णेय, इंजीनियर उमंग, दीपक सोनू, अभिनव वार्ष्णेय, सिद्धार्थ, हेमंत, नितिन, चिराग फैन्सी, विकास वार्ष्णेय, सुरेश चंद वार्ष्णेय, गिरिराज किशोर, अमित केएस, मनोज कुमार, मनोज कुमार, प्रवीण वार्ष्णेय, अमित कुमार अप्पू, राजन वार्ष्णेय, गोपाल वार्ष्णेय, कपिल वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय, राजकुमार वार्ष्णेय, राजू, हर्षित वार्ष्णेय, आदि लोग मौजूद रहें।


वार्ष्णेय समाज के वार्षिक समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करती पालिकाध्यक्ष व अखिलेश खिलाड़ी।



चंदौसी में वार्ष्णेय समाज के वार्षिक समारोह पत्रिका का विमोचन करतें अतिथि। -जागरण मोर्चा

आरएसएस हनुमान शाखा ने निकाला भव्य पथ संचलन

चंदौसी। सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी में रविवार को विजयदशमी उत्सव एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 101वां स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता संभल विभाग प्रचार प्रमुख अशोक जी ने कहा कि विजयदशमी अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना की थी। संघ का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति और चरित्र निर्माण के संस्कार जागृत करना है। अध्यक्षता डॉ. रमाकांत ने की। बौद्धिक सत्र के बाद स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला। यह हनुमानगढ़ी से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुआ। जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान सुखलेश सिंह, छत्रपाल सिंह, डॉ. टीएस पाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

रोटरी क्लब रॉयल्स ने मनाया दीपोत्सव बच्चों की रामायण प्रस्तुति ने मोहा मन

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। रोटरी क्लब चंदौसी रॉयल्स की ओर से दीपावली के पावन पर्व पर 'दीपोत्सव – एक दिवाली, अयोध्या वाली' का भव्य और आकर्षक आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे आयोजन स्थल को अयोध्या नगरी की थीम पर सजाया गया, जहां भव्य अयोध्या द्वार पारंपरिक झोपड़ियां और सुंदर सेल्फी पॉइंट्स ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक अयोध्या नगरी में होने का अहसास कर उठे। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण क्लब के नन्हे-मुन्ने कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रामायण की 30 मिनट की अविराम एवं संगीतमय नाट्य प्रस्तुति रही। बच्चों ने माता सीता के स्वयंवर से लेकर भगवान श्रीराम के वनवास, लंका दहन, रावण वध और अंत में अयोध्या वापसी दीपावली तक की पूरी गाथा को अपने शानदार अभिनय, गीतों और संवादों के माध्यम से जीवंत कर दिया। बाल कलाकारों की इस भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष डॉ.काव्या सौरभ रस्तोगी अपने परिवार सहित उपस्थित रहीं। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य रोटरी क्लबों के सदस्य भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। रोटरी रॉयल्स परिवार ने इस अनूठे आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति, पारिवारिक एकता और भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का सुंदर संदेश दिया।

इस भव्य दीपोत्सव को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, नेन्सी अग्रवाल, सचिव अपूर्व अग्रवाल, नैना अग्रवाल, प्रतिक गोयल, निष्ठा गोयल, कार्यक्रम चेयरपर्सन निकिता, वानी का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही मोहित गुप्ता सैमसंग, राहुल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, विक्रम वार्ष्णेय, अतुल गेरा, विनय अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, शशांक गोयल, शशांक अग्रवाल, डॉ. वैभव, पारस गुप्ता, अमन अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, आदित्य वार्ष्णेय, डॉ. पयोध सहित क्लब के समस्त सदस्यों ने पूरी तन्मयता से अपनी भूमिका निभाई, जिससे यह दीपोत्सव सभी के लिए यादगार बन गया।


चंदौसी में दीपोत्सव कार्यक्रम में अतिथि को सम्मानित करतें क्लब के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा



चंदौसी में दीपोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते बच्चे। -जागरण मोर्चा

कार बचाने में पलटा ई-रिक्शा, पांच लोग हुए गंभीर घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। बहजोई रोड स्थित न्यू बाईपास पर रविवार को तेज रफ्तार कार को बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां से दिनेश और कमलेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव जरोई हयात नगर निवासी दिनेश पुत्र हरपाल अपने परिवार के साथ ई-रिक्शा से मुरादाबाद रोड स्थित कुबेर फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे। रविवार को न्यू बाईपास पर मुरादाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार को बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया।

हादसे में दिनेश, उनकी पत्नी लक्ष्मी, भाभी रुक्मणी, बुआ कमलेश और ई-रिक्शा चालक चंद्रभान सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने घायलों की मदद की और एंबुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को चंदौसी सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दिनेश और कमलेश की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

भागवत कथा में गोवर्धन पूजा पर झूमे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। गांव गुमथल स्थित ब्रह्मपुरी स्थल पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास गौरव कुमार शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन किया।

इस दौरान गोवर्धन पर्वत की भव्य झांकी सजाई गई। मधुर भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण के नामकरण संस्कार, पूतना वध और माखन चोरी की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने अत्याचारी राक्षसों का संहार कर धर्म की स्थापना की और अपनी प्रेममयी लीलाओं से ब्रजवासियों को आनंदित किया। गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि देवराज इंद्र को अपनी शक्ति पर अहंकार हो गया था। उनका घमंड दूर करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की प्रेरणा दी। इससे क्रोधित इंद्र ने मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान ने अपनी कनिष्ठ उंगली पर गोवर्धन पर्वत को सात दिनों तक उठाए रखा। अंततः इंद्र को अपनी भूल का अहसास हुआ और उन्होंने क्षमा मांगी। इस अवसर पर गोवर्धन पर्वत उठाने की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पूजन कर भगवान को भोग अर्पित किया। कथा के समापन पर महाआरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान अजय पाठक, विवेक शर्मा, आनंद शर्मा, अनमोल पाठक, विकास शर्मा, डॉ. हरि सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण मौजूद रहे।


गुमथल में श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथा व्यास गौरव कुमार शास्त्री।

विजयादशमी पर किया शस्त्र पूजन और निकाला पथ संचलन

- अलग-अलग बस्तियों में आयोजित हुए कार्यक्रम, स्वयंसेवकों ने अनुशासन और सामाजिक समरसता का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। विजयादशमी पर्व के पावन अवसर पर रविवार को ने नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विभिन्न बस्तियों में पारंपरिक शस्त्र पूजन एवं भव्य पथ संचलन कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस दौरान नगर की सड़कों पर स्वयंसेवकों का अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का जज्बा देखते ही बन रहा था। कार्यक्रमों की शुरुआत शस्त्र पूजन और बौद्धिक सत्रों से हुई, जिसमें मुख्य वक्ताओं ने संगठन, अनुशासन, सामाजिक समरसता और राष्ट्र भावना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

विभिन्न पार्कों व विद्यालयों में आयोजित हुए बौद्धिक सत्र

- नगर की विभिन्न बस्तियों के अनुसार तय किए गए स्थानों पर कार्यक्रम संपन्न हुए माधव बस्ती व सुभाष बस्तीः अहिल्याबाई पार्क में एकत्रीकरण।
- हनुमान बस्ती, गणेश बस्ती व लव कुश बस्तीः हनुमान गढ़ी विद्यालय प्रांगण में आयोजन।
- दयानंद बस्ती, आदर्श बस्ती व प्रह्लाद बस्ती लक्ष्मी देवी हर प्रसाद विद्यालय में कार्यक्रम।
- राम बस्ती व केशव बस्तीः जय श्री गार्डन में शस्त्र पूजन व बौद्धिक सत्र।

इन कार्यक्रमों में मुख्य वक्ता अंकुर जी, अशोक, चरन सिंह, अनिल का मार्गदर्शक उद्बोधन रहा। वक्ताओं ने स्वयंसेवकों को संघ की समृद्ध परंपराओं और राष्ट्रीय चिंताओं के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। नगर कार्यवाह डॉ. विवेक ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 101 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चंदौसी नगर में यह विशेष आयोजन किए गए। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य शस्त्र पूजन की सनातन परंपरा, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण, सामाजिक समरसता, अनुशासन तथा संगठनात्मक एकता के माध्यम से राष्ट्र भावना को सुदृढ़ करना है।

कार्यक्रम के अंत में अनुशासित रूप से पथ संचलन निकाला गया, जिसका नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।


चंदौसी में पथ संचलन निकालतें स्वयंसेवक। -जागरण मोर्चा


चंदौसी में पथ संचलन में घोष बजाते स्कूलों के बच्चे। -जागरण मोर्चा

रामलीला के दूसरे दिन हुआ प्रभु श्रीराम के भव्य जन्मोत्सव का भावपूर्ण मंचन


चंदौसी के गांव बनियाखेड़ा में रामलीला का मंचन करते कलाकार।


चंदौसी में श्रीराम राजतिलक में शामिल राम दरबार। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। चंदौसी के गांव बनियाखेड़ा श्री आदर्श युवक रामलीला समिति, के तत्वावधान में शिव मंदिर परिसर में आयोजित रामलीला मंचन के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म का सजीव और भावपूर्ण मंचन किया गया। रामजन्म के प्रसंग ने दर्शकों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरी अयोध्या नगरी के उल्लास को जीवंत कर दिया।

लीला प्रसंग के अनुसार, बढ़ती आयु के साथ संतान न होने से अयोध्या के राजा दशरथ व्याकुल हो उठते हैं। अपनी इस शंका के समाधान के लिए वे कुलगुरु वशिष्ठ जी के पास पहुंचते हैं। वशिष्ठ जी की सलाह पर राजा दशरथ द्वारा श्रृंगी ऋषि से 'पुत्रेष्टि यज्ञ' कराया जाता है। यज्ञ से प्रसन्न होकर अग्नि देव प्रकट होते हैं और राजा दशरथ को दिव्य फल प्रदान करते हुए इसे अपनी तीनों रानियों को खिलाने का आशीर्वाद देते हैं।

दिव्य फल के प्रभाव से राजा दशरथ की तीनों रानियों के गर्भ से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म होता है। चारों पुत्रों के प्राकट्य की खबर मिलते ही पूरी अयोध्या नगरी में खुशियों की लहर दौड़ जाती है। ढोल-नगाड़ों और बधाई गीतों के बीच श्रद्धालु ईश्वर की जय-जयकार करने लगते हैं। सफल और जीवंत मंचन में समिति के प्रमुख कलाकारों ने अपनी बेहतरीन भूमिकाओं से समां बांध दिया। इस दौरान मूलचंद शास्त्री, डॉ. महेश मौर्या, थान सिंह यादव, कमल सिंह प्रजापति, सोमपाल सिंह प्रजापति, अनुज गिरी, पुष्पेंद्र प्रजापति, प्रिंस, गौरव, एक राम प्रजापति, जागन सिंह मौर्य, अमृतलाल प्रजापति आदि कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ प्रभु श्रीराम का राजतिलक

चंदौसी। श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि व विजयदशमी महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार शाम बाजार शिवसहाय स्थित साहू राघव लोचन के प्रतिष्ठान पर प्रभु श्रीराम का भव्य राजतिलक कार्यक्रम पूर्ण विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रभु श्रीराम, माता सीता, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के सिंहासन पर विराजमान होने के बाद कुलगुरु वशिष्ठ द्वारा उनका राज्याभिषेक किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने श्री राम दरबार की मंगल आरती की। इस दौरान रामबाग ट्रस्ट के प्रधानु मौसम गुप्ता, दीपक गुप्ता, गौरव वार्ष्णेय, राकेश चन्द्र आर्य, कोठारी अंकित वार्ष्णेय, राघव लोचन, पवन कुमार, गिरीश रतन, कौशल किशोर, वन्देमातरम' प्रमोद कुमार गांधी, सहित बड़ी संख्या में ट्रस्टी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।


चंदौसी में ताइक्वांडो फाइट कैंप में शामिल खिलाड़ी।

12वें टैग टीम ताइक्वांडो फाइट कैंप का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारने और बेहतर तकनीकी प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से 'अंकुश ताइक्वांडो क्लब एंड एकेडमी' की ओर से 12वें 'फाइट कैंप एवं टैग टीम' का आयोजन मयूर विहार में किया जा रहा है। अकैडमी के कोच अंकुश राणा ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को केवल मुकाबलों के लिए तैयार करना नहीं, बल्कि उनकी तकनीक, गति, संतुलन, और मानसिक मजबूती को बढ़ाना है। इस तरह के प्रशिक्षण से खिलाड़ी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए आत्मविश्वास के साथ तैयार होते हैं।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com

भारत-अमरीका तेल गठबंधन

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप अचानक इतने विनम्र और दोस्ताना क्यों हो गए हैं? भारत के लिए अच्छी-अच्छी बातें करने लगे हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि भारत के साथ व्यापार-समझौता जरूर होगा। ट्रंप लगातार बयान देते रहे हैं कि यह समझौता अंतिम चरण में है। अमरीकी राष्ट्रपति ने अपने प्रतिनिधि के तौर पर विदेश मंत्री एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रूबियो को भारत भेजा। तीन दिन के प्रवास के दौरान रूबियो ने भारत को 'रिफाइनिंग सुपरपॉवर' करार दिया। उन्होंने रिलायंस चेयरमैन मुकेश अंबानी के अलावा अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन सरीखे शीर्ष उद्योगपतियों से मुलाकातें कीं। यह कमर्शियल कूटनीति का स्पष्ट संकेत है। अमरीकी विदेश मंत्री को रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी तक जाना पड़ा, क्योंकि वह जानते हैं कि वेनेजुएला के सल्फर-बहुल, भारी, निम्न दर्जे के कच्चे तेल का शोधन जामनगर रिफाइनरी ही कर सकती है। रिफाइनिंग के क्षेत्र में भारत अमरीका, चीन, रूस के बाद चौथा सक्षम देश है और जामनगर समेत भारत की 23 रिफाइनरियां दुनिया में 21 फीसदी से अधिक भागीदारी निभा रही हैं। अमरीका और यूरोप भारत के पेट्रो उत्पादों-डीजल, पेट्रोल, विमान ईंधन आदि-के बड़े खरीददार हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था और प्रभुत्व का यह नया चेहरा तब सामने आया है, जब अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने राष्ट्रपति ट्रंप की इच्छा जाहिर की है कि तेल के क्षेत्र में भारत-अमरीका गठबंधन बनाया जाए। भारत अमरीका का रणनीतिक साझेदार तो है, लेकिन भारत अपनी तेल-जरूरतों की पूर्ति अमरीका के जरिए कर सकता है। इस तरह अमरीका भारत के साथ संबंधों को नया आधार, आयाम और नई मजबूती देने का पक्षधर है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 100 फीसदी टैरिफ थोपने वाला कानून फिलहाल ठंडे बस्ते में रख दिया है, क्योंकि खुद अमरीका रूस से डीजल का आयात कर रहा है। नए परिदृश्य में हमने अमरीका से जनवरी-सितंबर में करीब 1.28 लाख बैरल कच्चा तेल प्रतिदिन खरीदा था, लेकिन अक्तूबर में यह आयात घटा कर करीब 91,000 बैरल करना पड़ा। अमरीकी तेल कई दिनों बाद सप्लाई होता है और परिवहन की लागत के कारण महंगा भी पड़ रहा था। भारत अमरीका से 8 अरब डॉलर से अधिक का तेल आयात करता है। बहरहाल भारत ने रूस से तेल का आयात जारी रखा है, लेकिन खाड़ी देशों पर निर्भरता काफी कम कर दी है। ईरान युद्ध और समुद्री मार्ग की नाकेबंदी बुनियादी वजह हो सकती है। चूंकि वेनेजुएला दुनिया में सबसे बड़ा तेल-उत्पादक और निर्यातक देश है, उस पर अब अमरीका का कब्जा है, लिहाजा विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने विकल्प रखे हैं कि भारत अब रूस के बजाय अधिकतम तेल अमरीका से ही आयात करे। अमरीका ने अब प्रतिबंधों की भाषा बोलनी बंद कर दी है। अमरीका वेनेजुएला का भारी तेल रिलायंस रिफाइनरी से ही शोधित कराना चाहता है, डाटा क्षेत्र में भी अंबानी, अदाणी समूहों की काफी सक्रिय भूमिका है, लिहाजा आज अमरीका अप्रत्याशित रूप से विनम्र दिख रहा है और भारत के साथ तेल गठबंधन की बात कर रहा है। कभी अमरीका भारत को 'बाजार और उद्योग की चींटी' मानता था, लिहाजा बात करना भी अपना अपमान समझता था, लेकिन अब विश्व और व्यापार के समीकरण बदल चुके हैं। भारत अब विश्व-व्यवस्था में महाशक्ति के तौर पर मौजूद है। यह नए दौर, नई व्यवस्था, नई 'सुपरपॉवर' के साथ नए किस्म के राजनयिक संबंधों की शुरुआत है। वैसे भी राष्ट्रपति ट्रंप अभी अपनी राजनीति और लोकप्रियता के निम्नतम पायदान पर हैं, उन्हें करीब 31 फीसदी लोग ही समर्थन दे रहे हैं, करीब 68 फीसदी अमरीकी उनकी आर्थिक नीतियों के खिलाफ हैं, उनमें 37 फीसदी रिपब्लिकन समर्थक भी हैं, लिहाजा उन्हें कुछ कर दिखाने की जरूरत है। अमरीका को पेट्रो उत्पादों की सख्त जरूरत है, डीजल-पेट्रोल के दाम अप्रत्याशित स्तर पर बताए जा रहे हैं, ईरान युद्ध में अमरीका के करीब 265 अरब डॉलर फूंक दिए जा चुके हैं, लिहाजा ट्रंप रक्षात्मक स्थिति में हैं कि लोकप्रियता को कैसे बहाल किया जाए? भारत इस संदर्भ में मदद कर सकता है, क्योंकि तेल-शोधन की उसकी क्षमताएं अमरीका भी जान चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या भारत ट्रंप पर निर्णायक विश्वास करने का जोखिम उठा सकता है? ट्रंप की जिस तरह की गतिविधियां रही हैं, उनको देखते हुए उन पर विश्वास करना कठिन है। वह पहले दिन कहते हैं कि इरान से जंग खत्म होने वाली है, और दूसरे दिन कहते हैं कि अमरीका उस पर निर्णायक प्रहार करेगा। पहले दिन कहते हैं कि भारत पर ज्यादा टैक्स नहीं लगेगा, दूसरे दिन सौ प्रतिशत कर लगाने की बात दोहराते हैं। इस तरह की उनकी मनोस्थिति में उन पर विश्वास नहीं होता है।

आखिर क्यों धधक रहा है फ्रांस और अन्य यूरोपीय देश?

यूरोप में हिंसक विरोध-प्रदर्शनों, दंगों, आगजनी और पुलिस के साथ टकराव को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानकर नहीं समझा जा सकता। चूंकि इसके पीछे आर्थिक असंतोष, सामाजिक विभाजन, आव्रजन और एकीकरण की बहस, राजनीतिक ध्रुवीकरण, युवाओं में भविष्य को लेकर चिंता तथा पुलिस और नागरिकों के बीच विश्वास का संकट जैसे कई कारक हो सकते हैं।



लेकिन एक बुनियादी अंतर समझना जरूरी है, वह यह कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकार है, जबकि आगजनी, लूटपाट, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और लोगों पर हमले अपराध हैं। किसी प्रदर्शन में हिंसा होने का अर्थ यह नहीं कि उसमें शामिल हर व्यक्ति हिंसक है या पूरा समुदाय उसके लिए जिम्मेदार है। शायद इसी भ्रम में देश के देश जल रहे हैं और पुलिस तत्काल बहुत कुछ कर नहीं पाती। इससे आत्ताइयों के हौसले बुलंद हैं और लोकतांत्रिक सोच अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। भले ही फ्रांस और अन्य यूरोपीय देशों की परिस्थितियाँ भी एक जैसी नहीं हैं। इसलिए यह देखना आवश्यक है कि अशांति किन कारणों से भड़कती है, पुलिस की कार्रवाई कहाँ कठिन हो जाती है और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करते हुए हिंसा रोकने के लिए कौन-से उपाय प्रभावी हो सकते हैं।

सवाल है कि अक्टूबर 2026 में फ्रांस में वास्तव में क्या हो रहा है? तो जवाब होगा कि फ्रांस में सितंबर के अंत से शुरू हुआ छात्र आंदोलन अक्टूबर में व्यापक अशांति में बदल गया। प्रारंभिक असंतोष स्कूलों की खराब सुविधाओं, शिक्षकों की कमी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों को लेकर था। बाद में महँगाई, जीवन-यापन की बढ़ती लागत और सार्वजनिक सेवाओं की स्थिति जैसे मुद्दे भी आंदोलन से जुड़ गए। आखिर पेरिस सहित कई शहरों में लूटपाट, तोड़फोड़ और पुलिस से टकराव हुए। सरकार को बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात करने पड़े और कुछ क्षेत्रों में रात्रिकालीन कर्फ्यू प्रतिबंध लगाए गए। फ्रांसीसी अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों और हिंसा के पूर्वानुमान में कमियों को भी स्वीकार किया। इसी समय इटली में भी जीवन-यापन की लागत, कम वेतन और सार्वजनिक सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के बीच प्रदर्शन हिंसक हुए। स्पेन और पुर्तगाल में आवास की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। हालांकि, इन सभी घटनाओं के कारण और उनका स्वरूप अलग-अलग हैं।

सवाल है कि आखिर यूरोप में असंतोष बार-बार क्यों भड़कता है? तो इसके कुछ कारण हैं जो निम्नलिखित हैं:- **पहला, महँगाई, आवास और आर्थिक असुरक्षा:** जब किराया, ऊर्जा, परिवहन और रोजमर्रा के खर्च बढ़ते हैं, लेकिन आय और रोजगार के अवसर उसी गति से नहीं बढ़ते, तो लोगों में व्यवस्था के प्रति नाराजगी बढ़ सकती है। युवाओं के लिए अच्छी शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्र जीवन की संभावनाएँ सीमित महसूस होना इस असंतोष को और बढ़ा सकता है।

दूसरा, सार्वजनिक सेवाओं पर दबाव: स्कूलों में शिक्षकों की कमी, जर्जर सुविधाएँ और स्थानीय सेवाओं की कमजोर स्थिति नागरिकों को यह महसूस करा सकती है कि उनकी समस्याओं को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं मिल रही। फ्रांस के हालिया आंदोलन में शिक्षा से जुड़ी शिकायतें शुरुआती मुद्दों में शामिल थीं।

तीसरा, सामाजिक अलगाव और अवसरों में असमानता: कुछ शहरी और वंचित इलाकों में रोजगार, शिक्षा और सामाजिक उन्नति के अवसरों की कमी असंतोष को गहरा सकती है। यदि नागरिकों को लगता है कि संस्थाएँ उनकी बात नहीं सुनतीं या उनके साथ भेदभाव होता है, तो राज्य पर भरोसा कमजोर पड़ सकता है। लेकिन इसे हर उपद्रव का एकमात्र कारण मानना उचित नहीं होगा।

चौथा, राजनीतिक ध्रुवीकरण और आंदोलन का हिंसक हो जानाः किसी जायज मांग के साथ बड़ी संख्या में लोग शांतिपूर्वक जुट सकते हैं, लेकिन कुछ समूह उसी भीड़ का इस्तेमाल तोड़फोड़, लूटपाट या पुलिस को उकसाने के लिए कर सकते हैं। सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने वाली तस्वीरें और संदेश भी तनाव बढ़ा सकते हैं। आंदोलन की मांगों और हिंसा करने वाले व्यक्तियों की जिम्मेदारी को अलग-अलग समझना जरूरी है।

पाँचवाँ, आव्रजन और राष्ट्रीय पहचान पर विवादः यूरोप के अनेक देशों में आव्रजन, शरणार्थियों के एकीकरण, राष्ट्रीय पहचान और सार्वजनिक संसाधनों के वितरण पर राजनीतिक बहस चलती रही है। ये विवाद ध्रुवीकरण बढ़ा सकते हैं, लेकिन फ्रांस की अक्टूबर 2026 की हिंसा के लिए किसी विशेष धार्मिक या प्रवासी समुदाय को जिम्मेदार ठहराने के पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं।

महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष यह है कि आर्थिक असंतोष हिंसा की पृष्ठभूमि तैयार कर सकता है, लेकिन वह हिंसा को उचित नहीं ठहराता। इसी प्रकार, किसी अपराधी की पहचान या पृष्ठभूमि के आधार पर पूरे समुदाय को दोषी ठहराना भी तथ्यपरक समाधान नहीं है। सवाल है कि उत्पाती और हिंसक भीड़ पर नियंत्रण में पुलिस क्यों पिछड़ जाती है? तो जवाब होगा कि यह इस पूरे संकट का सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू है। अक्टूबर 2026 की फ्रांसीसी घटनाओं में पुलिस की विफलता के कुछ ठोस कारण सामने आए हैं। इन्हें केवल पुलिस की कमजोरी या इच्छाशक्ति की कमी कह देना अधूरा विश्लेषण होगा।

एक, खुफिया आकलन और तैयारी में चूकः फ्रांस में 17 अक्टूबर के प्रदर्शनों के लिए भीड़ का अनुमान वास्तविक संख्या से काफी कम रहा। आंतरिक मंत्रालय के शुरुआती अनुमान लगभग 60,000–110,000 प्रदर्शनकारियों के थे, जबकि बाद में संशोधित अनुमान 200,000 तक पहुँचे और मंत्रालय ने वास्तविक उपस्थिति लगभग 550,000 बताई। यह सरकारी अनुमान है, स्वतंत्र रूप से सत्यापित अंतिम गणना नहीं। इतनी बड़ी भीड़ के बीच हिंसा करने वाले छोटे समूहों की पहचान और सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा कठिन हो जाती है।

अजरबैजान ने मारी गजब की पलटी

पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह अजरबैजान ने तुर्की के साथ मिलकर पाकिस्तान का साथ दिया था उसे देखकर भारत हैरान था। लेकिन जल्द ही समय ने करवट ली। अब दक्षिण काकेशस की राजनीति में भारत ने पाकिस्तान को एक बड़ा कूटनीतिक झटका दे दिया है। हम आपको बता दें कि कभी पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आने वाले अजरबैजान के साथ अब भारत के रिश्ते नई गर्माहट लेते दिख रहे हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की बाकू यात्रा और राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव व विदेश मंत्री जेहुन बायरामोव के साथ उनकी मुलाकात ने साफ कर दिया है कि भारत और अजरबैजान पुराने मतभेदों को पीछे छोड़कर सहयोग के नए रास्ते तलाश रहे हैं। आतंकवाद से मुकाबले, क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार, ऊर्जा और संपर्क बढ़ाने जैसे मुद्दों पर हुई बातचीत भारत की कूटनीतिक सक्रियता का संकेत है। पाकिस्तान के लिए यह घटनाक्रम इसलिए अहम है, क्योंकि जिस अजरबैजान को वह अपना करीबी सहयोगी मानता रहा है, वही अब भारत के साथ रिश्ते मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर ने राष्ट्रपति अलीयेव से मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं पहुंचाईं। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति और उन्हें आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की। विदेश मंत्री बायरामोव के साथ वार्ता में व्यापार, निवेश और ऊर्जा सहयोग के विस्तार पर जोर दिया गया। हम आपको बता दें कि भारत और अजरबैजान अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) में भी रुचि रखते हैं और इसके तहत बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर सहमत हुए। हवाई संपर्क बढ़ाने तथा पर्यटन, कारोबार और लोगों के बीच आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने पर भी चर्चा हुई। जयशंकर ने पश्चिम एशिया में संघर्ष के दौरान ईरान से भारतीय नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों, को निकालने में अजरबैजान की सहायता के लिए आभार जताया।

इस यात्रा का सबसे संवेदनशील पहलू आतंकवाद और सुरक्षा से जुड़ा रहा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा संबंधी मुद्दों, आतंकवाद और साझा खतरों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने भी कहा कि आतंकवाद, संघर्ष और अस्थिरता दोनों देशों के साझा शत्रु हैं। देखा जाये तो भारत और अजरबैजान के बीच हुई बातचीत के आधिकारिक दायरे में आतंकवाद और साझा सुरक्षा चुनौतियों को स्थान मिलना क्षेत्रीय राजनीति में बड़ा घटनाक्रम है।

यह घटनाक्रम इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और अजरबैजान के संबंधों में तनाव आया था। अजरबैजान ने पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे के विरुद्ध भारत की सैन्य कार्रवाई की आलोचना की थी। दूसरी ओर, पाकिस्तान और तुर्किये के साथ बाकू के बढ़ते सामरिक संबंध भारत की चिंताओं का कारण रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रपति अलीयेव से सीधी बातचीत और विदेश मंत्रियों की विस्तृत वार्ता यह दिखाती है कि दोनों देश मतभेदों को स्थायी बाधा नहीं बनने देना चाहते।

वहीं अजरबैजान के मीडिया ने भी जयशंकर की यात्रा को प्रमुखता दी है। समाचार एजेंसी ट्रेंड ने राष्ट्रपति अलीयेव की जयशंकर से मुलाकात और विदेश मंत्री बायरामोव के उस बयान को प्रकाशित किया जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले वर्षों के मतभेदों ने द्विपक्षीय संबंधों तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों में सहयोग की संभावनाओं को प्रभावित किया था। बायरामोव ने कहा कि मुद्दों पर खुले और रचनात्मक ढंग से चर्चा हुई है और इससे संबंधों को अगले स्तर तक ले जाने का आधार तैयार होगा। एपीए और रिपोर्ट.az ने भी व्यापार, निवेश, सांस्कृतिक संबंधों तथा दोनों देशों की स्वतंत्र विदेश नीति पर जयशंकर की टिप्पणियों को प्रमुखता दी। इससे संकेत मिलता है कि बाकू इस संपर्क को केवल औपचारिक शिष्टाचार नहीं, बल्कि संबंधों को नए सिरे से व्यवस्थित करने के अवसर के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।

कर्मचारियों के लिए

इस बार दिवाली के दीप सरकारी कर्मचारियों को सुखद एहसास देंगे। कम से कम हिमाचल सरकार ने महंगाई के रावण को मारने के लिए कर्मचारियों को कुल पांच प्रतिशत डीए की किस्त दी है। कर्मचारी आशाओं का सूखापन महंगाई भत्ते की आदायगी से कितना हरा होता है, इससे कहीं अधिक गणना यह है कि सरकार ने अपनी तमाम आर्थिक दिक्कतों तथा वित्तीय बाधाओं के बीच कर्मचारियों की हिस्सेदारी सुनिश्चित की है। पिछले कुछ समय से कर्मचारी वर्ग की ओर से यह दबाव रहा है कि उनके खाते में विभिन्न भुगतान किए जाएं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उक्त घोषणा करने से पूर्व हिमाचल की आर्थिक स्थिति, केंद्र के व्यवहार तथा सरकार के विभिन्न प्रयासों का जिक्र किया है। यह मानना पड़ेगा कि सरकार को चलाने का सबसे अधिक खर्चा सरकारी कर्मचारी व पेंशनभोगियों के खाते में जाता है। सरकार अपने चौथे वर्ष की लागत में मनोहारी होने का हर रंग आजमा सकती है और इसकी एक शुरुआत हम महंगाई की किस्त में देख सकते हैं। इससे पहले मंत्रिमंडल की बैठक में रिक्त पदों की भरपाई में सैकड़ों पदों पर नियुक्तियों का रास्ता खोला गया है। हम पहले भी कह चुके हैं कि अब सौगातों की फेहरिस्त में सरकार अपने हर कदम से चौंकाएगी। मसलों और मुद्दों पर नई दृष्टि और समाधानों की तीव्रता में सरकार अपना कद दिखाएगी। यह दीगर है कि अभी आर्थिक बेडियां टूटी नहीं हैं और राज्य को उधार उठाने की दरकार रहती है, फिर भी चुनाव की राह पर निकलने से पहले हर हिसाब में खर्च खड़ा होगा।

सरकार अपने हर तर्क में व्यवस्था परिवर्तन का जोखिम उठाती है और इसी तुलना में सियासी माहौल बनाती है। बेशक आर्थिक संसाधनों की तलाश में सरकार ने कुछ अहम फैसले लिए, लेकिन आत्मनिर्भर होने का रास्ता बहुत दूर है। सरकार जल, जंगल और पर्यावरण से अपने अधिकारों की तलाश कर रही है। राज्य की संपत्तियों में अपना हिस्सा तय करते हुए वाइल्ड फ्लावर हॉल की तश्तरी में आए 400 करोड़ तथा विद्युत परियोजनाओं को नई कलम से लिखते समझौते आशा जगाते हैं। बहरहाल आत्मनिर्भरता के मायनों में सरकार की अपनी प्राथमिकताएं हो सकती हैं, लेकिन बढ़ते कर्ज का हिसाब अगर एक लाख करोड़ के आंकड़े को छू रहा है, तो आर्थिक दृश्य सहम जाते हैं। स्वयं मुख्यमंत्री कह चुके हैं कि बजट का 70 फीसदी हिस्सा कर्मचारी वेतन-भत्ते, पेंशन और देनदारियों में खर्च होता है, तो बाकी मसलों, तरक्की के हाथों और ऋण बोझ से मुक्त होने के लिए कहां से आएगा धन। सोलहवें वित्तायोग की कचहरी पहले ही हिमाचल से विशेष राज्य के दर्जा के खिलाफ आरडीजी को मना कर चुकी है।

जिम्मेदारी के कानून से रुकेंगे भगदड़ के हादसे

भीड़ की वास्तविक समय में निगरानी के लिए ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे, पीए (पब्लिक एड्रेस) सिस्टम और स्मार्ट कंट्रोल रूम का उपयोग किया जाना चाहिए। भगदड़ अक्सर झूठी अफवाहों या अचानक घबराहट से होती है। इसके लिए लाउडस्पीकर के जरिए लगातार सही और स्पष्ट सूचनाएं दी जानी चाहिए। हाल ही में ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने भीड़ नियंत्रण और सामूहिक समारोहों के प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक और निवारक रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसका उद्देश्य पुलिस बल को आधुनिक और मनोवैज्ञानिक तरीकों से भीड़ संभालने के लिए प्रशिक्षित करना है। लेकिन इन दिशा निर्देशों की देशभर में धज्जियां उड़ाई जा रही हैं देश में हादसों की पुनरावृत्ति से यही लगता है कि देश के नेताओं और अफसरों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। नेताओं की निगाहें वोट बैंक और अफसरों की सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने में लगी रहती हैं। यही वजह है कि हादसे दर हादसे होते रहते हैं और देश की नौकरशाही पर इसका कोई प्रभाव नजर नहीं आता। इसका कारण है कि अभी तक देश में ऐसे हादसों की जिम्मेदारी का कोई कानून नहीं बना है। उत्तर कोलकाता के चोरबागान सार्वजनिक दुर्गापूजा पंडाल में 17 अक्टूबर की शाम तेज बारिश के बीच पंडाल के गिरने की एक चेतावनी के बाद मची भगदड़ में 19 लोगों की जान चली गई, जबकि 25 लोग घायल हो गए। अब इस हादसे के बाद जांच के नाम पर




लीपापोती की जा रही है। इसकी न्यायिक जांच की घोषणा की गई है। दरअसल इस देश में नौकरशाह सबसे सुरक्षित हैं। देश में आज तक जितने भी बड़े हादसे हुए हैं, इनकी लापरवाही और गैर जिम्मेदारी से हुए हैं। लेकिन व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं आया। भारत में धार्मिक आयोजनों, मंदिरों, मेलों और रेलवे स्टेशनों पर समय-समय पर कई बड़ी भगदड़ की घटनाएं आजादी के बाद से होने लग गई थी। आजादी के बाद पहली बार कुंभ मेले में 3 फरवरी 1954 को, इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में स्नान करने के दौरान भगदड़ मचने से 800 लोग नदी में डूबकर मर गए थे। इसी तरह 1986 में हरिद्वार में कुंभ मेले में 200 लोगों की जान चली गई। यह अराजकता तब फैली जब तत्कालीन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और सांसदों के साथ हरिद्वार पहुंचे। जब सुरक्षाकर्मियों ने आम लोगों को नदी के किनारे जाने से रोक दिया, तो बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई। साल 2003 में महाराष्ट्र के नासिक कुंभ मेले में भगदड़ मचने से 39 लोग मारे गए थे।

लिपियों को बचाने की जरूरत

अब कश्मीर में कश्मीरी भाषा अरबी लिपि में लिखी जाती है। शिक्षा संस्थानों में अरबी लिपि में ही पढ़ाई जाती है। लेकिन अभी भी इक्का दुक्का बुजुर्ग लोग कहीं कहीं शारदा लिपि के जानकार मिल जाते हैं। लेकिन शारदा लिपि को पढ़ सकने वालों की संख्या अब मुश्किल से उंगलियों पर ही गिने जा सकते हैं। कश्मीरियों की जो पीढ़ी आतंकवाद के दिनों में कश्मीर से बाहर चली गई थी, उनके बच्चों का तो लिपि की बात तो दूर, कश्मीरी भाषा से भी नाता टूटता जा रहा है। शारदा लिपि की स्थिति भी ब्राह्मी लिपि जैसी बनती जा रही है। इससे ज्ञान की एक पूरी परम्परा और इतिहास लुप्त हो जाएगा। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 तो हट चुका है। अब जरूरत है कि शारदा लिपि में भी पुनः प्राण प्रतिष्ठा स्थापित की जानी चाहिए। हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय शायद देश में एकमात्र विश्वविद्यालय है जो शारदा लिपि में कश्मीरी भाषा का सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम चलाता है। सप्त सिन्धु फाऊंडेशन ने अभी हाल में शारदा लिपि में 'शारदा लोक' नाम की कश्मीरी भाषा की पत्रिका शुरू की है


भाषा और लिपि के अंतर को समझना जरूरी है। हर व्यक्ति कोई न कोई भाषा तो बोलता ही है। लेकिन यह जरूरी नहीं कि वह जो भाषा बोल रहा है उसे लिख व पढ़ भी सके। उदाहरण के लिए कोई व्यक्ति हिन्दी



या पहाड़ी, या मंडियाली या किन्नौरी बोल रहा हो लेकिन यदि आप उसे कहें कि आप जो बोल रहे हो उसे लिख कर दिखाओ तो हो सकता है इसमें असमर्थ हो। जब लिख नहीं सकता तब लिखे हुए को पढना तो सम्भव ही नहीं है। यदि भाषा को लिखना हो और बाद में उसे पढना हो तो उसके लिए अक्षरों की जरूरत पड़ती है। इन अक्षरों को ही लिपि कहा जाता है। लेकिन दुनिया भर में अक्षर तो भिन्न प्रकार के होते हैं। कहीं ए, बी, सी आदि लिखा जा रहा है, कहीं अलफ, बे, पे और कहीं क, ख, ग लिखा जा रहा है। इसका अर्थ हुआ कि दुनिया भर में अनेक लिपियां प्रचलित हैं और उनके नाम भी अलग अलग हैं। पंजाबी भाषा जिस लिपि में लिखी जाती है, उसे गुरुमुखी लिपि कहा जाता है। यूरोप की अधिकांश भाषाएं जिस लिपि में लिखी जाती हैं, उसे रोमन लिपि कहा जाता है। हिंदी, संस्कृत, नेपाली, मराठी और बोड़ो भाषाएं जिस लिपि में लिखी जाती हैं उसे देवनागरी लिपि कहा जाता है। अब मान लीजिए किसी लिपि का प्रचलन समाप्त हो गया तो उस लिपि में लिखी हुई हजारों पुस्तकों को पढना असंभव हो जाएगा। इसके कारण ज्ञान का खजाना ही नहीं समाप्त होता, बल्कि वह भाषा बोलने वालों का अपने पूर्वजों से संबंध भी टूट जाता है।

ब्राह्मी लिपि की यही स्थिति है। आज उसको पढने वाला कोई नहीं बचा है। दस हजार साल पहले की सरस्वती-सिन्धु सभ्यता को समझने में आ रही मुश्किलों में से सबसे बड़ी मुश्किल यही है। शिलालेखों पर ब्राह्मी लिपि में कुछ खुदा हुआ है। लेकिन वह क्या है, इसे कोई नहीं बता सकता क्योंकि आज ब्राह्मी लिपि को पढने वाला कोई नहीं है। पीछे तमिलनाडु सरकार ने ब्राह्मी लिपि पढने के लिए दस करोड़ का ईनाम घोषित किया है। लेकिन हमारा संबंध सप्त सिन्धु क्षेत्र की एक प्राचीन शारदा लिपि को लेकर है। कश्मीरी भाषा शारदा लिपि में लिखी जाती थी। यह लिपि इतनी प्राचीन है कि कश्मीर में तो संस्कृत के अनेक ग्रन्थ भी शारदा लिपि में लिखे हुए मिलते हैं। लेकिन जब मध्य एशिया से अरबों, तुर्कों और मुगलों (एटीएम) के आक्रमण शुरू हुए तो उसका पहला शिकार यह सप्त सिन्धु क्षेत्र ही हुआ। हमलावरों ने बाकी जो नुकसान किया वह तो है ही, लेकिन उनका सबसे बड़ा आक्रमण यहां की लिपियों पर हुआ। उन्होंने यहां की सभी लिपियों को समाप्त कर सभी भाषाएं अरबी लिपि में लिखना शुरू कर दीं। बलोची, पश्तो, हिन्दी सब अरबी भाषा में लिखी जाने लगीं।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान धामी खटीमा पहुंचे

आम जनता कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने किया भव्य स्वागत, सुनीं जन समस्याएं दिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दो दिवसीय भ्रमण के दौरान रविवार सायं यहां पहुंचे। हेलीपैड पर उनका पार्टी कार्यकर्ताओं, अधिकारियों एवं आम जनता ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं एवं दायित्व धारियों ने सीएम धामी को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की। आम जनता ने भी उन्हें ज्ञापन सौंप कर अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की। इस दौरान यहां मौजूद प्रतिनिधियों अधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने सीएम धामी को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र पहनकर उनका सम्मान किया। बाद में मुख्यमंत्री अपने आवास पर चले गए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार सुबह अपने आवास के



आम जनता को पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। -जागरण मोर्चा

अलावा हेलीपैड पर आम जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले। इस दौरान सीएम धामी ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारियां ली। विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जनहित संबंधी कार्यों को तत्परता से पूर्ण किया जाए। सीएम धामी ने सीएम घोषणा के अनुरूप वास्तविक धरातल पर निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां मौजूद अधिकारियों को आम जनता की समस्याओं को तत्काल समाधान के लिए निर्देशित किया और कहा कि आम जनता व पीड़ित फरियादियों को अनावश्यक किसी भी विभाग के कार्यालय के चक्कर में लगाने पड़े। मुख्यमंत्री धामी को उनके यहां पहुंचने पर विनोद बोरा, विनय पांडे, सोमनाथ मौर्य, राकेश बिष्ट, संतोष अग्रवाल, एडवोकेट केडी भट्ट, नवीन बोरा, सतीश गोयल, कामिल खान आदि ने क्षेत्र एवं व्यक्तिगत समस्याओं संबंधी ज्ञापन सौंपे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, सतीश भट्ट, वरुण अग्रवाल, संतोष गौरव, अमित पांडे, हिमांशु बिष्ट, रजीत सिंह नामधारी, अमित पांडे, सतीश भट्ट, भवानी भंडारी, डीएम नितिन भदौरिया, एसएसपी अजय गणपति, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी क्राइम अनुषा बडोला आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन प्रोत्साहन योजना में डॉ. सुरेंद्र पड़ियार का चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध, नवाचार एवं अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खटीमा के गणित विभाग में कार्यरत डॉ. सुरेंद्र विक्रम सिंह पड़ियार का चयन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन प्रोत्साहन योजना 2026–27 के अंतर्गत हुआ है। उत्तराखंड शासन द्वारा जारी वित्तीय स्वीकृति संबंधी पत्र के अनुसार, योजना के अंतर्गत चयनित प्राध्यापकों को उत्कृष्ट शोध पत्रों के प्रकाशन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

उत्तराखंड से गणित विषय के कुल छह प्राध्यापकों का चयन होना राज्य में गणितीय शोध एवं अकादमिक गतिविधियों के लिए



डॉ. सुरेन्द्र पड़ियार। -जागरण मोर्चा

महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

डॉ. सुरेंद्र पड़ियार की इस उपलब्धि को उनके निरंतर शोध प्रयासों, अकादमिक सक्रियता तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। यह चयन न केवल उनके लिए, बल्कि महाविद्यालय एवं के लिए भी गौरव का विषय है इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र पड़ियार को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की गई कि यह प्रोत्साहन उन्हें शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शोध पत्रों के प्रकाशन की दिशा में और अधिक ऊर्जा एवं प्रेरणा प्रदान करेगा। साथ ही, इस योजना के माध्यम से प्रदेश के प्राध्यापकों में शोध संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए अकादमिक मानक स्थापित करने में सहायता मिलेगी। इसके साथ उनके शोध निदेशक रहे प्रो नवीन भगत का भी चयन हुआ है वो वर्तमान में नानकमत्ता महाविद्यालय के प्राचार्य के रूप में कार्यरत है।

इस उपलब्धि के लिए उन्होंने उत्तराखंड शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह पहल प्रदेश में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

कहानी-कविता और खेलों से बच्चों के चहेते बने शिक्षक रवेंद्र कुमार

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। राजकीय इंटर कॉलेज चारुबेटा में कार्यरत शिक्षक एवं बाल साहित्यकार रवेंद्र कुमार 'रवि' ने शनिवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेतलसंडा खाम में बच्चों को रोचक गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाया। छह घंटे तक कहानी, कविता, पहेलियों और खेलों के जरिए उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ मनोरंजन का अवसर दिया। दिन के अंत में बच्चे उनसे रोज विद्यालय आने की जिद करने लगे। सेवानिवृत्ति के बाद सेवा विस्तार पर कार्यरत रवेंद्र कुमार को प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को संभालने की जिम्मेदारी मिली थी। उन्होंने दिन की शुरुआत योगाभ्यास से की। इसके बाद



रा.इं.कॉ. चारुबेटा के शिक्षक रावेंद्र कुमार 'रवि' रा.प्रा.वि. खेतलसंडा खाम के बच्चों के साथ। -जागरण मोर्चा

बच्चों को विभिन्न विषयों की जानकारी दी और उनकी कॉपियां जांचीं। मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता परखने के बाद भोजनमाताओं के सहयोग से बच्चों को भोजन कराया। दिनभर कहानी-वाचन, काव्य-पाठ, पहेलियों, चुटकुलों और खेलकूद के साथ पौधारोपण व गमले सजाने जैसी गतिविधियां कराई गईं। बच्चों ने उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया। छुट्टी के समय बच्चे उनसे दोबारा आने की बात पूछते रहे और रोज विद्यालय आने का आग्रह किया। बाल साहित्य लेखन और संपादन में सक्रिय रवेंद्र कुमार ने बच्चों को अपने संपादन में प्रकाशित पत्रिका 'बालसाहित्य की धरती' भी भेंट की। उनके इस प्रयास ने दिखाया कि रचनात्मक गतिविधियों और आत्मीय व्यवहार से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाई जा सकती है।

पुलिस का ग्लोबल कैरियर इमीग्रेशन सर्विस पर छापा, ठगी करने वाले को दबोचा, ऑफिस सील

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस ने विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर हजारों रुपए की ठगी करने वाले को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने ऑफिस को सील कर दिया। 24 अक्टूबर 26 को शमसेर पुत्र रहीश अहमद निवासी ग्राम सहदौरा बरा थाना पुलभट्टा में कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया कि मोहम्मद अलीम पुत्र जमील अहमद निवासी प्रीत बिहार रुद्रपुर जिसका आफिस जेड ग्लोबल कैरियर इमीग्रेशन सर्विस चार साहिबजादे चौक आवास विकाश रुद्रपुर में है। उससे उसकी मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान बताया कि बीजा,परमिट



विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाला पुलिस की गिरफ्त में।

पर लड़कों को विदेश में नौकरी लगवाता है। उसने भी अपने लड़के को विदेश मे नौकरी दिलाने के लिये अलीम को अपने लड़के का कम्प्यूटर डिप्लोमा मार्कशीट व पासपोर्ट व 20 हजार रुपये जमा करवाये। आरोप है कि लड़के को ना ही विदेश नौकरी के लिए भेजा गया ना ही उसका बीजा , परमिट व प्रमाण पत्र वापस किये। लड़के को विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उत्प्रवास अधिनियम (इमीग्रेशन एक्ट) पंजीकृत कर अभियोग की विवेचना शुरू की। ट्रांजिट कैंप पुलिस ने आरोपी के उसके ऑफिस जेड ग्लोबल कैरियर इमीग्रेशन सर्विस आवास विकाश रुद्रपुर छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त का ऑफिस जेड ग्लोबल कैरियर इमीग्रेशन व दस्तावेजो को शील किया। उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में निरीक्षक धर्मवीर सोलंकी, एसएसआई मुकेश मिश्रा, मनोज बोरा आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

संक्षेप समाचार

महापौर दीपक बाली ने फिर किया 6 सड़कों का शिलान्यास

काशीपुर। प्रदेश के यशस्वी, युवा हृदय सम्राट एवं विकास की दूरदर्शी सोच रखने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में काशीपुर की जनता को बेहतर सड़क सुविधाएँ उपलब्ध कराने एवं नगर निगम क्षेत्र में सभी सड़कों के निर्माण के संकल्प के तहत महापौर दीपक बाली ने सड़क निर्माण की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए वार्ड संख्या 13, टांडा उज्जैन पश्चिमी में 26 लाख 39 हजार की लागत से और वार्ड संख्या 11 फसियापुरा में 55 लाख 57 हजार की लागत से बनने वाली तीन-तीन सड़कों का शिलान्यास किया। सड़कों का शिलान्यास करने पहुंचे महापौर का वार्ड वासियों ने बड़े ही गर्म जोशी से स्वागत किया और कहा कि महापौर ने उनसे जो वायदा किया था उसे पूरी तरह निभाया है ।उधर महापौर दीपक बाली ने कहा कि मेरा संकल्प है कि काशीपुर के प्रत्येक वार्ड में सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिले और शहर के विकास को निरंतर गति मिलती रहे। उन्होंने वार्ड नंबर 13 में राजेश चौधरी के घर से चौहान साहब के मकान तक पीसीसी टाइल्स सड़क व नाली तथा कवि नगर में राजपाल सिंह के मकान से उदय प्रकाश सिसोदिया के मकान तक पीसीसी टाइल्स सड़क एवं नाली तथा संजय चौहान के मकान से राजेश कुमार यादव के मकान तक टाइल्स सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया ।वही वार्ड संख्या 11 में छीना फॉर्म में पुराने खडंजे से एनपी सिंह के मकान तक व संलग्न रास्ते में सतपाल चौहान के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण तथा छीना फॉर्म में ही सुभाष सिंह के मकान से गुरुद्वारे तक पीसीसी टाइल्स सड़क तथा पुराने खडंजे से सुरेंद्र चौहान के मकान तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पार्षद गुंजन प्रजापति एवं ममता सैनी , बूथ अध्यक्ष ऊषा शर्मा , नरसिंह सैनी , राजेन्द्र सिंह चौहान , शक्ति केंद्र संयोजक लोकमन सैनी , हर स्वरूप सिंह , मंडल महामंत्री मोहित भारद्वाज , मंडल उपाध्यक्ष वीर सिंह सैनी , मंडल मंत्री अन्तरप्रीत सिंह , पूर्व पार्षद एवं पार्षद पति देव प्रजापति , चौधरी समरपालसिंह, जसवीर सिंह सैनी विवेक शुक्ला , घनश्याम सैनी , संतोष कुमार सक्सेना , जिला मंत्री महेंद्र सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आयुक्त कुमाऊं ने किया राजकीय मेडिकल कॉलेज के वार्षिकोत्सव क्रिसेण्डो-2026 का किया उद्घाटन

हल्द्वानी। राजकीय मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक समारोह 'क्रिसेण्डो-2026' का शुभारंभ रविवार को मुख्य अतिथि आयुक्त, कुमाऊं मंडल दीपक रावत ने किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत। -जागरण मोर्चा

आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत ने मेडिकल कॉलेज परिवार एवं समस्त विद्यार्थियों को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी चिकित्सा सेवा के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है ।आयुक्त ने कहा कि भविष्य के चिकित्सकों का दायित्व केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अजय आर्य, दो बसंत जोशी डॉ एच एस पांडे, डॉ एके सिन्हा, डॉ अजय विश्वकर्मा, डॉ गौरव जिंदल, प्राचार्य राजकीय नर्सिंग कॉलेज डॉ सामिस्तान अहमद संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में एमबीबीएस छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ. गणेश सिंह द्वारा किया गया। दो दिवसीय महोत्सव 25 एवं 26 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक, खेल एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

मझोला में विराट दशहरा एवं दीपावली मेला 28 अक्टूबर से

जागरण मोर्चा कार्यालय

मझोला। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सीमा पर स्थित मझोला नगर में विराट दशहरा एवं दीपावली मेला 'दिवाली फेस्ट' का आयोजन 28 से 31 अक्टूबर तक किया जाएगा। मेले का शुभारंभ 28 अक्टूबर की शाम सात बजे राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार करेंगे। आयोजन में दोनों राज्यों से हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। पूर्व चेयरमैन अजय गोयल के प्रतिष्ठान पर आयोजित आयोजन समिति की बैठक में मेले की तैयारियों पर चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि वर्ष 2004 से आयोजित हो रहा यह मेला इस बार भी उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। चार दिवसीय आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ बच्चों और युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। पहले दिन दिल्ली से आए अंतरराष्ट्रीय जादूगर इंद्रजाल और हैरतअंगेज करतब दिखाएंगे। मुंबई के बॉलीवुड डांस ग्रुप की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके अलावा मेहंदी, एकल नृत्य और 'डांस मझोला डांस' प्रतियोगिताएं होंगी। दूसरे दिन संगीत संध्या, 'मझोला आइडल सिंगिंग' प्रतियोगिता, रामायण पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और वन मिनट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 30 अक्टूबर को गरबा और डांडिया महोत्सव होगा। इसमें डांडिया क्वीन, बेस्ट हेयर स्टाइल, बेस्ट कॉस्ट्यूम और बेस्ट डांडिया स्टिक जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। पंजाबी भांगड़ा ग्रुप भी प्रस्तुति देगा। मेले के अंतिम दिन 31 अक्टूबर को रंगोली और 'डांस मझोला डांस' ग्रुप प्रतियोगिता के साथ बॉलीवुड डांस, पंजाबी भांगड़ा और लकी ड्रॉ का आयोजन होगा।

1 नवंबर की दिल्ली महारैली में उत्तराखंड से बड़ी संख्या में शामिल होंगे कांग्रेसजन: दीपक राठौड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

हल्द्वानी। वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के नवनियुक्त पर्यवेक्षक दीपक राठौड़ ने रविवार को हल्द्वानी स्थित होटल सौरभ में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि आगामी 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली महारैली में उत्तराखंड से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल होंगे। महारैली के उपरांत प्रदेशभर में वोट बचाओ अभियान को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना आवश्यक है।

दीपक राठौड़ ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान जिन पात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, उन्हें दोबारा मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए कांग्रेस द्वारा



प्रेस वार्ता दीपक राठौड़ द्वारा। -जागरण मोर्चा

निर्मित वोट रक्षक पोर्टल के माध्यम से प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट (BLA) को पोर्टल के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने और पात्र मतदाताओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने में प्रभावी भूमिका निभाई जा सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा स्तर पर चौपालों के माध्यम से कांग्रेस के जमीनी संगठन को मजबूत किया जाएगा और आगामी विधानसभा चुनाव 2027 यानी मिशन 2027 की तैयारियों को गति दी जाएगी। मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं में राहत दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। एक व्यक्ति का नाम एक से अधिक स्थानों पर नहीं होना चाहिए। विवाह अथवा स्थायी रूप से निवास बदलने की स्थिति में मतदाता का नाम उसके वर्तमान निवास क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए। लेकिन इस प्रक्रिया में किसी भी पात्र मतदाता का नाम गलत तरीके से नहीं कटना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लगभग 10 लाख मतदाताओं के नाम हटाए जाने का विषय गंभीर समीक्षा की मांग करता है। इस पर पारदर्शी तरीके से तथ्यों की जांच होनी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने के लिए राहुल गांधी की सराहना भी की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के एक बयान पर अपनी व्यक्तिगत राय रखते हुए विधायक ने कहा कि उत्तराखंड के लोगों का अपना स्वाभिमान है। प्रदेश के लाखों लोग देश के विभिन्न हिस्सों में रहकर अपनी मेहनत और प्रतिभा से योगदान दे रहे हैं।

संस्कृत प्रतियोगिताओं में डायनेस्टी गुरुकुल लगातार 13वीं बार चैंपियन

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। उत्तराखंड संस्कृत संस्थान की ओर से 23 और 24 अक्तूबर को हरिद्वार के महाजन भवन में आयोजित राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिताओं में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी, छिनकी फार्म ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय ने छह प्रतियोगिताओं में प्रथम और एक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा जूनियर वर्ग की वाद-विवाद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग के नाटक और समूहगान में विद्यालय प्रथम रहा। सीनियर वर्ग में श्लोकोच्चारण, समूह नृत्य और समूहगान में प्रथम तथा नाटक में द्वितीय स्थान मिला। जूनियर वर्ग में इशिता चंद को उत्कृष्ट अभिनेत्री, जबकि



प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं विद्यालय को सम्मानित किया गया। -जागरण मोर्चा

सीनियर वर्ग में पीयूष भट्ट को उत्कृष्ट अभिनेता और नंदिनी जोशी को उत्कृष्ट अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह लगातार 13वां वर्ष है, जब विद्यालय ने संस्कृत प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल की है। राज्य में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर ऊधम सिंह नगर को जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में वैजयंती पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने विजेता विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता सितारगंज पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत, पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई

गोरीखेड़ा के लाल मनजीत सिंह राणा ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता अंतिम मुकाबला, क्षेत्र का बढ़ाया मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। क्षेत्र के ग्राम गोरीखेड़ा निवासी राष्ट्रीय वालीबाल खिलाड़ी मनजीत सिंह राणा अंतिम मुकाबला जीतकर रविवार को अपने गृह नगर सितारगंज पहुंचे। उनके पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। तिरंगा चौराहे पर जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों और युवाओं ने फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। मनजीत सिंह राणा का चयन इस वर्ष देश की सबसे बड़ी वालीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ था। इस प्रतियोगिता का अंतिम मुकाबला 23 अक्टूबर को नोएडा के बंद क्रीड़ा भवन में खेला गया था। इस रोमांचक मुकाबले में दिल्ली की टीम ने मराठा की टीम को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया।



तिरंगा चौराहे पर राष्ट्रीय वालीबाल खिलाड़ी मनजीत सिंह राणा का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल व अन्य जनप्रतिनिधि।

विजेता टीम को विजेता घुमंतू चिन्ह के साथ दो करोड़ रुपये की भारी भरकम पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

मनजीत सिंह राणा इसी विजेता टीम के प्रमुख खिलाड़ी हैं। उनके पिता वीर सिंह राणा ने बताया कि मनजीत बचपन से ही वालीबाल के प्रति समर्पित रहा है। उसकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर बीच विद्यालय सितारगंज से हुई है तथा आगे की पढ़ाई वह गुड़गांव हरियाणा के महाविद्यालय से कर रहा है। पिता ने बताया कि बेटे का सपना है कि वह आने वाले समय में देश की ओर से विदेशी धरती पर भी भारत का प्रतिनिधित्व करे। बेटे की इस बड़ी उपलब्धि पर पिता वीर सिंह गदगद हैं। उन्होंने कहा कि गांव के एक साधारण परिवार से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना पूरे परिवार और गांव के लिए गर्व की बात है। मनजीत की इस जीत से क्षेत्र के युवाओं में भी खेल के प्रति नया जोश देखने को मिल रहा है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदय सिंह राणा, वरिष्ठ नेता ताहिर मलिक, प्रेम सिंह राणा, लक्ष्मण राणा, दौलत सिंह राणा, राम नरेश, अशोक राणा, मनजीत सिंह ज्ञानी, श्रीपाल राणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मनजीत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





शहीद भगत सिंह के अपमान पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश, कांग्रेस पुतला फूंका

विधायक ने कहा शहीद भगत सिंह का अपमान देश का कोई भी नागरिक बर्दाश्त नहीं करेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। कांग्रेस की न्याय यात्रा के दौरान भगत सिंह चौक पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण को लेकर उठे विवाद के बाद रुद्रपुर में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस का पुतला फूका। कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद कांग्रेस पार्टी और प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस के पुतले का दहन किया।विधायक ने कांग्रेस की न्याय यात्रा के दौरान हुई घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह देश के करोड़ों लोगों के प्रेरणास्रोत हैं। देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले ऐसे वीर सपूत की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने से इन्कार किए जाने का प्रकरण अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। शहीदों का सम्मान देश की भावनाओं से जुड़ा विषय है और उनके सम्मान के प्रति सभी को संवेदनशील रहना चाहिए।कहा कि कांग्रेस की न्याय यात्रा के दौरान मंच पर चढ़कर भाषण देने में कोई परेशानी नहीं हुई, लेकिन शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माला चढ़ाने को लेकर जो स्थिति सामने आई, उसने कई सवाल खड़े किए हैं। विधायक ने इस पूरे घटनाक्रम को शहीद भगत सिंह के सम्मान से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए कांग्रेस पार्टी को घोर निंदा कर शर्मनाक घटना करार दिया।विधायक ने कहा कि शहीदों के सम्मान के मुद्दे पर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती।प्रदर्शन के दौरान सोनू अनेजा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान,सतनाम सिंह, महेंद्र आर्य, रविंद्र धामी, राजकुमार,सुनील सागर, सुनील सिंह, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, राज कोली, आदेश भारद्वाज, मोनू निषाद, सन्नी पासवान आदि शामिल रहे।



रुद्रपुर में भाजपा विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ता कांग्रेस का पुतला दहन करते।

ईएसआईसी अस्पताल में पर्ची बनाने को लेकर कर्मियों से मारपीट,प्राथमिकी दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

महिला सफाई कर्मी समेत चार पर गालीगलौज,चप्पलों से पीटने और कपड़े फाड़ने का आरोप

रुद्रपुर। ईएसआईसी अस्पताल में तैनात कर्मचारी भूदयाल सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान ईएसआईसी चिकित्सा विभाग में ठेके पर सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत मंजू अपने तीन साथियों के साथ काउंटर के अंदर पहुंची। पर्ची बनाने के लिए कहने पर कर्मचारी ने उन्हें नियमानुसार बाहर की खिड़की से आने को कहा। इस पर चारों आक्रोशित हो गए। आरोप है कि वह लोग उनके साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर सुरक्षा गार्ड, मरीजों और उनके तीमारदारों के साथ सुपरवाइजर सुरेश मौके पर पहुंचे। पीड़ित के मुताबिक बीचबचाव करने पर हमलावरों ने सुपरवाइजर सुरेश के कपड़े भी फाड़ दिए और थप्पड़ मारते हुए गालीगलौज की। लोगों ने किसी तरह चारों को केबिन से बाहर निकाला। इसके बाद 112 पर फोन कर पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को पीड़ित ने बताया कि आरोपियों से जान-माल का खतरा बना हुआ है। साथ ही कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष पंतनगर नंदन सिंह रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों पर प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। फिलहाल किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

संक्षेप समाचार

बिज्टी रोड पर दो बाइकों की टक्कर के बाद ट्रक ने बाइक सवार को कुचला

सितारगंज। बिज्टी रोड पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी मासूम बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब बाइक सवार दंपती अपनी बेटी के साथ सितारगंज से घर लौट रहे थे। बालाजी राइस मिल के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगने से दोनों बाइक सड़क पर गिर गईं। इसी दौरान सितारगंज की ओर से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने सड़क पर गिरे व्यक्ति को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटी के पैर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव कारघटिया निवासी संगीता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 अक्तूबर की रात करीब नौ बजे वह अपने पति गौरव राना और बेटी हिमांशी के साथ बाइक से सितारगंज से घर लौट रही थीं। जब वे बिज्टी रोड स्थित बालाजी राइस मिल के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सड़क पर गिर गईं। हादसे के दौरान उनके पति गौरव राना और बेटी हिमांशी सड़क के बीच में गिर गए। संगीता के अनुसार, इसी दौरान सितारगंज की ओर से तेज गति से आ रहा एक ट्रक वहां पहुंचा और सड़क पर गिरे उनके पति को कुचल दिया। ट्रक की चपेट में आने से गौरव राना की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उनकी बेटी हिमांशी के पैर में गंभीर चोट लग गई। हादसे में पति की मौत से संगीता पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार में घटना के बाद से मातम पसरा हुआ है। घटना के संबंध में सीओ डीआर वर्मा ने बताया कि मामले में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। हादसे के कारणों और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है।

12 वर्षीय किशोर घर से लापता, परिजनों ने की तलाश, गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने शुरू की बिलाल की खोजबीन

सितारगंज। नगर के वार्ड नंबर चार से 12 वर्षीय किशोर के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। किशोर के घर से बिना बताए चले जाने के बाद परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। काफी खोजबीन के बाद भी किशोर का पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। वहीं, पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। वार्ड नंबर चार, सितारगंज निवासी मोहम्मद सईद ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर को दोपहर के समय उसका 12 वर्षीय भांजा बिलाल घर से बिना बताए कहीं चला गया। परिजनों को लगा कि वह कुछ देर में वापस लौट आएगा, लेकिन शाम होने के बाद भी वह घर नहीं पहुंचा। काफी समय बीतने के बाद भी बिलाल के वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता सताने लगी। इसके बाद परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों और नाते-रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की। संभावित स्थानों पर खोजबीन करने के साथ ही किशोर के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बिलाल के लापता होने से परिजन परेशान हैं और उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। मामले में पुलिस ने मोहम्मद सईद की शिकायत के आधार पर बिलाल की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस किशोर की तलाश में जुटी है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल, हल्द्वानी के अस्पताल में भर्ती

सितारगंज। क्षेत्र के गांव बरुआबाग के पास एक ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मुकेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल हल्द्वानी के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है, जहां वह आईसीयू में भर्ती हैं। पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव नकुलिया निवासी विनीता राना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पति मुकेश सिंह 14 अक्तूबर को बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जब वह गांव बरुआबाग के पास स्थित एक निजी अस्पताल के सामने पहुंचे, तभी सिडकुल की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मुकेश सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल मुकेश सिंह को परिजन उपचार के लिए सितारगंज के उप जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उन्हें हल्द्वानी के अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि गंभीर हालत के चलते उन्हें आईसीयू में भर्ती रखा गया है। हादसे के बाद से परिजन घायल मुकेश सिंह के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। वहीं, मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी डीआर वर्मा ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना की जा रही है। जांच के दौरान दुर्घटना से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों की पड़ताल की जाएगी।

घर से अचानक लापता हुआ 14 वर्षीय किशोर, तलाश में जुटी पुलिस

सितारगंज। नगर की नंदा बिहार कॉलोनी में अपने चाचा के साथ रहने आया 14 वर्षीय किशोर अचानक घर से लापता हो गया। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अल्मोड़ा निवासी चेतन भट्ट सितारगंज की नंदा बिहार कॉलोनी में किराये के मकान में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 21 अक्तूबर को उनका 14 वर्षीय भतीजा युवराज भट्ट भी उनके साथ रहने के लिए आया था। सब कुछ सामान्य चल रहा था, लेकिन 23 अक्तूबर की सुबह युवराज अचानक बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया। काफी देर तक युवराज के वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की और संभावित स्थानों पर भी पता लगाया, लेकिन किशोर का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद चेतन भट्ट ने पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई। वहीं, क्षेत्राधिकारी डीआर वर्मा ने बताया कि किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच करने के साथ ही लापता किशोर की तलाश में जुटी हुई है।

पानी का ठहराव बढ़ा रहा मच्छरों का प्रकोप, गांवों में नहीं हुई फागिंग

लखीमपुर। बाढ़ के बाद खेत-खलिहानों में जमा पानी और गांवों में सफाई व्यवस्था की बदहाली से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। विकासखंड के बाढ़ प्रभावित गांवों के साथ अन्य गांवों में भी फागिंग और एंटीलार्वा दवा का छिड़काव नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के बावजूद जिम्मेदारों की ओर से प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है।निघासन के लालबोझी,मदनापुर, दौलतपुर, बम्हनपुर,धर्मापुर मुंशीगढ़, चखरा के ग्रामीणों के मुताबिक, खेत-खलिहानों और खाली पड़े स्थानों पर अब भी पानी जमा है। वहीं, नियमित सफाई नहीं होने से गांवों की नालियां गंदगी से पटी हैं। जगह-जगह पानी का ठहराव मच्छरों के पनपने का कारण बन रहा है। शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात और भी चिंताजनक हैं। जलभराव के बीच मच्छरों की बढ़ती संख्या से ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका सता रही है। इसके बावजूद गांवों में न तो नियमित फागिंग कराई जा रही है और न ही एंटीलार्वा दवा का छिड़काव कराया गया है।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से गांवों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के साथ ही जलभराव वाले स्थानों पर एंटीलार्वा दवा का छिड़काव और नियमित फागिंग कराने की मांग की है, ताकि मच्छरों के प्रकोप से राहत मिल सके।इस बाबत खंड विकास अधिकारी जयेश सिंह ने बताया कि कुछ गांवों में फागिंग कराई जा रही है।इसमें सबसे पहले बाढ़ प्रभावित गांवों को ही चिन्हित किया गया है।

टांडा में बाघ की दहशत, एक सप्ताह में तीसरा शिकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन (लखीमपुर)। मझगई वन रेंज में बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत बढ़ती जा रही है। धर्मापुर के टांडा गांव में एक सप्ताह के भीतर बाघ ने तीसरी बार पालतू पशु का शिकार किया है। शनिवार शाम को बाघ ने गन्ने के खेत में एक बछड़े को मारकर निवाला बना लिया। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है।टांडा गांव में शेरा सिंह के घर के पास गन्ने के खेत में मुनेश कुमार का बछड़ा था। शनिवार शाम करीब 12 वर्षीय सचिन शौच के लिए खेत की ओर गया था। इसी दौरान उसने गन्ने के खेत में बाघ को बछड़े का शिकार करते देखा। बाघ को देखकर सचिन घबरा गया और गांव पहुंचकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। बाघ की मौजूदगी की खबर फैलते ही गांव में हलचल मच गई।इसके बाद दिनेश, लाला, मुखिया और रामनरेश समेत कई ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर खेतों की ओर पहुंच गए। ग्रामीणों ने एकजुट होकर शोर मचाना शुरू किया तो बाघ गन्ने के खेत से निकलकर भाग गया। इसके बाद भी ग्रामीणों में बाघ की मौजूदगी को लेकर दहशत बनी हुई है।ग्रामीणों के मुताबिक, इससे पहले बाघ गांव में एक सांड और एक गाय का भी शिकार कर चुका है। एक सप्ताह के भीतर तीन पालतू पशुओं का शिकार होने से पशुपालक चिंतित हैं। गन्ने के खेतों में बाघ की मौजूदगी के चलते ग्रामीणों को खेतों की ओर जाने में भी डर सता रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघ की निगरानी बढ़ाने और उसे आबादी से दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।इस बाबत मझगई वन क्षेत्राधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि टीम मौके पर निगरानी कर रही है।क्षेत्र में पिंजड़े और कैमरे लगाकर बाघ को पकड़ने की तैयारी है।



गन्ने के खेत में निगरानी कर रही वन विभाग टीम। -जागरण मोर्चा

रामलीला मंच पर कवियों ने बांधा समां, देर रात तक काव्य रस में डूबे रहे श्रोता

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखीमपुर। रामलीला कमेटी कस्बा धौरहरा के मंच पर शनिवार शाम आयोजित कवि सम्मेलन में वीर रस, श्रृंगार और हास्य-व्यंग्य की कविताओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। किसी रचना ने देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीरों की याद दिलाकर आंखें नम कर दीं, तो किसी ने प्रेम की भावनाओं को शब्दों में पिरोकर श्रोताओं का मन मोह लिया। हास्य-व्यंग्य की प्रस्तुतियों पर देर तक ठहाके गूंजते रहे। कवियों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों के चलते श्रोता देर रात तक मंच के सामने डटे रहे।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ धौरहरा कोतवाल अवनीश सिंह ने मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को साहित्य और कविता के विविध रंगों से रूबरू कराया।

बाराबंकी से आए कवि राकेश तिवारी ने अमर बलिदानी भगत सिंह के जीवन और उनके देशप्रेम पर आधारित कविता सुनाई। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। वहीं, सुल्तानपुर से आईं कवयित्री पल्लवी पंडित ने श्रृंगार रस की रचनाओं से माहौल को प्रेममय बना दिया। अयोध्या के हास्य-व्यंग्य कवि अंकुर पाठक ने अपनी चुटीली प्रस्तुतियों से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।

अयोध्या से आईं कवयित्री कल्पना तिवारी ने प्रेम की संवेदनाओं को शब्द देते हुए सुनाया-मौन अधरों की मेरे तुम भाषा बनो, बिन कहे सब सुनो ऐसी आशा बनो, प्रेम सत्यम शिवम सुंदरम है मेरा, प्रेम की एक नई परिभाषा बनो। उनकी इन पंक्तियों पर श्रोताओं ने तालियां बजाकर सराहना की।

लखनऊ से आए योगेंद्र योगी ने अपनी काव्य प्रस्तुति से श्रोताओं का ध्यान खींचा। वहीं, बाराबंकी के ओम शर्मा 'ओम' ने प्रभु श्रीराम के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए सुनाया-न ऐ समझो कि ये बेचारे हैं, जो मुकद्दर के हाथ हारे हैं, उनको दुनिया गिरा नहीं सकती, जो प्रभु राम के सहारे हैं। रामभक्ति से ओतप्रोत इन पंक्तियों को भी श्रोताओं की सराहना मिली। कार्यक्रम में लखीमपुर के विशेष शर्मा, लवकुश सिधौली, संजीव मिश्रा व्योम, शशिकांत तिवारी, लखनऊ के चेतराम अज्ञानी, प्रभात बाजपेयी, शोभित सूर्य सहित आयोजक जगदीश पांडेय मौजूद रहे।

12 वर्षीय किशोर घर से लापता, परिजनों ने की तलाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। नगर के वार्ड नंबर चार से 12 वर्षीय किशोर के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। किशोर के घर से बिना बताए चले जाने के बाद परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। काफी खोजबीन के बाद भी किशोर का पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। वहीं, पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। वार्ड नंबर चार, सितारगंज निवासी मोहम्मद सईद ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर को दोपहर के समय उसका 12 वर्षीय भांजा बिलाल घर से बिना बताए कहीं चला गया। परिजनों को लगा कि वह कुछ देर में वापस लौट आएगा, लेकिन शाम होने के बाद भी वह घर नहीं पहुंचा। काफी समय बीतने के बाद भी बिलाल के वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता सताने लगी। इसके बाद परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों और नाते-रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की। संभावित स्थानों पर खोजबीन करने के साथ ही किशोर के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बिलाल के लापता होने से परिजन परेशान हैं और उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। मामले में पुलिस ने मोहम्मद सईद की शिकायत के आधार पर बिलाल की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस किशोर की तलाश में जुटी है।

नई सड़क स्वीकृत होने पर महापौर का किया अभिनंदन

मुख्यमंत्री धामी का जताया आभार, जल्द शुरू होगा सड़क निर्माण का कार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। अटरिया मोड़ से इंदिरा कॉलोनी तक सड़क निर्माण के लिए बजट स्वीकृत होने पर सिंह कॉलोनी में किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान के आवास पर महापौर विकास शर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण की दिशा में हुई पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।इस दौरान महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से अटरिया चौक से इंदिरा कॉलोनी तक सड़क निर्माण की सौगात मिली है। यह सड़क इंदिरा कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, सिंह कॉलोनी, मलिक कॉलोनी सहित छतरपुर, मटकोटा और भूरारानी जैसे क्षेत्रों को जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। सड़क बनने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और जिला मुख्यालय एवं मेडिकल कॉलेज तक पहुंचने में लगने वाला समय भी बचेगा। महापौर ने बताया कि सड़क निर्माण से संबंधित डीपीआर, ड्राइंग और डिजाइन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। परियोजना के प्रथम चरण में यूटिलिटी शिफ्टिंग तथा एस्टीमेट,ड्राइंग एवं डिजाइन तैयार करने के लिए शासन ने 16 लाख 90 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान कर धनराशि जारी कर दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू होगा।किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण के लिए बजट स्वीकृत होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। लोगों ने उम्मीद जताई कि सड़क बनने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और लंबे समय से महसूस की जा रही समस्या का समाधान हो सकेगा।इस अवसर पर ठाकुर जगदीश सिंह, पार्षद सुशील चौहान,पार्षद वीनू, राजेंद्र रावत, दीपक लुहाच, महावीर कश्यप,हुकुम सिंह, प्रशांत सिंह, हिमांशु चौहान, अंकुश अग्रवाल, गोविंद शर्मा, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।



महापौर विकास शर्मा का अभिनंदन करते कालोनी के लोग। -जागरण मोर्चा

श्रद्धांजलि झण्डी राज पार्क में पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम, हर वर्ष आयोजन कराने की घोषणा

दानवीर राजा रघुबर सिंह की स्मृति में बनी छतरी का महापौर ने किया लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखीमपुर। जनहित के लिए अपनी संपत्ति दान कर लोकसेवा की मिसाल पेश करने वाले झण्डी स्टेट के दानवीर एवं पूर्व तालुकेदार राजा रघुबर सिंह साहब की स्मृति को सहेजने की पहल की गई है। लालबाग स्थित झण्डी राज पार्क में उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम की ओर से उनकी प्रतिमा पर नवनिर्मित छतरी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर ने राजा साहब के योगदान को याद करते हुए उनकी पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में झण्डी राज परिवार के वर्तमान राजा राज राजेश्वर सिंह, राजमाता भक्ति देवी, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, वरिष्ठ प्रचारक वीरेन्द्र जी, पार्षद प्रमोद सिंह राजन, कुँवर राज विजय राज सिंह समेत अवध के विभिन्न राजपरिवारों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने राजा रघुबर सिंह साहब के सामाजिक योगदान और जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जनहित में नगरपालिका को दान की थी संपत्ति राजा रघुबर सिंह साहब का लखनऊ से जुड़ा योगदान आज भी झण्डी राज पार्क के रूप में मौजूद है। उन्होंने 23 मई 1916 को लालबाग स्थित अपनी संपत्ति तत्कालीन नगरपालिका को जनहित में पार्क विकसित करने के लिए समर्पित कर दी थी। उनके इस योगदान के सम्मान में पार्क का नाम झण्डी राज पार्क रखा गया, जबकि इसके समीप स्थित मार्ग का नाम राजा रघुबर सिंह मार्ग रखा गया। यह स्थल उनकी दानशीलता, लोकसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की विरासत को संजोए हुए है।राजा साहब की स्मृति में पार्क में वर्ष 2000 में प्रतिमा स्थापित की गई थी। वर्ष 2011 में प्रतिमा का पुनः अनावरण किया गया। अब नगर निगम की ओर से प्रतिमा पर नवनिर्मित छतरी का लोकार्पण किया गया है। इससे ऐतिहासिक स्थल पर राजा साहब की स्मृति को संरक्षित करने के प्रयास को आगे बढ़ाया गया है।राजा रघुबर सिंह साहब ने लखीमपुर खीरी जनपद के साथ ही अवध क्षेत्र में मंदिरों, आश्रमों और जनकल्याण से जुड़े कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। समाजहित के कार्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अपनी संपत्ति को सार्वजनिक उपयोग के लिए समर्पित करने का निर्णय उनकी दानशीलता का परिचायक है।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उनके जीवन और योगदान का स्मरण करते हुए ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया गया। महापौर की ओर से प्रत्येक वर्ष पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित कराने की घोषणा से राजा साहब की स्मृति को नियमित रूप से सम्मानित करने की पहल की गई है।



कार्यक्रम में शामिल महापौर व राजा राजेश्वर सिंह। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक एक पाई का हिसाब जनता को दूंगा : डीके गुप्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिलसंडा। नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता ने कहा है की सरकार द्वारा जो भी बजट नगर के देवीस्थान मंदिर के लिए मिला है,उसकी एक-एक पाई का हिसाब जनता को दूंगा।यदि निर्माण में किसी तरह की धांधली मिली तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। संबंधित ठेकेदारों पर भी कार्रवाई निश्चित होगी।

यहां बता दें कि शनिवार को उत्तर प्रदेश उद्योग युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवदत्त सक्सेना ने देवीस्थान मंदिर पर चल रहे निर्माण कार्य को जाकर परखा था। आनन-फानन में उन्होंने अपने साथियों को बुलाकर ठेकेदार राज मिस्त्री से निर्माण की गुणवत्ता पर बातचीत की। गोदाम में रखे भीगे हुए जमे सीमेंट को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी की और नाराजगी जताते हुए मंदिर निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत करते हुए अध्यक्ष पर आरोप लगाया। जिस पर चेयरमैन डीके गुप्ता ने रविवार को मंदिर प्रांगण में ही एक सार्वजनिक बैठक का ऐलान अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से किया। बैठक में तमाम नगरवासी व्यापारी एवं सभासद भी पहुंचे। सबसे पहले चेयरमैन डीके गुप्ता ने लोगों से स्पष्ट कहा कि मंदिर निर्माण में धांधली हरगिज बर्दाश्त नहीं होगी।यदि मैं भी इसमें एक रुपए का गुनहगार साबित होता हूं तो देवी माता मुझे भी माफ नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि बजट में मिले धन की एक पाई का हिसाब जनता को देने को तैयार हूं।बैठक में मंदिर निर्माण के लिए नगर के कुछ व्यापारी एवं संभ्रांत लोगों को शामिल कर उसकी कमेटी तैयार की गई। जिसकी देखरेख में अब निर्माण का कार्य संपन्न होगा, जिस पर सभी लोगों ने अपनी सहमति भी दिखाई। कुछ लोगों ने निर्माण में घटिया सामग्री सीमेंट सरिया के प्रयोग पर मौजूद ठेकेदार को हिदायत दी।

मझोला में विराट दशहरा एवं दीपावली मेला 28 अक्टूबर से

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार करेंगे उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक करते लोग। –जागरण मोर्चा

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड की सीमा पर स्थित मझोला नगर में वर्ष 2004 से आयोजित ही रहे विराट दशहरा एवं दीपावली मेला The Diwali Fest का आयोजन इस वर्ष भी बड़े ही जोशो खरोश एवं उल्लास के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम 28 अक्टूबर से शुरू होकर चार दिन तक चलेगा और 31 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा। पूर्व चेयरमैन अजय गोयल के प्रतिष्ठान पर आयोजित आयोजन समिति की बैठक में बताया गया कि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार इस कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 28 अक्टूबर की सांय 7 बजे करेंगे। चार दिन तक चलने वाले इस वृहद आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा तथा बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। प्रथम दिन दिल्ली से आए अंतर्राष्ट्रीय जादूगरवद्वारा इंद्रजाल सहित अनेकों हैरत अंगेज जादू के कारनामों का प्रदर्शन किया जाएगा तो वहीं मुंबई से आए बॉलीवुड डांस ट्रूप के कलाकारों द्वारा विभिन्न मनोहारी प्रस्तुतियां दी जाएंगीं प्रथम दिन मेंहदी और डांस मझोला डांस एकल डांस प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। दूसरे दिन विभिन्न सुरों से सुसज्जित संगीत संध्या का आयोजन होगा जिसमें अनेकों सुमधुर गीतों का लाइव कार्यक्रम मंचन बैंड के साथ होगा। इसके साथ ही दूसरे दिन मझोला आइडल सिंगिंग प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान रामायण आधारित, वन मिनट प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। तृतीय दिवस 30 अक्टूबर को मझोला के इतिहास का सबसे बड़ा गरबा एवं डांडिया महोत्सव आयोजित होगा जिसमें डांडिया नृत्य के साथ डांडिया क्वीन, बेस्ट हेयर स्टाइल, बेस्ट कॉस्ट्यूम, बेस्ट डांडिया स्टिक समेत अनेकों मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पंजाबी भंगड़ा ग्रुप भी जमकर धमाल मचायेगा। 31 अक्टूबर को रंगोली तथा डांस मझोला डांस ग्रुप प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगीं तथा बॉलीवुड डांस, पंजाबी भंगड़ा, लक्की ड्रॉ भी आयोजित होंगे जिसमें प्रथम पुरुस्कार इलेक्ट्रिक स्कूटी रखी गई है। प्रतियोगिताओं में प्रवेश निःशुल्क है। आयोजकों मंडल ने बताया कि स्थानीय प्रतिभाओं और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम विगत 22 वर्षों से आयोजित किया जाता है। इसमें विभिन्न झूले, खान पान तथा खरीददारी के स्टॉल्स और साज सज्जा रहेगी। आज आयोजन समिति ने मेला ग्राउंड श्री राम लीला मैदान जाकर तैयारियों का जायजा भी लिया और कार्य कर रहे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

संक्षेप समाचार

अवैध शराब की सूचना पर पहुंचे गौ रक्षा दल के महामंत्री के साथ मारपीट

पूरनपुर। गौ रक्षा दल के प्रदेश महामंत्री के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। प्रदेश महामंत्री का आरोप है कि उन्हें गांव जमुनिया खास में अवैध शराब की सूचना पर गांव पहुंचे थे महामंत्री। जानकारी के अनुसार, गौ रक्षा दल के प्रदेश महामंत्री को जमुनिया खास गांव में अवैध शराब को लेकर सूचना मिली थी। जिस पर वह गांव पहुंचे थे, उनका आरोप है कि वह अवैध शराब के मामले में जानकारी जुटाने और संबंधित लोगों को पकड़ने के लिए गए थे। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों के साथ उनका विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और उनके साथ कथित तौर पर मारपीट की गई।इससे खलवली मच गई,मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में मामले को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के कारण घटना लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। गौ रक्षा दल के प्रदेश महामंत्री ने घटना को लेकर पुलिस से शिकायत की है। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत के बाद अब मामले में पुलिस की जांच और कार्रवाई को लेकर नजर बनी हुई है। पुलिस ने वताया कि मामले की सूचना मिली है। जांच के बाद स्पष्ट होगी,मामले की जांच पडताल शुरु कर दी गई है। मामला सही पाए जाने पर कार्रवाही की जाएगी।

दहेज हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में किया जाएगा पेश



दहेज मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर। पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू की है। पुलिस के अनुसार, जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना पूरनपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 336/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 80(2) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 में आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट में गिरफ्तार आरोपियों के नाम रामचन्द्र और उनकी पत्नी बताई गई है। वे पूरनपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। हालांकि, प्रेस नोट में आरोपियों के नाम और पते के विवरण में विसंगति है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक वरुण राणा, कांस्टेबल मनीष यादव, मानु शर्मा और महिला कांस्टेबल तनु मलिक शामिल रहीं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की गोष्ठी में व्यापारियों की समस्याएं सुनीं



गोष्ठी में मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक। –जागरण मोर्चा

पीलीभीत। व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव ने की। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में आयोजित गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों एवं उद्यमियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और शिकायतों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। गोष्ठी का उद्देश्य व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर उनका प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना रहा।

पीलीभीत में पराली उठाने को लेकर खूनी संघर्ष: पुलिस ने 19 उपद्रवियों को किया गिरफ्तार



थाने लाये गए झगड़ने वाले लोग। –जागरण मोर्चा

गजरौला। क्षेत्र के अंतर्गत धन्ना बाबा गुरुद्वारा के पास ग्राम पौरखास में खेत से पराली उठाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड चलीं। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब पुलिस के समझाने के बावजूद उपद्रवियों ने खाकी के सामने ही दोबारा गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इस मामले में पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए थाना गजरौला पुलिस ने त्वरित एक्शन लिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त किए गए 06 वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ थाना गजरौला में मु0अ0सं0 276/2026, धारा 190/191(2)/189(5)/125/351(3)/352 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया है।

किसान को पीटकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। गालियां देने के विरोध पर लखीमपुर के गांव भानपुरी के किसान राजेश कुमार की पिटाई कर घायल कर दिया गया। जान से मारने की धमकी दी गई। हजारा पुलिस ने राजेश की ओर से गांव टाटरगंज के गंगा सिंह, उसकी पत्नी मंजीत कौर और दो अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना 21 अक्तूबर की है। राजेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका खेत हजारा थाना के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में है। घटना के समय खेत की जुताई कर रहा था। खेत के पड़ोसी गंगा सिंह, उसकी पत्नी मंजीत कौर और दो अन्य ने गाली-गलौज कर खेत जोतने से मना किया। गालियां देने के विरोध पर उक्त आरोपियों ने उसकी पिटाई कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी। सीओ विधि भूषण मौर्य ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करा दी है। मामले की जांच की जा रही है।

अमरिया हत्याकांड में दो और आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजने की तैयारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



गिरफ्तार किया गये आरोपी। –जागरण मोर्चा

अमरिया। मारपीट के दौरान कुणाल श्रीवास्तव की मौत के मामले में पुलिस ने दो और वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 25 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, 12 अक्टूबर 2026 को अमरिया कस्बे में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इस दौरान लाठी-डंडों और बेसबॉल बैट से हमला किया गया, जिसमें कुणाल श्रीवास्तव की मृत्यु हो गई थी। मामले में मृतक के चाचा लन्हे की तहरीर पर 15 अक्टूबर को छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभय गुप्ता (23), पुत्र स्वर्गीय अनिल गुप्ता, और ऋषभ गुप्ता (20), पुत्र प्रदीप गुप्ता, निवासी वार्ड नंबर तीन, मैन मार्केट, अमरिया, जनपद पीलीभीत के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। शेष आरोपियों की संलिप्तता के संबंध में साक्ष्य जुटाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष अमित सिंह, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार तथा कांस्टेबल राहुल कुमार और अंकुर कुमार शामिल रहे।

सीतापुर आंख अस्पताल के 100 वर्ष पूरे होने पर गोष्ठी आयोजित, हाजी रियाजत नूर खान सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



समारोह में मौजूद लोग। –जागरण मोर्चा

पीलीभीत। सीतापुर आंख अस्पताल की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को पीलीभीत में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद भर के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर सहभागिता की। इस अवसर पर अस्पताल की संस्था के कार्यों में सहयोग करने के लिए हाजी रियाजत नूर खान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर एनके बालियान ने हाजी रियाजत नूर खान को सम्मानित कर उनके सहयोग की सराहना की। गोष्ठी में अस्पताल की सेवाओं और समाज के लिए उसके योगदान पर चर्चा की गई। सीतापुर आंख अस्पताल लंबे समय से लोगों को कम खर्च में आंखों के इलाज की सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। कम कीमत पर उपचार की सुविधा मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भी काफी राहत मिलती है। अस्पताल की सौ वर्ष की सेवा यात्रा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उसके योगदान को दर्शाती है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने अस्पताल की सेवाओं की सराहना करते हुए समाज के जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के महत्व पर जोर दिया।

विधवा की पशुशाला में लगी आग, मवेशी झुलसा

जागरण मोर्चा कार्यालय



आग से जले उपले। –जागरण मोर्चा

घुंघचाई/पूरनपुर। विधवा महिला की पशुशाला में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से पशुशाला में बंधा मवेशी झुलस गया, महिला ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कराकर उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। घुंघचाई क्षेत्र के गांव लुकटिहाई निवासी राजकुमारी विधवा महिला है। उसके घर के पास में उसकी पशुशाला वनी हुई है। रविवार को पशुशाला में अचानक आग लग गई। आग लगते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। पशुशाला से आग की लपटें उठती देख कई लोग मौके पर पहुंच गए और निजी संसाधनो से आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। वमुश्किल लोगों ने आग पर काबू पाया। पशुशाला में बंधा मवेशी भी आग की चपेट में आकर झुलस गया। आग लगने से पशुशाला में रखे उपले और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना में महिला को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। विधवा होने के कारण महिला के लिए इस नुकसान की भरपाई करना मुश्किल बताया जा रहा है। घटना के बाद पीड़ित महिला ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है। महिला का कहना है कि आग से हुए नुकसान की भरपाई के लिए उसे सरकारी मदद की आवश्यकता है। उसने संबंधित अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर नुकसान का आकलन कराने और नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की है।

बिजली चेकिंग के दौरान टीम से मारपीट और अभद्रता

पूरनपुर। बिजली चेकिंग और बकाया बिजली बिल के दौरान बिजली विभाग की टीम के साथ मारपीट और अभद्रता की गई। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा शुरू हो गई है। बिजली विभाग की टीम जादोपुर गहलुइया गांव में बिजली कनेक्शनों की जांच करने पहुंची थी। अभियान के दौरान टीम को बिजली चोरी से संबंधित मामलों की जांच करने के साथ ही बकाया बिजली बिलों की वसूली भी करनी थी। विभाग की ओर से चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत टीम गांव में उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शनों और बिलों की जांच कर रही थी। इसी दौरान चेकिंग को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है। आरोप है कि कुछ लोगों ने बिजली विभाग की टीम के सदस्यों के साथ अभद्रता शुरू कर दी। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और टीम के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई।

दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को जान से मारने की कोशिश की गई। इसके बाद घर से निकाल दिया। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव हरीपुर ता. चांदपुर निवासी मानसी ने बताया कि बर्ष 2022 में लखनऊ के थाना मानकनगर के रामनगर आलम बाग निवासी सुमित बाजपेई के साथ उसका विवाह हुआ था। मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि ससुराली दिए गए दहेज से खुश नही थे। उन्होंने अतिरिक्त दहेज में बीस लाख रुपये की नकदी व चार पहिया वाहन की मांग शुरु कर दी। मांग पूरी ना होने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप मारपीट कर प्रताड़ित किया जाने लगा। 28-8-2026 को एक राय होकर ससुरालियों ने उसको जान से मारने की नीयत से मारा पीटा। इसके बाद गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। इसके बाद उसको घर से निकाल दिया। इसके बाद लोगो ने समझाया इस पर विवाहिता दोबारा ससुराल गई। इसके फिर से उसको आए दिन मारपीट कर प्रताडित करना शुरु कर दिया। आरोप है कि धोखाधडी कर उसका माल जेवर हडप लिया। आल्मारी का ताला तोडकर सामान चोरी कर लिया। इसके बाद मारपीट कर घर से भगा दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की तहरीर पर पुलिस ने पति सुमित, पराग, प्रीति मिश्रा, तनवय मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है।

रंजिश और अवैध कब्जा करने के विरोध पर हुई मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। गांव गोपालपुर में रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। अन्य मामले में अवैध कब्जा करने के विरोध पर महिला को पीट दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी शना बेगम ने वताया कि गांव निवासी रियासतुल्ला से दो माह पहले विवाद हुआ था। इसी को लेकर वह रंजिश रखने लगा, 22 अक्तूबर को दोपहर करीब एक बजे वह अपने घर का फैंकने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में गांव निवासी रियासतुल्ला आया और उसका रास्ता रोककर खडा हो गया। इसके बाद वह महिला से गाली गलौच कर अभद्रता करने लगा,विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करना शूरु कर दिया। महिला जान बचाकर अपने घर को भाग कर आई। आरोप है कि इसके बाद आरोपी रियासतुल्ला, मैशर जंहा, भूरी उसके घर में घुस आए और महिला को मारा पीटा। बचाने आई मां को भी पीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि उसको गांव से भगाने की धमकी दी जा रही है। गांव से ना भागने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक अन्य मामले में गोपालपुर निवासी मनीषा बी ने वताया कि उसके घर के पास तालाब है। वंहा पर उसकी जगह है। 22 अक्टूबर को गांव निवासी बडेलल्ला, अहईनूमा, तहसीम, सन्नी कब्जा करने लगे, मना करने पर गाली गलौच कर लात घूंसो से मारा पीटा। इसके बाद जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

धर्मकर्म आज कथा के पहले दिन डीएम एसपी रहेंगे मौजूद, रेनू राज, शालिनी, शिवानी जायसवाल को मिली बड़ी जिम्मेदारी

कलशयात्रा के साथ नूरानपुर में श्रीराम कथा प्रारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिलसंडा के गांव नूरानपुर में राम कथा से पूर्व कलश यात्रा निकलती हुई महिलाएं।

बिलसंडा। दियोरिया कलां।कल सोमवार से नूरानपुर मठ पर होने वाली भव्य श्रीराम कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।इसके लिए शाहजहांपुर से मंगाया गया भव्य पंडाल भी तैयार हो गया।कथा से पूर्व रविवार को सैकड़ों महिलाओं द्वारा कलशयात्रा निकाली गई।जिसके लिए बिलसंडा निवासी उप्र.महिला मोर्चा की अध्यक्ष शिवानी जायसवाल,जिला पंचायत सदस्य रेनू राज,सभासद शालिनी जायसवाल को मठ के महंत योगी हनुमान नाथ महराज द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई थी।सभी महिलाओं ने एक टीम बनाकर आधा दर्जन गांवों में घर घर जाकर रामकथा एवं कलशयात्रा में शामिल होने को महिलाओं को आमंत्रण दिया था। सीएम के दौरे को लेकर उप्र. उद्योग व्यापार मंडल जिला महामंत्री अवनीश जायसवाल को खान पान की व्यवस्था सौंपी गई। नूरानपुर के शिव मंदिर गोरक्ष पीठ आश्रम में कथा व्यास पूज्य श्री अंजनी शरण महाराज द्वारा भक्तों को कथा का रसपान कराया जाएगा।आगामी 3 नवंबर को कथा के समापन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यहां पहुंचेंगे।कथा आयोजन को लेकर मंदिर प्रांगण में पंडाल लाइट आदि की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जा रही है।नवागत एसडीएम बीसलपुर प्रमेश कुमार ने आश्रम परिसर पहुंच कर परिस्थितियों का जायजा लिया।इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता कुंवर महीप सिंह चंदेल,कमेटी के अध्यक्ष अक्षत सिंह चंदेल,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने भी मंदिर प्रांगण में आयोजकों संग बैठक कर दिशा निर्देश दिए।

कलशयात्रा के लिए मंगाए गए थे 500 कलश

नूरानपुर।गोरक्ष पीठ आश्रम शिव मंदिर के महंत योगी हनुमान नाथ ने बताया कि श्रीराम कथा से पूर्व रविवार को पीत वस्त्र धारण कर सैकड़ों महिलाएं कलशयात्रा निकाली गई जिसमें आसपास गांव से महिलाएं शामिल हुईं।यात्रा आश्रम प्रांगण से प्रारंभ होकर गांव नूरानपुर से पकडिया बिंदुआ,बडागांव होते हुए खामघाट पहुंची।यहां वह रही माला नदी से लगभग 500 कलशों में जल भरकर कथा स्थल पर लाकर स्थापित किया गया।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



भारतीय महिला टीम ने 121 रन से जीता मैच: दूसरे वनडे में जिम्बाब्वे 207 पर ऑलआउट

जागरण मोर्चा कार्यालय

वडोदरा। भारत ने दूसरे वनडे में जिम्बाब्वे को 121 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। वडोदरा में खेले गए मुकाबले में हरमनप्रीत कौर (126) और दीप्ति शर्मा (नाबाद 106) के शतकों की बदौलत भारत ने छह विकेट पर 328 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 207 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने टी20 सीरीज में भी जिम्बाब्वे का 3-0 से सफाया किया था।

हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा के शानदार शतकों के बाद बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा की घातक गेंदबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने जिम्बाब्वे को दूसरे वनडे मुकाबले में 121 रन से हरा दिया। रविवार को बीसीए स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 328 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 48.5 ओवर में 207 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में भी 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। नोमवेलो सिबांडा ने पारी के पहले ही ओवर में स्मृति मंधाना को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद शेफाली वर्मा भी आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। इस समय भारत का स्कोर 19 रन पर दो विकेट था।



मुश्किल स्थिति में हरमनप्रीत कौर और प्रतिका रावल ने पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी कर टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। प्रतिका ने 67 गेंदों पर 61 रन बनाए, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल रहे। वह 23वें ओवर में आउट हुईं।

इसके बाद तेजल हसबनीस सिर्फ तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। हालांकि, दूसरे छोर पर हरमनप्रीत ने शानदार बल्लेबाजी जारी रखी और दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर भारतीय पारी को मजबूती दी। हरमनप्रीत ने 121 गेंदों पर 126 रन बनाए। उनकी पारी में 15 चौके शामिल रहे। उन्होंने मैदान के ऑफ साइड में बेहतरीन ड्राइव और कट शॉट लगाए। यह हरमनप्रीत के वनडे करियर का आठवां शतक रहा। हरमनप्रीत और दीप्ति शर्मा ने पांचवें विकेट के लिए 153 रन जोड़े। यह भारतीय महिला टीम की ओर से वनडे में पांचवें या उससे निचले विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है। दोनों ने स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर के 2022 वनडे विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ बनाए गए 122 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। दीप्ति ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 86 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाए। उनकी पारी में 15 चौके शामिल रहे। उन्होंने पारी के अंतिम ओवर में चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। यह दीप्ति का वनडे करियर का दूसरा शतक और 2017 के बाद इस प्रारूप में उनका पहला शतक रहा।

दीप्ति ने एक और खास उपलब्धि अपने नाम की। वह वनडे क्रिकेट में छठे या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। उनका 83 गेंदों में पूरा किया गया शतक भारतीय महिला बल्लेबाजों के वनडे इतिहास में पांचवां सबसे तेज शतक भी रहा। भारत की ओर से ऋचा घोष सात रन बनाकर आउट हुईं। इसके बावजूद दीप्ति ने अंत तक टिककर बल्लेबाजी की और टीम को 50 ओवर में छह विकेट पर 328 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया।

329 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम ने शुरुआत में भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश की। मोडेस्टर मुपाचिक्वा और लॉरिन फिरी ने पहले विकेट के लिए 38 रन जोड़े। इसके बाद चिपो मुगेरि-तिरिपानो ने मुपाचिक्वा का साथ दिया और दूसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी की। मुपाचिक्वा ने 49 रन बनाए, जबकि चिपो ने 46 रन की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने कुछ आकर्षक शॉट लगाकर जिम्बाब्वे की उम्मीदें बनाए रखीं। हालांकि, भारतीय गेंदबाजों ने मध्य ओवरों में वापसी की और लगातार विकेट चटकाकर मुकाबले का रुख बदल दिया। भारत की जीत में युवा बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा की भूमिका अहम रही। आराम दिए जाने के कारण क्रांति गौड़ की जगह प्लेइंग इलेवन में शामिल की गईं वैष्णवी ने अपने 10 ओवर में 39 रन देकर चार विकेट लिए।

आईपीएल 2027 में खेलेंगे धोनी? माही ने दिया बड़ा अपडेट

जागरण मोर्चा कार्यालय

नई दिल्ली: चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के IPL 2027 में खेलने को लेकर फैंस के बीच लंबे समय से सवाल बने हुए हैं। क्या माही अगले सीजन में मैदान पर वापसी करेंगे या उनका आईपीएल करियर खत्म हो चुका है? अब धोनी ने इस सवाल पर अपना रुख स्पष्ट किया है। उन्होंने संकेत दिया है कि अगले सीजन में खेलने का फैसला उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। इसके लिए उन्हें मेडिकल जांच करानी होगी और दिसंबर से पहले अपनी शारीरिक क्षमता का आकलन करना होगा।



धोनी आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में गिने जाते हैं। उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स पांच बार आईपीएल का खिताब अपने नाम कर चुकी है। हालांकि, चोट और फिटनेस संबंधी समस्याओं के चलते वह IPL 2026 के पूरे सीजन में नहीं खेल पाए थे। उनकी गैरमौजूदगी में चेन्नई का प्रदर्शन भी उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और टीम लगातार तीसरे सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गई।

बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान धोनी से IPL 2027 में उनकी संभावित वापसी को लेकर सवाल किया गया। इस पर उन्होंने बताया कि वह पहले अपनी मेडिकल जांच कराएंगे। इसके बाद रिपोर्ट के आधार पर यह तय करेंगे कि उनका शरीर एक और आईपीएल सीजन खेलने के लिए कितना तैयार है। धोनी के मुताबिक, उन्हें जांच से गुजरना होगा और रिपोर्ट का आकलन करना होगा। दिसंबर से पहले वह अपनी फिटनेस की स्थिति समझने की कोशिश करेंगे, ताकि अगले सीजन में खेलने को लेकर उचित फैसला ले सकें। उन्होंने अपनी शारीरिक स्थिति की तुलना एक पुरानी विंटेज कार से करते हुए कहा कि अगर वह पर्याप्त फिट नहीं हैं, तो यह सुनिश्चित करना जरूरी होगा कि सब कुछ सही तरीके से किया जाए, ताकि यह पुरानी गाड़ी सड़क पर अच्छी तरह चलती रहे। महेंद्र सिंह धोनी IPL 2026 में चोट और फिटनेस संबंधी दिक्कतों के कारण मैदान पर नहीं उतर सके थे। उनकी अनुपस्थिति चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बड़ा झटका साबित हुई। पांच बार की चैंपियन टीम लगातार तीसरे सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही। आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर मौजूद धोनी का अनुभव चेन्नई के लिए हमेशा अहम रहा है। उनकी मौजूदगी न केवल टीम के प्रदर्शन, बल्कि प्रशंसकों के उत्साह के लिहाज से भी महत्वपूर्ण मानी जाती है। IPL 2026 में नहीं खेलने के बाद धोनी के संन्यास को लेकर अटकलें तेज हो गई थीं। हालांकि, चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से समय-समय पर इन चर्चाओं को खारिज किया जाता रहा है। अब धोनी के ताजा बयान ने IPL 2027 में उनकी वापसी की उम्मीदों को फिर हवा दे दी है। फिलहाल, उनके अगले सीजन में खेलने को लेकर अंतिम फैसला फिटनेस जांच और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर ही होगा। ऐसे में चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस की निगाहें दिसंबर से पहले आने वाले अपडेट पर टिकी रहेंगी।

नीतिश-तिलक का तूफान, आखिरी ओवर में भारत ने न्यूजीलैंड से छीनी जीत; सीरीज में 2-0 की बढ़त

जागरण मोर्चा कार्यालय

क्राइस्टचर्च। तिलक वर्मा के बल्ले से निकले तूफान ने न्यूजीलैंड के जबड़े से जीत छीन ली। भारत ने दूसरे टी20 मुकाबले में मेजबान टीम को एक गेंद शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। तिलक वर्मा (नाबाद 51) के बेहतरीन अर्धशतक और उनकी नीतीश कुमार रेड्डी (नाबाद 26) के साथ सातवें विकेट के लिए 69 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की बदौलत भारत ने न्यूज़ीलैंड को दूसरे टी 20 में शनिवार को एक गेंद शेष रहते चार विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली।



भारत का यह 300वां टी 20 मुक़ाबला था लेकिन एक समय ऐसा लग रहा था कि भारत मुक़ाबले में काफ़ी पिछड़ गया है। हालांकि एक बार फिर तिलक ने अपनी बल्लेबाज़ी का शानदार परिचय दिया और नीतीश कुमार रेड्डी के साथ मिलकर 69 रनों की नाबाद साझेदारी करते हुए उन्होंने मैच को भारत की झोली में ला दिया। तिलक ने 26 गेंदों पर 51 रनों की नाबाद पारी खेली जबकि रेड्डी ने 13 गेंदों पर नाबाद 26 रन बनाए। तिलक को छह चौकों और एक छक्के से सजी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

न्यूज़ीलैंड ने पांच विकेट पर 180 रन बनाये जबकि भारत ने 19.5 ओवर में छह विकेट पर 181 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। न्यूज़ीलैंड सोच रहा होगा कि यह मैच उनके हाथों से कैसे निकल गया। मिशेल सैंटनर द्वारा नमन धीर को आउट करने के बाद, ऐसा लग रहा था कि मैच पूरी तरह से न्यूज़ीलैंड की मुट्ठी में है। उस समय भारत को आखिरी 5 ओवरों में लगभग 70 रनों की ज़रूरत थी और उनके पास केवल 4 विकेट बचे थे। साथ ही, कोई भी भारतीय बल्लेबाज़ पिच पर टिकता हुआ नज़र नहीं आ रहा था।

तिलक वर्मा ने केवल 26 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाए। उनकी पारी में छह चौके और एक छक्का शामिल रहा। दूसरी ओर, नीतीश कुमार रेड्डी ने महज 13 गेंदों पर नाबाद 26 रन ठोक दिए। पहले मैच के मुकाबले हालात अलग थे; गेंद बल्ले पर उतनी अच्छी तरह नहीं आ रही थी और आउटफील्ड पर ओस भी ज़्यादा नहीं थी। लेकिन, जैसा कि तिलक वर्मा ने अपने अब तक के छोटे से करियर में कई बार किया है, उन्होंने दबाव के बीच शानदार खेल दिखाया और मैच का रुख ही बदल दिया। उन्होंने डफी और स्मिथ के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया, जो पारी के अंतिम ओवरों में दबाव नहीं झेल पाए और अपनी गेंदबाज़ी में सही तालमेल नहीं बिठा सके।

न्यूज़ीलैंड के लिए पावरप्ले में अपने टॉप 3 बल्लेबाजों को खोना एक बड़ा झटका था, लेकिन ग्लेन फिलिप्स (70) और बेवन जैकब्स (58) (दोनों ने अर्धशतक लगाए) के बीच 116 रनों की शानदार साझेदारी ने मेज़बान टीम की पारी को संभाल लिया। उन्होंने शुरुआत में संभलकर खेला, तेजी से रन दौड़े और कोई और विकेट नहीं गिरने दिया, जिससे 13 ओवर के बाद टीम का स्कोर 81/3 तक पहुँच गया। और फिर उन्होंने तेजी से रन बनाना शुरू किया - आखिरी 7 ओवरों में 99 रन ठोके। यह मैच उसी पिच पर खेला गया जिस पर पहला मैच हुआ था, इसलिए पूरे मैच के दौरान गेंद के उछाल में थोड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। गेंद अक्सर बल्ले के निचले हिस्से (टो एंड) पर लग रही थी, और शॉर्ट गेंदों पर भी बल्लेबाज़ ठीक से शॉट नहीं लगा पा रहे थे।

लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन (14), वैभव सूर्यवंशी (4), अभिषेक शर्मा (27), श्रेयस अय्यर (7) और अक्षर पटेल (11) को सस्ते में गंवाया। हालांकि नमन धीर ने तीन छक्के लगाकर 31 रन बनाये लेकिन उनके आउट होने से भारत को गहरा झटका लगा। नमन का विकेट 112 के स्कोर पर गिरा। इसके बाद तिलक ने अपनी आतिशी अर्धशतकीय पारी से भारत की रोमांचक जीत की कहानी लिखी। भारत ने आखिरी 4.5 ओवरों में 68 रन बटोरे। न्यूजीलैंड के लिए यह हार निराशाजनक रही, क्योंकि एक समय मुकाबला उसके नियंत्रण में था। लेकिन तिलक और नीतीश की आतिशी बल्लेबाजी ने पूरी कहानी बदल दी। भारत ने न सिर्फ मैच जीता, बल्कि पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की मजबूत बढ़त भी हासिल कर ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे टी20 मुकाबले में मेजबान टीम ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 180 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स और बेवोन जैकब्स के शानदार अर्धशतकों की बदौलत न्यूजीलैंड ने भारत के सामने 181 रन का लक्ष्य रखा। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 116 रन की अहम साझेदारी कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

मुंबई इंडियंस ने कीरोन पोलार्ड को बनाया हेड कोच

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुंबई। पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2027 सत्र से पहले वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला कीरोन पोलार्ड को टीम का मुख्य कोच बनाया है। पोलार्ड पिछले कुछ सत्र से टीम के बल्लेबाजी कोच थे। वह महेला जयवर्धने के जाने के बाद मुख्य कोच का पद संभालेंगे। वेस्टइंडीज के पूर्व धाकड़ ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड को टीम का नया मुख्य कोच बनाया गया है। पोलार्ड इससे पहले मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अब वह महेला जयवर्धने के जाने के बाद टीम की कमान संभालेंगे।



मुंबई इंडियंस ने अपने आधिकारिक बयान में पोलार्ड की नियुक्ति की जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने कहा कि यह फैसला टीम की विरासत को आगे बढ़ाने, खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने और टीम की संस्कृति को मजबूत करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। मुंबई इंडियंस ने एक बयान में कहा ,'' मुंबई इंडियंस को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि कीरोन पोलार्ड टीम के मुख्य कोच होंगे। यह टीम की विरासत बनाने के प्रति मुंबई इंडियंस की प्रतिबद्धता का परिचायक है। हम मैदान पर और उसके बाहर प्रतिभाओं के विकास और अपनी टीम संस्कृति मजबूत करने के लिये काम करते रहेंगे।'' इसमें आगे कहा गया, ''उनका नेतृत्व मुंबई इंडियंस के सबसे सफल वर्षों का हिस्सा रहने के अनुभव पर आधारित होगा और साथ ही इसमें टीम के अगले अध्याय को आकार देने की महत्वाकांक्षा भी शामिल होगी।''



महंगाई: कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से सोने-चांदी के सामने नई चुनौतियां

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच सोने और चांदी पर दबाव बना हुआ है। अब निवेशकों की नजरें अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 27-28 अक्तूबर की बैठक और उसके नीतिगत फैसलों पर टिकी हैं। इससे यह संकेत मिल सकता है कि क्या ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रहेंगी या नहीं।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई की चिंताओं को फिर से हवा दे दी है। विश्लेषकों का कहना है कि अगले हफ्ते सोने और चांदी को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, अमेरिकी फेडरल रिजर्व का नीतिगत फैसला यह तय कर सकता है कि सोने-चांदी की कीमतें स्थिर होंगी या उनमें और गिरावट आएगी। बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और डॉलर के मजबूत होने से पहले ही दबाव झेल रही इन कीमती धातुओं की नजरें अब फेडरल रिजर्व की 27-28 अक्तूबर की बैठक और उसके चेयरमैन के बयानों पर टिकी हैं। इससे यह संकेत मिल सकता है कि क्या ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रहेंगी या नहीं। इसके अलावा, यूरोपीय सेंट्रल बैंक और बैंक ऑफ जापान के नीतिगत फैसलों पर भी नजर रहेगी। साथ ही, अमेरिका के 'ड्यूरेबल गुड्स' (टिकाऊ वस्तुओं) के ऑर्डर, उपभोक्ता विश्वास, 'पर्सनल कंजम्पशन एक्सपेंडिचर' (पीसीई) महंगाई और तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों पर भी सबकी निगाहें होंगी। विश्लेषकों ने कहा कि यूरोजोन में महंगाई के आंकड़े, अमेरिका के मध्यावधि चुनावों से जुड़े घटनाक्रम, रूस-यूक्रेन शांति वार्ता और पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष भी महत्वपूर्ण बने रहेंगे।



जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No .UPHIN2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।